पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-333 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए

**सार संक्षेप**

### 5 बार मुख्यमंत्री रहे करुणाकरन की बेटी भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, दल बदल का खेल भी तेज होता जा रहा है। भाजपा इस खेल में सबसे ज्यादा पसंदीदा पार्टी बनी हुई है। इसी कडी में कांग्रेस के दिग्गज नेता व केरल के पांच बार के मुख्यमंत्री रहे करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भी भाजपा में शामिल हो गईं। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री व केरल चुनाव प्रभारी प्रकाश जावडेकर ने पद्मजा को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

### राशन कार्ड का इस्तेमाल एड्रेस प्रूफ के रूप में नहीं : हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि राशन कार्ड को अपने घर के एड्रेस डॉक्यूमेंट के रूप में इस्तेमाल ना करें। यह पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के तहत राशन प्राप्त करने वाला दस्तावेज है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने राशन कार्डों पर पते के विवरण के लिए सत्यापन तंत्र की कमी पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि उचित कीमत पर सभी नागरिकों को राशन उपलब्ध कराने की दिशा में यह स्थिति आड़े आ सकती है। कोर्ट ने यह फैसला कठपुतली कॉलनी के लोगों की याचिकाओं पर सुनाया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने महिला दिवस की शुभकामनाएं दी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों विशेष रूप से महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने गुरुवार को अपने संदेश में कहा, यह दिवस महिलाओं की उपलब्धियों के सम्मान , महिला पुरुष समानता और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरुकता बढाने के लिए समर्पित है।

### देश भर में 400 सीटों पर भाजपा को हराएगा 'इंडिया'



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडिया समूह भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में देश में 400 सीटों पर हराएगा। प्रयागराज में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हटाना होगा

### सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर पर ईडी का छापा

**कानपुर।** जेल में बंद कानपुर के सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। दोनों भाई जेल में बंद हैं।

# एसबीआई के खिलाफ लगाई अवमानना याचिका

## याचिका में बैंक पर जानबूझकर जानकारी साझा नहीं करने का आरोप लगाया गया

**चुनावी बॉन्ड मामला**



- सुप्रीम कोर्ट ने शीघ्र सुनवाई पर सहमति जताई
- एडीआर ने लगाई है अवमानना याचिका

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि 'चुनावी बॉन्ड' संबंधी सभी विवरण छह मार्च तक चुनाव आयोग के पास नहीं जमा कराने पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के खिलाफ दायर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की अवमानना याचिका पर शीघ्र सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।

श्री भूषण ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान पीठ के समक्ष दलील देते हुए शीर्ष अदालत के आदेश की अवमानना याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार लगाई थी। एडीआर ने अपनी याचिका में एसबीआई पर जानबूझकर जानकारी साझा नहीं करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को अपने फैसले में राजनीतिक दलों को चंदा देने की इस योजना (चुनावी बॉन्ड) को अपारदर्शी और असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया था।

#### छह मार्च तक का समय दिया था

संविधान पीठ ने अपने फैसले में चुनावी बॉन्ड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों समेत अन्य संबंधित सभी विवरण (एसबीआई बॉन्ड से संबंधित) छह मार्च 2024 तक चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश एसबीआई को दिया था। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने एसबीआई से प्राप्त उन जानकारियों को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर डालने का भी निर्देश दिया था। इस बीच एडीआर की याचिका से पहले एसबीआई ने कुछ व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक आवेदन देकर गुहार लगाई थी कि उसे 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का विवरण सार्वजनिक करने के लिए 30 जून 2024 तक समय दिया जाए।

#### सीमा बढ़ाने की गुहार लगाई थी

चुनावी बॉन्ड बेचने वाले बैंक 'एसबीआई' ने डिकोडिंग अभ्यास और शीर्ष अदालत द्वारा इसके लिए तय की गई समयसीमा के साथ कुछ व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए समय सीमा बढ़ाने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत के समक्ष एक आवेदन के जरिए एसबीआई की ओर से कहा गया है कि 12 अप्रैल 2019 से फैसले की तारीख यानी 15 फरवरी 2024 के बीच विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए 22,217 चुनावी बॉन्ड का इस्तेमाल किया गया था। एसबीआई ने शीर्ष अदालत से कहा है कि भुनाए गए बॉन्ड प्रत्येक चरण के अंत में सीलबंद लिफाफे में अधिकृत शाखाओं द्वारा मुंबई मुख्य शाखा में जमा किए गए थे। इस तथ्य के साथ कि दो अलग-अलग सूचना साइलो मौजूद हैं। इसका मतलब यह है कि कुल 44,434 सूचना सेटों को डिकोड, संकलित और तुलना करना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने एकनाथ शिंदे का आग्रह ठुकराया

#### याचिका को बॉम्बे हाई कोर्ट में स्थानांतरित करने का किया था आग्रह

*__नई दिल्ली।__ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके विधायकों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना-यूबीटी गुट की याचिका को बॉम्बे उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का आग्रह किया, लेकिन शीर्ष अदालत ने उनका अनुरोध खारिज कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ शिव सेना-यूबीटी नेता सुनील प्रभु द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नारवेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने फैसले में कहा था कि सीएम शिंदे के नेतृत्व वाला समूह ही असली 'शिवसेना' है।*

# कांग्रेस ने पांच गारंटियों का किया ऐलान



**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

- बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा में की घोषणाएं
- पेपरलीक के खिलाफ नया कानून लाया जाएगा

**बांसवाड़ा,** 7 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों का मुकाबला करने के लिए देश में तीस लाख लोगों को नौकरी देने, पहली बार में ही स्थाई नौकरी, पेपर लीक के खिलाफ नया कानून लाने सहित पांच गारंटियों की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा में ये घोषणाएं की। राहुल गांधी ने कहा कि देश में 30 लाख सरकारी रिक्त पद हैं, लेकिन मोदी सरकार भर नहीं रही है लेकिन अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो सबसे पहला कदम तीस लाख लोगों को नौकरी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह सब युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा और इसके तहत प्रत्येक कॉलेज ग्रेजुएट या डिप्लोमाधारी को पहली नौकरी पक्की होगी। प्रशिक्षुओं को एक लाख रुपए भी मिलेंगे। उन्होंने तीसरी गारंटी का ऐलान करते हुए कहा कि पेपरलीक के खिलाफ नया कानून लाया जाएगा और इसके तहत परीक्षा दिलावाने का तरीका बदला जाएगा और परीक्षाएं सरकारी संस्था ही करेगी और पेपरलीक हो गया तो ऐसी सख्त कानूनी कार्रवाई होगी ताकि दूसरी बार पेपर लीक नहीं होगा। उन्होंने पांचवीं गारंटी की घोषणा करते हुए कहा कि पांच हजार करोड़ रुपए का स्टार्टअप के लिए एक कोष बनाया जाएगा और यह हर जिले के लिए होगा।

**बख्शी स्टेडियम में मोदी बोले**

# जम्मू कश्मीर अब खुल कर सांस ले रहा है

■ **सुरेश एस डुग्गर**



- युवाओं की प्रतिभा का पूरा सम्मान हो रहा

**जम्मू,** 7 मार्च (देशबन्धु)। पांच सालों के बाद कश्मीर आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच बख्शी स्टेडियम में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा की जम्मू कश्मीर अब एक नई ऊंचाइयों को छूने के साथ ही खुलकर सांस ले रहा है। उनका दावा था कि यह धारा 370 हटने के बाद हुआ। वे विपक्ष पर वार करते हुए कहते थे कि दशकों तक कांग्रेस और उसके साथियों ने 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। इससे फायदा जम्मू-कश्मीर को था या सिर्फ कुछ राजनीतिक परिवारों को था, यह आज जनता जान चुकी है। आज 370 नहीं है इसलिए यहां युवाओं की प्रतिभा का पूरा सम्मान हो रहा है, उन्हें नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का उदघाटन भी किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- धरती के स्वर्ग पर आने का एहसास शब्दों से परे है। यह वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। उन्होंने कश्मीर से भाजपा को जोड़ते हुए कहा कि यहां झीलों में कमल खिलता है और भाजपा का चिह्न भी कमल ही है। जम्मू कश्मीर से भाजपा का नाता सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लोगों को गुमराह कर रहे थे।

# इंडिया गठबंधन में शामिल हो सकते हैं चिराग!

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**



- चिराग को 10 सीटों का प्रस्ताव दिया गया
- 8 सीटें बिहार और 2 सीटें उत्तर प्रदेश की

**नई दिल्ली**, 7 मार्च (देशबन्धु)। बिहार में एनडीए गठबंधन को झटका लग सकता है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास गुट के मुखिया चिराग पासवान इंडिया गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। उन्हें 10 लोकसभा सीटों का प्रस्ताव दिया गया है। इसमें 8 सीटें बिहार और 2 सीटें उत्तर प्रदेश की है। बतादें कि बिहार में लोजपा पहले ही दो फाड हो चुकी है। एक गुट चिराग पासवान के पास हैं और दूसरा गुट की अगुवाई उनके चाचा चाचा पशुपति कुमार पारस कर रहे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में लोजपा रामविलास पासवान के नेतृत्व में अविभाजित थी और उसे 6 लोकसभा सीटें दी गई थी। उसने सभी सभी सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन रामविलास की मौत के बाद पार्टी विभाजित हो गई और पांच सांसद पारस के साथ चले गए। इस बार भी भाजपा पुराने फार्मूले के तहत दोनों गुटों को मिलाकर 6 सीटों का प्रस्ताव दिया हैं। जिस पर चिराग पासवान तैयार नहीं हैं। इस बीच इंडिया गठबंधन ने उन पर डोरा डालना शुरू कर दिया है। सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा ने अगर चिराग पासवान को कम से कम 3 लोकसभा सीटें नहीं दी तो वे एनडीए से अलग हो सकते हैं। उनकी नाराजगी साफ देखी जा सकती है। खुद को प्रधानमंत्री का हनुमान बताने वाले चिराग इन दिनों प्रधानमंत्री की रैलियों से दूरी बना लिए हैं। भाजपा फिलहाल असमंजस में हैं। माना जा रहा है कि अगर भाजपा ने चिराग की मांग नहीं मानी तो वे इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन सकते है।

### धनबाद से चुनाव लड़ सकते हैं पवन सिंह

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा 195 उम्मीदवारों की पहली सूची पहले ही जारी कर चुकी है। अब दूसरी सूची की तैयारी हो रही है। पहली सूची में भाजपुरी स्टार पवन सिंह का नाम पश्चिम बंगाल के आसनसोल लोकसभा सीट के लिए घोषित किया गया था। लेकिन आसनसोल से उन्होंने चुनाव लडने से इनकार कर दिया था। अब माना जा रहा है कि उन्हें पार्टी धनबाद से उम्मीदवार बना सकती है।

**मोदी मंत्रिमंडल ने लिया फैसला**

# केंद्रीय कर्मचारियों का चार फीसदी डीए बढ़ा



- उज्वला योजना की सब्सिडी एक साल और मिलेगी

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने पीएम उज्वला योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी की समय सीमा को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के डियरनेस एलोवेंस (डीए) को और पेंशनधारकों के डियरनेस रिलीफ(डीआर) में 1 जनवरी 2024 से चार फीसदी की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उज्जवला योजना के तहत दी जाने वाली 300 रुपये की सब्सिडी की समय सीमा को 31 मार्च 2025 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। पीयूष गोयल ने बताया कि आज कैबिनेट बैठक में छह फैसलों पर मुहर लगी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि आज कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाती है, जिसकी अवधि 31 मार्च 2024 तक तक थी उसे 1 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। अब 300 रुपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी का लाभ एक वर्ष में 12 सिलेंडर की सीमा तक 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मिलेगा।

#### कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया

इसके साथ ही कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाया गया है। इसमें 285 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के डियरनेस एलोवेंस (डीए) को और पेंशनधारकों के डियरनेस रिलीफ(डीआर) में 1 जनवरी 2024 से चार फीसदी की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है।

# दिल्ली वालों को मिलती रहेगी मुफ्त बिजली



- बिजली पर सब्सिडी को 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया
- केजरीवाल की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में फैसला

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार ने दिल्लीवालों को बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी को 31 मार्च 2025 बढ़ाने का निर्णय लिया है जिसके तहत 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स कर कैबिनेट के फैसले की गुरुवार को जानकारी देते हुए कहा, दिल्ली के लोगों को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आपकी 24 घंटे बिजली (जीरो पॉवर कट) और फ्री बिजली 31 मार्च 2025 तक के लिए बढ़ा दी गई है। इसमें वकील भाइयों के चैम्बर की भी फ्री बिजली शामिल है। उन्होंने कहा, बिजली सब्सिडी को लेकर कई लोगों के मन में संशय था कि अगले साल मिलेगी या नहीं मिलेगी? मैं आपको बता दूं कि इन लोगों ने तो इसे रोकने की पूरी कोशिश की। लेकिन आपके बेटे ने ये काम भी करवा ही लिया। आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि 24 घंटे बिजली और फ्री बिजली केवल दिल्ली और पंजाब में मिलती है। बाक़ी पूरे देश में लंबे लंबे पॉवर कट लगते हैं और हज़ारों रुपये के बिजली बिल भरने पड़ते हैं। क्योंकि दिल्ली में ईमानदार और पढ़े लिखे लोगों की सरकार है।

# लश्कर-ए-तैयबा का सदस्य मोहम्मद कासिम आतंकवादी घोषित

**गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी जानकारी**

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक बडा कदम उठाते हुए लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान को आतंकवादी घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम,1967 की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (ए) के तहत किया है। मोहम्मद कासिम विभिन्न आतंकी हमलों और बम विस्फोटों शामिल रहा है। वह अपनी आतंकी गतिविधियों के चलते कई लोगों की मौत का जिम्मेदार है। मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से घोषणा की कि जम्मू के रियासी जिले के अंगराला का 32 वर्षीय स्थायी निवासी मोहम्मद कासिम देश के खिलाफ युद्ध छेडने की साजिश रचता रहा ह।

**रिपोर्ट** *राजनीतिक दलों की 59 फीसदी से अधिक राशि अज्ञात स्रोतों से मिली*

# राष्ट्रीय पार्टियों को अज्ञात स्रोतों से मिले 1832 करोड़

**नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसियां)। चुनावी बॉन्ड का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। इसी मामले के बीच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें राष्ट्रीय पार्टियों के फंडिंग के स्रोतों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2022-23 के बीच सभी राष्ट्रीय दलों ने अज्ञात स्रोतों से 19,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय एकत्र की है।**

एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चुनाव आयोग को दायर की गई दलों की ऑडिट और दान रिपोर्ट के विश्लेषण से साफ जाहिर है कि काफी हद तक धन के स्रोत अज्ञात हैं। वर्तमान में राजनीतिक दलों को रु 20,000 से कम की दान राशि के दानदाताओं का विवरण घोषित करना आवश्यक नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, राजनीतिक दलों की 59 फीसदी से भी अधिक राशि अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त हुई है जिसमें चुनावी बॉन्ड्स भी शामिल है। जून 2013 में केंद्रीय सूचना



आयोग (सीआईसी) के फैसले के कारण राष्ट्रीय दलों को आरटीआई के तहत लाया गया था, लेकिन इन दलों ने इस निर्णय का पालन नही किया है। मौजूदा कानून के तहत केवल आरटीआई से ही जनता को सारी जानकारी प्राप्त हो सकती है। राजनीतिक दलों को रु 20,000 से अधिक के दान देने वाले दानदाताओं का विवरण चुनाव आयोग को वार्षिक जमा करना आवश्यक है। दान रिपोर्ट में दलों को दान देने वाले दानदाता का नाम, पता, पैन, राशि और भुगतान का माध्यम आदि जानकारी देनी होती है। यह दलों के आय का एकमात्र ज्ञात स्त्रोत है। अज्ञात स्त्रोतों की जानकारी दलों द्वारा घोषित आयकर विवरण से लिया जाता है। 20,000 रुपये से कम दान का विवरण ना ऑडिट रिपोर्ट में और ना ही दान रिपोर्ट में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है। इन दानों को अज्ञात स्रोत माना जाता है।

एडीआर ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2022-23 के बीच सभी राष्ट्रीय दलों ने अज्ञात स्त्रोतों से कुल मिलाकर रु. 19,083.08 करोड़ की आय एकत्र की है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भाजपा ने अज्ञात स्त्रोंतों से रु. 1400.2398 करोड़ की आय घोषित की है। यह आंकड़ा सभी राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित अज्ञात राशि (रु 1832.8788 करोड़) का 76.396 फीसदी है।

# देश

उवाच

“ हम कम से कम 22 सीटें जीतेंगे। यह 23 तक भी जा सकता है। असम में हम 11 या 12 सीटें जीतेंगे, चुनाव में अब कोई मुकाबला नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 सीटें मिलेंगी: **हिमंत बिस्वा, मुख्यमंत्री असम**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.4 | 08.8 |
| मुंबई | 33.5 | 19.0 |
| कोलकाता | 26.2 | 20.6 |
| चेन्नई | 32.3 | 24.3 |

# भारतीय संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में संरक्षित है: मुर्मू

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केंद्रीय संस्कृत विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं



‘हमारे राष्ट्र की विरासत के कालातीत ज्ञान में, संस्कृत आध्यात्मिक ज्ञान के प्रतीक के रूप में खड़ी है, जैसा कि वेदों और रामायण में प्रतिबिंबित होता है। इसका गहरा प्रभाव सीमाओं से परे है : द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। समारोह की शुरुआत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी द्वारा दिए गए हार्दिक स्वागत नोट के साथ हुई। उन्होंने समारोह में मौजूद सम्मानित अतिथियों, फैकल्टी सदस्यों और स्नातक छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनके प्रोत्साहन और स्वीकृति के शब्दों ने एक यादगार और प्रेरणादायक समारोह के लिए मंच तैयार किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रेरक दीक्षांत भाषण दिया। उन्होंने कहा, ‘हमारे राष्ट्र की विरासत के कालातीत ज्ञान में, संस्कृत आध्यात्मिक ज्ञान के प्रतीक के रूप में खड़ी है, जैसा कि वेदों और रामायण में प्रतिबिंबित होता है। इसका गहरा प्रभाव सीमाओं से परे है, अनगिनत भाषाओं की जड़ों का पोषण करता है।’ उन्होंने आगे कहा कि व्यापक संस्कृत साक्षरता के लिए महात्मा गांधी की वकालत आज भी गूंजती है। भारतीय संस्कृति की समृद्धि में हमारा राष्ट्रीय गौरव निहित है। संस्कृत, हमारी शाश्वत विरासत, इसके संरक्षक के रूप में कार्य करती है।

जैसा कि हम केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के उद्घाटन दीक्षांत समारोह का जश्न मनाते हैं, आइए हम उस भाषा को अपनाएं जो हमारे विविध राष्ट्र को एकजुट करता है और हमारी महिला विद्वानों को सशक्त बनाता है। आइए हम संस्कृत ग्रंथों में निहित कालातीत ज्ञान से प्रेरणा लें, जो हमें सत्य, नैतिकता और कर्तव्य की ओर मार्गदर्शन करता है। कृतज्ञता के साथ, मैं न्यू नेशनल को बढ़ावा देने में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री की सराहना करती हूं। 2020 की शिक्षा नीति, संस्कृत को केंद्र में रखकर भाषाई अन्वेषण के पुनर्जागरण की शुरुआत करती है। उनके ज्ञान और प्रोत्साहन के शब्दों ने स्नातक छात्रों, फैकल्टी सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों को प्रभावित किया, जिससे उनमें गर्व और उद्देश्य की भावना पैदा हुई और वे अपनी-अपनी यात्रा पर निकल पड़े। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति धर्मेंद्र प्रधान ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। धर्मेंद्र प्रधान में अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति में संस्कृत भाषा के गहन महत्व को रेखांकित किया और इसे सभी भाषाओं की जननी बताया।

उन्होंने संस्कृत की समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के मिशन में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों का समर्थन करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की भी सराहना की। धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणियां दर्शकों को बहुत पसंद आईं और उन्होंने समकालीन समाज में संस्कृत की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

## बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक में शामिल होने के लिए डिप्टी सीएम दिल्ली पहुंचे



**बिहार की लोकसभा सीटों पर होगा मंथन**

**पटना,** 7 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन और सीटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली मे बीजेपी कोर कमेटी की बैठक बुलाई गई । राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में गुरुवार की शाम होने वाली बैठक में बिहार की लोकसभा सीटों को लेकर मंथन होगा। इसके साथ ही साथ बिहार विधान परिषद की खाली हो रही सीटों पर उम्मीदवारों के चयन पर भी चर्चा होगी। इस बड़ी बैठक में शामिल होने के लिए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा दिल्ली रवाना हो गए हैं। दरअसल, लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है सियासी गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग किसी भी वक्त चुनाव की तारीखों का ऐलान कर देगी। ऐसे में इंडिया गठबंधन और एनडीए जल्द से जल्द सीट शेयरिंग का मामला सुलझाने में जुट गए हैं। बीजेपी ने पिछले दिनों 195 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी किया था, हालांकि इस लिस्ट में बिहार शामिल नहीं था। अब बिहार में सीट बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन को लेकर मंथन शुरू हो गया है। दिल्ली में गुरुवार को बीजेपी कोर कमेटी की बैठक बुलाई गई , जिसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावाबिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार बीजेपी के अध्यक्ष सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा मौजूद थे। माना जा रहा है कि आज शाम होने वाली इस अहम बैठक में पार्टी बिहार के उम्मीदवारों पर मंथन के साथ ही बिहार विधान परिषद में बीजेपी कोटे की खाली हुई सीटों पर उम्मीदवार तय करेगी।

सूत्रों के मुताबिक, हर लोकसभा सीट के लिए तीन-तीन उम्मीदवारों का चयन किया गया है। आज शाम होने वाली कोर ग्रुप की बैठक में तमाम नामों पर विचार करने के बाद फाइनल लिस्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी।

## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार से देश में खौफ में हैं बेटियां: लांबा



पिछले दो महीने में देश के 20 राज्यों का दौरा कर उन्होंने पाया कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हो रहे हैं और पूरे देश में बेटियां डरी हुई हैं: अलका लांबा, अध्यक्ष महिला कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (एजेंसियां)। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा है कि पिछले दो महीने में देश के 20 राज्यों का दौरा कर उन्होंने पाया कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हो रहे हैं और पूरे देश में बेटियां डरी हुई हैं। सुश्री लांबा ने गुरुवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ‘आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा अन्य लोग कल महिलाओं को बधाई देंगे। मैंने बीते 60 दिनों में देश के 20 राज्यों के दौरा किया। इस दौरान मैंने देखा कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध में वृद्धि हुई है। आज देश की बेटियां व उनका परिवार डर और खौफ में जी रहे हैं। उप्र के कानपुर में दो बच्चियों के साथ गैंगरेप हुआ, उन्होंने फांसी लगाकर जान दे दी।

अब इन बच्चियों के पिता ने भी आत्महत्या कर ली है। पूरे देश में बेटियां असुरक्षित और परेशान हैं। बीते 60 दिनों में महिला कांग्रेस की साथियों ने 20 राज्यों के दौरे किए।

उन्होंने कहा, ‘मैं चुनौती देती हूं देश की महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, महिला आयोग की अध्यक्ष तथा भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष बताए कि बीते 2 महीनों में आप किन राज्यों में गईं। आप कितनी पीड़ितों से मिलीं। कितनों को आपने न्याय दिलाया। ये तीनों महिला अपराध पर चुप हैं, क्योंकि बेटियों के साथ अपराध करने वालों को या तो सत्ता का संरक्षण प्राप्त है या फिर वे सत्ता में भागीदार हैं।’ महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने आगे कहा, ‘दस साल बाद भी निर्भया फंड का 30 प्रतिशत भी खर्च नहीं हुआ है। क्योंकि इस निर्भया फंड पर कुंडली मारकर भाजपा सरकार बैठी है, जो बेटी बचाओ का खोखला नारा देती है।’

## सार संक्षेप

### दिल्ली के कारोबारी को बदमाशों ने लूटा, विरोध करने पर मारी गोली

**पटना।** राजधानी पटना में लूट की बड़ी वारदात हुई है। दिल्ली के कारोबारी से बदमाशों ने तीन करोड़ रुपए का सोना लूट लिया है। लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने कारोबारी के बेटे को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। दिनदहाड़े लूट और गोलीबारी की घटना से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। बाइक सवार बदमाशों ने फ्रेजर रोड में इस वारदात को अंजा दिया है। दरअसल, दिल्ली से के स्वर्ण कारोबारी अपने बेटे के साथ पटना पहुंचे थे। दोनों बाप-बेटा सोने से भरा बैग लेकर डाक बंगला की तरफ जा रहे थे, तभी फ्रेजर रोड में बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका रास्ता रोक दिया और कारोबारी के बेटे से सोने से भरा बैग लुटने लगे। जब कारोबारी के बेटे ने बैग देने से इनकार किया तो बदमाशों ने उसे गोली मार दी और बदमाश सोने से भरा बैग लेकर फरार हो गए। दिनदहाड़े लूट की इस वारदात के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस डॉग स्कायड की मदद से मामले की जांच में जुट गई है।

### कर्नाटक में उठी जी परमेश्वर को सीएम बनाने की मांग

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने गुरुवार को कहा कि सत्ता परिवर्तन की स्थिति में प्रदेश के गृह मंत्री जी परमेश्वर को मुख्यमंत्री की कमान सौंपी जाए। दलित सीएम की मांग करने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए तुमकुरु में मंत्री ने कहा, ‘अगर राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर किसी भी प्रकार का फेरबदल होता है, तो एक दलित को सीएम की कमान सौंपी जाए। अधिकांश विधायकों का भी यही मत है।’ हालांकि, उन्होंने आगे यह भी कहा कि सीएम सिद्धारमैया को अपना कार्यकाल पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दलित सीएम की मांग पिछले कई दिनों से तेज हो गई है।

### जयललिता के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली डीएमके महिला नेता एआईएडीएमके में हुई शामिल

**चेन्नई।** 2016 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एआईएडीएमके सुप्रीमो और तत्कालीन मुख्यमंत्री जे. जयललिता के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली डीएमके नेता शिमला मुथुचोझन गुरुवार को एआईएडीएमके में शामिल हो गईं। वह पार्टी मुख्यालय में महासचिव के. पलानीस्वामी की मौजूदगी में अन्नाद्रमुक में शामिल हुईं। शिमला मुथुचोज़न डीएमके नेता एस.पी. सरगुना पांडियन की बहू हैं, जो एम. करुणानिधि सरकार में मंत्री थे। 2024 के आमचुनाव से पहले, राजनीतिक रूप से शक्तिशाली परिवार से एक नेता का अन्नाद्रमुक में जाना राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी के लिए एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है।

## पूर्व न्यायाधीश के फैसलों से बंगाल का नाम खराब हुआ : ममता बनर्जी



‘कुछ लोग अक्सर मुझसे कहते हैं कि पश्चिम बंगाल में दिए गए कुछ अदालती फैसलों को देखते हुए न केवल लोग, बल्कि बाघ भी राज्य से भाग जाएंगे:-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

**कोलकाता,** 7 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को बिना किसी का नाम लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनके कुछ फैसलों ने राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम कर दिया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार दोपहर को यहां तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित एक रैली के अंत में कहा, ‘कुछ लोग अक्सर मुझसे कहते हैं कि पश्चिम बंगाल में दिए गए कुछ अदालती फैसलों को देखते हुए न केवल लोग, बल्कि बाघ भी राज्य से भाग जाएंगे। मैं उन्हें बताता हूं कि ‘उनके’ जैसे कुछ ही लोग हैं।’ गंगोपाध्याय का नाम लिए बिना मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब वह न्यायाधीश थे तो ‘पूर्व न्यायाधीश’ ने अनावश्यक रूप से तृणमूल को निशाना बनाया। सीएम ममता ने कहा, ‘एक न्यायाधीश के रूप में उन्होंने टेलीविजन साक्षात्कार दिए। उन्होंने अभिषेक बनर्जी का नाम लेते हुए कई बातें कहीं। आखिरकार उन्होंने भाजपा में शामिल होने के अपने फैसले की घोषणा की। अब वह बेनकाब हो गए हैं। आने वाले दिनों में उनका मूल्यांकन आम लोग करेंगे।’ मुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य ने तृणमूल पर आरोप लगाया कि जब भी कोई फैसला सत्ताधारी पार्टी या राज्य सरकार के खिलाफ जाता है तो वह न्यायपालिका पर हमला करती हैं।

भट्टाचार्य ने कहा, ‘ऐसे उदाहरण थे, जब किसी न्यायाधीश के आवास की दीवारों पर निंदनीय पोस्टर चिपकाए गए थे। राज्य सरकार ने गंगोपाध्याय के आदेश को बड़े न्यायालयों में चुनौती दी थी।

## देश का रक्षा तंत्र पहले से कहीं अधिक मजबूत : राजनाथ

**सीमा पर किसी भी खतरे से निपटने को तैयार है भारत**



वर्तमान सरकार लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, जबकि पहले सत्ता में रहने वाले लोग अपनी क्षमताओं को लेकर कुछ हद तक सशंकित थे: राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार देश के रक्षा तंत्र को भारतीयता की भावना के साथ विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जिससे यह पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है । श्री सिंह ने यहां एक निजी मीडिया समूह के कार्यक्रम में मौजूदा और पिछली सरकार की कार्य प्रणाली में अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, जबकि पहले सत्ता में रहने वाले लोग अपनी क्षमताओं को लेकर कुछ हद तक सशंकित थे। उन्होंने रक्षा विनिर्माण में ‘आत्मनिर्भरता’ को बढ़ावा देने को सबसे बड़ा बदलाव बताया और कहा कि इससे रक्षा क्षेत्र को एक नया आकार दिया जा रहा है । उन्होंने आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया जिनमें उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना, सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना, पूंजीगत खरीद बजट का 75 प्रतिशत घरेलू उद्योग के लिए आरक्षित करना, आयुध निर्माणी बोर्ड का निगमीकरण, रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स), आईडीईएक्स प्राइम, आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) और प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) के साथ नवीन प्रौद्योगिकियों का विकास शामिल है। श्री सिंह ने इन निर्णयों के रक्षा क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वार्षिक रक्षा उत्पादन, जो 2014 में लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, अब रिकॉर्ड 1.10 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। रक्षा निर्यात आज 16,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो नौ-दस साल पहले मात्र 1,000 करोड़ रुपए था। वर्ष 2028-29 तक 50,000 करोड़ रुपए का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा, ‘केंद्र में एक शक्तिशाली नेतृत्व के कारण हमारी सेनाओं में दृढ़ इच्छा शक्ति है। हम जवानों का मनोबल ऊंचा रखने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं. वे भारत पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सुसज्जित, सक्षम और तैयार हैं।’ श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने युवाओं पर भरोसा करते हुए नवाचार को बढ़ावा दिया और निजी क्षेत्र को आदर्श वातावरण प्रदान किया है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि जब प्रौद्योगिकी की बात आती है, तो विकासशील देशों के पास दो विकल्प होते हैं ‘नवाचार’ और ‘नकल’ - और सरकार देश को अनुयायी के बजाय प्रौद्योगिकी निर्माता बनाने पर विशेष जोर दे रही है। विकसित देशों की प्रौद्योगिकी की नकल करना उन लोगों के लिए गलत नहीं है जिनकी नवाचार क्षमता और मानव संसाधन नयी प्रौद्योगिकियों के उत्पादन के लिए आवश्यक स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई देश दूसरे देशों की तकनीक की नकल करता है, तब भी वह पुरानी तकनीक से आगे बढ़ता है।

## पीएम मोदी असम में 18 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ



**गुवाहाटी,** 7 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के अपने आगामी दौरे में राज्य में 18 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मीडियाकर्मियों को बताया कि पीएम मोदी शुक्रवार शाम तेजपुर हवाई अड्डे पर उतरेंगे। वह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिजर्व जाएंगे और वहीं रात बिताएंगे। सरमा ने कहा, ‘शनिवार सुबह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे और काजीरंगा की समृद्ध जैव विविधता से रू-ब-रू होंगे। उनका शनिवार सुबह 5.30 बजे जीप से हाथी सफारी का कार्यक्रम है।’ पीएम मोदी नवनिर्मित तिनसुकिया मेडिकल का उद्घाटन करेंगे और शिवसागर जिले में बनने वाले मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखेंगे। वह गुवाहाटी रिफाइनरी और डिगबोई रिफाइनरी की विस्तार परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे, जिनकी लागत क्रमश: 510 करोड़ रुपये और 768 करोड़ रुपए होगी। वह बरौनी से गुवाहाटी तक जाने वाली 3,992 करोड़ रुपये की पाइपलाइन परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे।

### प्रधानमंत्री 10 मार्च को पुणे हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का करेंगे अनावरण

पुणे (महाराष्ट्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 मार्च को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बहुप्रतीक्षित नए टर्मिनल का अनावरण करेंगे। अधिकारियों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के निदेशक संतोष ढोके ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा अन्य शीर्ष गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे।

## झारखंड को मिली तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, 12 मार्च से शुरू होगा परिचालन



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे**

रांची, 7 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड को तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मिली है। रांची से वाराणसी के बीच इस ट्रेन का परिचालन 12 मार्च से शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। इस ट्रेन का परिचालन झारखंड में वाया लोहरदगा-टोरी रूट पर होगा। रांची से वाराणसी के बीच की दूरी यह ट्रेन 6 घंटे 20 मिनट में तय करेगी। फिलहाल रांची से वाराणसी के बीच चलने वाली बाकी ट्रेनों को यह सफर तय करने में करीब साढ़े दस घंटे का वक्त लगता है। ट्रेन वाराणसी से सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर खुलेगी और दोपहर 12.20 पर रांची पहुंच जाएगी। वापसी में रांची से दोपहर 1.30 बजे रवाना होकर 7.50 बजे वाराणसी पहुंच जाएगी। इसकी जानकारी रांची के सांसद संजय सेठ ने दी है। झारखंड को इसके पहले दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रांची से पटना और रांची से हावड़ा के बीच होता है।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने एमएलसी के नामांकन को खारिज करने के राज्यपाल के आदेश को रद्द कर दिया



■ सरकार ने दासोजू श्रवण कुमार और सत्यनारायण के नामांकन की सिफारिश की थी

**हैदराबाद,** 7 मार्च एजेंसियां)। तेलंगाना हाईकोर्ट ने राज्यपाल के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने पिछले साल सितंबर महीने में दासोजू श्रवण कुमार और के. सत्यनारायण के विधानपरिषद का नामांकन खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने हाल ही में किए गए एम. कोदंडराम और आमिर अली खान के नामांकन को भी रद्द कर दिया। भारत राष्ट्र समिति की पूर्व की सरकार ने दासोजू श्रवण कुमार और सत्यनारायण के नामांकन की सिफारिश की थी। वहीं, कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद कोदंडराम और आमिर अली खान का नामांकन किया गया था। श्रवण कुमार और सत्यनारायण की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने माना कि गवर्नर केबिनेट के फैसलों से बंधा हुआ होता है।

मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति अनिल कुमार जुकांति की पीठ ने बीते 15 फरवरी को पी. दासोजू श्रवण कुमार और सत्यनारायण की याचिका पर सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं, कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पब्लिक लॉ डिक्लेरेशन में स्पष्ट कहा गया है कि राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 171(5) के अनरूप संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता पर काम करने के लिए बाध्य है। हालांकि, मंत्रिपरिषद द्वारा विधान परिषद के लिए अनुशंसित किसी व्यक्ति की पात्रता या अयोग्यता के मुद्दों की जांच करने की शक्ति राज्यपाल के पास है।

## चौकसी

*जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने की पहली रैली*

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 6400 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 7 मार्च (देशबन्धु)। पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर राज्य के दो टुकड़े करने और उसकी पहचान खत्म किए जाने की कवायद के बाद कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली रैली के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस रैली के शुरू में ही उन्होंने 6400 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री की जनसभा श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में हुई।**



■ **निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया गया**

जहां कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। यहां हजारों की तादाद में जवान तैनात थे। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को रोकने के लिए कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई थी। निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया गया। बख्शी स्टेडियम के दो किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा बल गश्त करते रहे। झेलम नदी और डल झील में मरीन कमांडो भी तैनात किए गए थे। प्रधानमंत्री के ट्रैवल रूट में पड़ने वाले स्कूल 2 दिन के लिए बंद कर दिए गए थे।। गुरुवार को होने वाली बोर्ड परीक्षाएं अगले महीने तक के लिए टाल दी गई थीं। अपने एक दिवसिय दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना की शुरूआत की। पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए चलाई जाने वाली इस योजना के तहत 1400 करोड़ रुपए से ज्यादा के 52 टूरिस्ट स्पॉट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया गया। इनमें श्रीनगर में हजरतबल दरगाह का इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट, मेघालय के पूर्वोत्तर सर्किट की पर्यटन सुविधाएं, बिहार और राजस्थान में स्पिरिचुअल सर्किट, बिहार में रूरल एवं तीर्थंकर सर्किट, तेलंगाना में जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास और अनूपपुर मध्य प्रदेश में अमरकंटक मंदिर का विकास शामिल है। जबकि समग्र कृषि विकास कार्यक्रम के तहत 5000 करोड़ रुपए के कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया गया। दक्ष किसान पोर्टल के जरिए जम्मू-कश्मीर में लगभग 2.5 लाख किसानों का स्किल डेवलपमेंट होगा। साथ ही लगभग 2000 किसान खिदमत घर भी बनाए जाएंगे। इसी प्रकार देखो अपना देश पीपुल्स चॉइस 2024 इनिशिएटिव योजना टूरिज्म पर देश की नब्ज पहचानने की पहली देशव्यापी पहल है। प्रधानमंत्री मोदी चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा कैंपेन भी लॉन्च की। इसके तहत प्रधानमंत्री ने करीब 3 करोड़ से ज्यादा प्रवासी भारतीयों से 5 विदेशी मित्रों को भारत यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की है। इसी तरह से चौलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत चुने हुए 42 पर्यटन स्थल की घोषणा की गई। इन 42 डेस्टिनेशन की पहचान चार कैटेगरी में की गई है। कल्चरल और हैरिटेज डेस्टिनेशन में 16, स्पिरिचुअल में 11, ईकोटूरिज्म और अमृत धरोहर में 10 और वाइब्रेंट विलेज में 5 डेस्टिनेशन रखे गए हैं।

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!

छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!

बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!



# निगम की बैठक में हंगामे के बीच प्रस्ताव पारित

■ सदन में कुल 29 प्रस्तावों में से 8 स्थगित ■ अंबेडकर स्टेडियम का किया जाएगा पुनर्विकास ■ दिल्ली में तीन नई मल्टीलेवल पार्किंग का होगा निर्माण

**सीएम केजरीवाल के नेतृत्व में हम दिल्ली के विकास व जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कर रहे प्रयास : मुकेश गोयल**



**नई दिल्ली**, 7 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम की गुरूवार को बुलाई गई सदन की बैठक में एक बार फिर हंगामा देखने को मिला। इस हंगामे के बीच ही कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को महापौर डॉ. शैली ओबरॉय की अध्यक्षता में नेता सदन मुकेश गोयल ने प्रस्ताव पारित कर दिए। हंगामा नहीं रुकता देख महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने निगम सदन बैठक को अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया। बैठक में पहले शोक प्रस्ताव पढ़ा गया और इसके बाद महापौर के आदेश पर निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने आकस्मिक दुर्घटना रिपोर्ट पढ़ी। जिसके बाद महापौर डॉ.ओबरॉय ने पार्षद प्रीति को सदन में अपनी बात रखने के लिए कहा। इसी बीच नेता विपक्ष राजा इकबाल ने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि हमारे बीच रहने वाली कमलजीत सहरावत लोकसभा प्रत्याशी बनी है। इसी दौरान नेता सदन मुकेश गोयल भी अपना पक्ष रखने लगे तभी विपक्षी दल के पार्षदों ने आम आदमी पार्टी से पार्षद अंकुश नारंग पर पोस्को एक्ट में हुई प्राथमिकी मामले में बैनर्स के साथ अंकुश नारंगी की बर्खास्ती का मांग करने लगे और फिर दोनों तरफ से नारेबाजी होनी शुरू हो गई। हंगामा बढ़ते देख सदन में प्रस्ताव पारित कर दिए गए। बाद में प्रेसवार्ता में महापौर ने बताया कि सदन में कुल 29 प्रस्तावों में से 8 स्थगित कर दिए गए हैं बाकी सभी पास हैं। बता दें कि वित्त वर्ष 2023-24 की यह अंतिम बैठक थी क्योंकि दिल्ली नगर निगम का सत्र 1 अप्रैल से शुरू होता है। महापौर सदन बैठक के बाद महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने नेता सदन मुकेश गोयल के साथ प्रेसवार्ता में बताया कि दिल्ली में तीन नई मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि हमेशा की तरह भाजपा पार्षदों की गुरूवार को गुंडागर्दी जारी रही और सदन की कार्रवाई को नहीं चलने दिया। अंबेडकर स्टेडियम का पुनर्विकास किया जाएगा और अमन विहार में भी नया कम्युनिटी सेंटर बनेगा। नेता सदन मुकेश गोयल ने बताया सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम दिल्ली के विकास व दिल्ली की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### सवालों से डरकर भागी निगम महापौर

राजा इकबाल दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने निगम मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर महापौर डॉ शैली ओबरॉय पर निशाना साधते हुए कहा कि महापौर का आखिरी सदन था जिसमें स्थायी समिति, वार्ड समिति व अन्य समितियों के गठन, कूड़े व नागरिकों की समस्याओं के संबंध में हम अपनी बात रखना चाहते थे लेकिन भाजपा के सवालों से महापौर डरकर भाग गई ताकि नागरिकों के सवालों के जवाब से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि आप 'रावण पार्टी' बन गई है।

### सपा सांसद को दी गई श्रद्धांजलि

दिल्ली नगर निगम में संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद रहे डा. शफीकुर्रहमान बर्क को श्रद्धांजलि दी गई। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने सदन में पढे गए शोक प्रस्तावों के बाद कहा कि सांसद शफीकुर्रहमान बर्क साहब के निधन पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने साथ ही आयुक्त को हाउस के मिन्ट्स में इसे शामिल करने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि डा. बर्क देश से सबसे अधिक उम्र के सांसद थे।

# अदिति सौम्यनारायण की किताब 'गोबल दी प्रीजुडिस' का विमोचन

**पुस्तक परिवार, दोस्ती व व्यक्तिगत विकास के विषयों की करती है पड़ताल**



**नई दिल्ली**, 7 मार्च (देशबन्धु)। साहित्यिक प्रतिभा को पोषित करने की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए जेके पेपर ने ऑटहर अवार्ड्स की पहली पांडुलिपि की विजेता 18 वर्षीय अदिति सौम्यनारायण की पुस्तक गॉबल दी प्रीजुडिस का लोकार्पण किया है। पुस्तक को रीडोमेनिया पब्लिशिंग ने प्रकाशित किया है।

पुस्तक में अदिति सौम्यनारायण ने न्यूरोडाइवर्जेंस और भाषण विकलांगता का सामना करने के बावजूद, अपनी पहली पुस्तक से अपनी क्षमता दिखायी है। पुस्तक परिवार, दोस्ती और व्यक्तिगत विकास के विषयों की पड़ताल करती है। 'गॉबल दी प्रेजुडिस' पिछले अनुभवों के माध्यम से जमा हुए भावनात्मक बोझ से उत्पन्न पूर्वाग्रहों को दूर करने की पेचीदगियों पर प्रकाश डालती है। जेके पेपर लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हर्ष पति सिंघानिया ने युवा लेखिका अदिति सौम्यनारायण को बधाई देतु हुए कहा, अदिति की पुस्तक सभी युवा और महत्वाकांक्षी लेखकों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगी।

युवा लेखिका अदिति कहती हैं, मुझे लिखने की प्रेरणा अपने आस-पास के लोगों से मिलती है। कुसुम और रमेश दोनों में मेरे अंश हैं, और वैदेही मेरी अपनी मां हो सकती है। मुझे हमेशा लोगों को देखने और अपने अवलोकनों के इर्द-गिर्द दिमाग में कहानियां बुनने में मज़ा आता था।

## सार संक्षेप

### गीतांजलि ने अल्ट्रा-लक्जरी सैलून किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी हाई-स्ट्रीट ब्यूटी डेस्टिनेशन, गीतांजलि सैलून जिसकी पूरे भारत में 170 से अधिक सैलून की श्रृंखला है, उन्होंने एंबिएंस मॉल, वसंत कुंज में बड़े परिसर के साथ अपने अल्ट्रा-लक्जरी आउटलेट का अनावरण किया। प्रबंध निदेशक और सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट, सुमित इसरानी ने कहा कि हम एंबिएंस मॉल, वसंत कुंज में अपने नए और बेहतर गीतांजलि सैलून के लॉन्च की घोषणा करते हुए बहुत रोमांचित हैं। 4,000 वर्ग फुट में फैला सैलून अब ऊंचे और विस्तारित अंदरूनी हिस्सों के साथ पेश किया गया है। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने किया। इस अवसर पर, देओल ने कहा कि मुझे गीतांजलि सैलून की यात्रा का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है क्योंकि वे सौंदर्य उद्योग में विलासिता और उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करते हैं। एंबिएंस मॉल में पुनर्निर्मित आउटलेट वास्तव में प्रभावशाली है, और मुझे विश्वास है कि यह उम्मीदों से बेहतर बना रहेगा।

### नए वैश्विक मोबिलिटी ब्रांड का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** एएलडी ऑटोमोटिव और लीज़प्लान ने आज भारत में अपने नए वैश्विक मोबिलिटी ब्रांड, आयवेन्स का अनावरण किया, जो दोनों कंपनियों को साझा पहचान के तहत इकट्ठा करता है। यह नया ब्रांड, सितंबर 2023 में अपनी 3-वर्षीय रणनीतिक विकास योजना के लॉन्च के बाद कंपनी के विकास की दिशा में एक और रणनीतिक उपलब्धि को दर्शाता है।आयवेन्स समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम अल्बर्टसन ने कहा कि यह नई ब्रांड पहचान न केवल दुनिया भर में हमारे 15,700 कर्मचारियों को एक नई एक जैसी पहचान साझा करने में मदद करेगी, बल्कि इससे यह भी स्पष्ट होता है कि हम अपने ग्राहकों को पसंद के लिए अधिक विकल्प, स्वतंत्रता और मूल्य संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कैसे बदलाव कर रहे हैं।

### 'आप' नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 19 मार्च तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच किए जा रहे मामले में उनकी पहले कई बार विस्तारित न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर दोनों को आज राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। ईडी ने यह कहते हुए उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की कि मामला महत्वपूर्ण चरण में है और अगर रिहा किया गया तो आरोपी जांच में बाधा डाल सकते हैं। पिछली सुनवाई में उसने कहा था कि जब तक सिसोदिया की उपचारात्मक याचिका शीर्ष अदालत में लंबित है, तब तक की उनकी नियमित जमानत अर्जी पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। विशेष वकील ज़ोहेब हुसैन ने तर्क दिया था कि दो मंचों से एक साथ राहत मांगना कानूनी अनुशासन के तहत अस्वीकार्य है और उन्होंने ट्रायल कोर्ट से उपचारात्मक याचिका के निपटारे का इंतजार करने का आग्रह किया था। अदालत ने हाल ही में सिसोदिया को अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए तीन दिन की अंतरिम जमानत दी थी। उत्पाद नीति मामले की जांच ईडी और सीबीआई दोनों कर रही है।

**नाम परिवर्तन/सूचनार्थ**

मैं, पंकज चौधरी सुपुत्र हरिधरी चौधरी निवासी एल -2/141-बी,डी डी ए फ्लैट्स कालका जी , नई दिल्ली 110019. सूचना है कि मेरा नाम स्कूल सर्टिफिकेट में किसी त्रुटि के कारण पंकज कुमार चुधरी सुपुत्र हरि दहरी चौधरी लिख गया है, मुझे अब पंकज चौधरी सुपुत्र हरिधरी चौधरी के नाम से ही सभी जानकारी के लिए जाना जाय।

# नारी शक्ति हर क्षेत्र में दे रही अपना योगदान : सोनल गोयल



**नई दिल्ली**, 7 मार्च (देशबन्धु)। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी दिल्ली द्वारा जनसंपर्क और संचार के क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों के सम्मान के लिए प्रिज़्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

त्रिपुरा सरकार में सचिव के पद पर कार्यरत बहुचर्चित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सोनल गोयल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची। सोनल ने बताया कि इस अवार्ड का उद्देश्य महिलाओं के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने जनसंचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आईएएस सोनल ने आगे कहा कि जनसंचार के क्षेत्र में महिलाओं के असाधारण योगदान को उजागर करने के लिए यह अवार्ड कार्यक्रम एक शक्तिशाली प्लेट्फ़ॉर्म उपलब्ध कराता है। आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है,

**महिलाओं के लिए मिसाल हैं सोनल**

ऐसे में महिलाओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों को विशेष पहचान दिलाने की दिशा में यह सराहनीय कदम है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में सोनल गोयल के साथ कई अन्य अतिथि भी शामिल रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर निर्भया ज्योति ट्रस्ट की अध्यक्ष और निर्भया की माताआशा देवी शामिल हुईं। इसके अलावा सम्मानित अतिथि के रूप में एशियाई मैराथन चैंपियन सुश्री सुनीता गोदारा और भारत की सबसे तेज़ रैली ड्राइवर बानी यादव आदि भी इसमें शामिल रहीं। सोनल गोयल 2008 बैच की टॉपर हैं जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक तेरह लाकर आईएएस अधिकारी के रूप में अपना प्रशासनिक करियर शुरू किया था। युवाओं की रोल मॉडल के तौर पर जाने वाली सोनल सोशल मीडिया पर भी काफ़ी चर्चित रहती हैं, जहां लाखों लोग उन्हें फ़ॉलो करते हैं। सोनल महिलाओं के लिए एक मिसाल हैं, जिनसे युवा एवं महिलाएं प्रेरणा लेती आई हैं।

# सभी उपभोक्ता को पहले 200 यूनिट मुफ्त में दी जानी चाहिए : भाजपा



**नई दिल्ली**, 7 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सचिव हरीश खुराना और मीडिया हेड प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि भाजपा को 200 यूनिट प्रति माह उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दिये जाने के प्रति कोई विरोध नहीं है।

हम राज्य खजाने के माध्यम से बिजली सब्सिडी का समय बढ़ाने का स्वागत करते हैं, लेकिन आज हम फिर से अपनी लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराते हैं कि सभी उपभोक्ता, चाहे वे आवासीय हों या वाणिज्यिक, को पहली 200 यनिट मुफ्त में दी जानी चाहिए।

दिल्ली भाजपा के पदाधिकारियों ने कहा है कि यह अत्याचार है कि एक ओर दिल्ली सरकार एक वर्ग को 200 यूनिट मुफ्त देने का दावा करती है, लेकिन दूसरी ओर अधिकांश वाणिज्यिक, औद्योगिक और यहां तक कि आवासीय उपभोक्ताओं को उत्तर भारत में सर्वोच्च दरों पर बिजली खरीदना पड़ती है।

# शक्तिमान शिवजी की उपासना कर मनाएं 'महाशिवरात्रि'

■ इस्कॉन द्वारका में महाशिवरात्रि उत्सव आज

■ 1008 पवित्र तीर्थों के जल से किया जाएगा अभिषेक

**नई दिल्ली**, 7 मार्च (देशबन्धु)। आम जीवन में अनेक इच्छाओं की पूर्ति के लिए लोग करुणावतार शिवजी का व्रत करते हैं, पूजा-पाठ, व्रत और अनेक स्तुतियां गान कर भोले बाबा को प्रसन्न करते हैं। लेकिन वास्तव में स्वयं शिवजी सबसे ज्यादा उनसे प्रसन्न होते हैं, जो भगवान विष्णु के भक्त हैं। जी हां, वे पहले उन्हें पसंद करते हैं और प्रेम करते हैं, जो कृष्ण भक्ति से जुड़े हैं। उनकी इसी बात को ध्यान में रखते हुए 8 मार्च को श्री श्री रुक्मिणीद्वारकाधीश मंदिर, इस्कॉन द्वारका सेक्टर-13 में महाशिवरात्रि उत्सव आयोजित किया जा रहा है।

शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से ही यहाँ 1008 पवित्र तीर्थों के सम्मिलित जल से श्री श्री गौर निताई का अभिषेक किया जाएगा, जो विशेष तौर से श्री चैतन्य महाप्रभु की नगरी मायापुर धाम से मंगाया गया है। जलाभिषेक के पश्चात पुष्प अभिषेक भी किया जाएगा। अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा और पूरे दिन ठंडाई की व्यवस्था की गई है।

मंदिर प्रबंधन का कहना है कि भक्तगण चाहें तो उनके लिए यह पवित्र जल पैकिंग में भी उपलब्ध रहेगा, जिसे वे शिव मंदिर में शिवलिंग पर अर्पित करने के लिए ले जा सकते हैं। अपने भक्तों के बारे में शिवजी स्वयं कहते भी हैं किङ्क भगवन्तं वासुदेवं प्रपन्न: स प्रियो हि निश्चित ही जो भक्त भगवान वासुदेव, राम और कृष्ण के शरणागत हैं, वही मुझे सबसे अधिक प्रिय हैं। मैं उनसे बहुत प्रेम करता हूं, जो भगवान कृष्ण की भक्ति करते हैं।

# सौ करोड़ रुपए की एआरआर तक पहुंची क्लेन्स्टा

**हम इस शानदार उपलब्धि को हासिल करके रोमांचित हैं : पुनीत गुप्ता**




**नई दिल्ली**, 7 मार्च (देशबन्धु)। परिणीति चोपड़ा समर्थित पर्सनल केयर स्टार्टअप क्लेन्स्टा ने कहा है कि एक्ट्रेस से इंटरप्रेन्योर बनीं परिणीति को कंपनी में शामिल करने के बाद, पिछले आठ महीनों में ही उसने 100 करोड़ रुपए का वार्षिक रन रेट हासिल कर लिया है, और अब अगले तीन वर्षों में एआरआर 1000 करोड़ रुपए तक बढ़ जाने की उम्मीद है। क्लेन्स्टा के संस्थापक पुनीत गुप्ता ने कहा कि हम इस शानदार उपलब्धि को हासिल करके रोमांचित हैं। यह हमारी टीम के समर्पण और उपभोक्ताओं द्वारा हम पर जताए गए भरोसे को लेकर बहुत कुछ कहता है। यह यात्रा हमें बेहद गर्व से भर देती है, और अब बहुत कुछ हासिल करने के बाद, समय आ गया है कि हम बाय वन गिव वन अभियान जैसी सामाजिक पहल के माध्यम से समाज का कर्ज चुकाएं। क्लेन्स्टा की पार्टनर एवं निवेशक परिणीति चोपड़ा ने कहा कि क्लेन्स्टा जैसे ब्रांड से जुड़ कर मुझे बड़ा गर्व है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते है।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा संख्या:** 232141 |
| 2 | **कार्य का नाम और कार्य स्थान:** "पेंटिंग, डैम्पर सहित बोगी शॉप की डिसअसेम्बली और असेंबली लाइन की आउटसोर्सिंग कार्य के दायर के अनुसार आरसीएनके में परीक्षण और कोच कम करना और उठाना" |
| 3 | **अनुमानित लागत:** रु. 3,67,17,948.36/- जीएसटी @18% सहित |
| 4 | **बयाना राशि:** रु. 3,33,600.00/- |
| 5 | **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य |
| 6 | **कार्य अवधि:** अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| 7 | **निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय:** दिनांक 29.03.2024 खुलने का समय 15:00 बजे। |
| 8 | **निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट:** उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | **यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।** |

संख्या: 232141 दिनांक: 07.03.2024 726/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नेट ज़ीरो बिल्डिंग्स पहल की शुरूआत

**नई दिल्ली**, 7 मार्च (देशबन्धु)। एक तरफ देश में बनने वाली इमारतों के तेजी से बढ़ते बुनियादी ढांचे को डिकार्बोनाइज़ करने के प्रयासों में तेजी लाई जा रही है, दूसरी तरफ भारत के अग्रणी औद्योगिक उद्यमों में से एक महिंद्रा ग्रुप और स्मार्ट, बेहतर और सस्टेनेबल इमारतों की दुनिया में ग्लोबल लीडर जॉनसन कंट्रोल्स ने आज भारत की वाणिज्यिक, शहरी आवासीय और सार्वजनिक इमारतों को डिकार्बोनाइज़ करने के लिए अपनी तरह की पहली नेट जीरो बिल्डिंग्स पहल की घोषणा की। इस संयुक्त पहल के जरिये दोनों संगठनों को नेट जीरो बिल्डिंग्स से संबंधित अपनी कोशिशों में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी और संसाधनों तक पहुंच को आसान बनाएगी। अबंती शंकरनारायणन ने कहा कि महिंद्रा में, हम एक प्लैनेट पॉजिटिव संगठन के रूप में काम करने में मजबूती से विश्वास करते हैं। जॉनसन कंट्रोल्स के चेयरमैन और सीईओ जॉर्ज ओलिवर ने कहा कि इस अनूठी पहल को विकसित करने के लिए हमारी दो कंपनियों का एक साथ जुड़ना स्वाभाविक है ।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ.प्र.)

Toll Free No.18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई.ई.ए./भूलेख/तह०-वी०के०/2230/2024 दिनांकः 07.03.2024

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है-

**(सैक्टर-33, ग्राम भुन्ना तगा)**

| क्रम सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 209<br>208 | 400<br>408 | 2.4810<br>1.4160 | 1/5 | 0.4962<br>0.2832<br>0.7794 | मदन लाल पुत्र परमानन्द नि० भुन्ना तगा |
| 2. | 209 | 400 | 2.4810 | में से | 0.1265 | देव शर्मा पुत्र सुन्दरलाल नि० म०न० 339 पछाला पश्चिम, बुढाना, मुज्जफरनगर |
| 3. | 80 | 435<br>399 | 1.7270<br>0.8640 | 1/4 | 0.4317<br>0.2160<br>0.6477 | दीनदयाल पुत्र चन्द्रपाल नि० भुन्ना तगा |
| 4. | 80 | 435<br>399 | 1.7270<br>0.8640 | 1/4 | 0.4317<br>0.2160<br>0.6477 | प्रेमचन्द पुत्र चन्द्रपाल नि० भुन्ना तगा |
| 5. | 80 | 435<br>399 | 1.7270<br>0.8640 | 1/4 | 0.4317<br>0.2160<br>0.6477 | सुशील पुत्र चन्द्रपाल नि० भुन्ना तगा |
| 6. | 80 | 435<br>399 | 1.7270<br>0.8640 | 1/4 | 0.4317<br>0.2160<br>0.6477 | शशी पत्नी रामनरायन, हिमांशु व कुलदीप ना०बा० सं० माता शशी पुत्र रामनरायन शर्मा नि० भुन्ना तगा |
| 7. | 156 | 432स | 0.2530 | सम्पूर्ण | 0.2530 | मुकेश, अशोक, कमल पुत्रगण विक्रम नि० ग्राम भुन्ना तगा |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अन्दर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय/सी० आर० सेल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

विशेष कार्याधिकारी

**रेलयात्री : कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**नई रेल सेवा का शुभारंभ**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पुरी - आनन्द विहार(ट) - पुरी के बीच एक नई रेल सेवा की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

**18427/18428 पुरी - आनन्द विहार टर्मिनल - पुरी एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक सेवा)**

| रेलगाड़ी सं. 18427 आगमन | रेलगाड़ी सं. 18427 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 18428 आगमन | रेलगाड़ी सं. 18428 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 04:15 | पुरी | 23:55 | – |
| 04:33 | 04:35 | साक्षीगोपाल | 22:55 | 22:57 |
| 05:10 | 05:15 | खोरधा रोड | 22:30 | 22:35 |
| 05:40 | 05:45 | भुवनेश्वर | 22:00 | 22:05 |
| 06:10 | 06:15 | कटक | 21:05 | 21:10 |
| 07:05 | 07:10 | जखपुरा | 19:30 | 19:35 |
| 08:10 | 08:15 | हरिचन्दनपुर | 18:40 | 18:45 |
| 10:00 | 10:10 | केन्दुझरगढ | 17:00 | 17:10 |
| 12:03 | 12:05 | बांशपानी | 15:18 | 15:20 |
| 12:45 | 12:50 | डांगोवापोसी | 14:10 | 14:15 |
| 13:38 | 13:40 | चाईबासा | 13:23 | 13:25 |
| 14:48 | 14:50 | चाण्डिल | 12:15 | 12:17 |
| 15:53 | 15:55 | मूरी | 11:08 | 11:10 |
| 16:55 | 17:00 | बोकारो स्टील सिटी | 10:10 | 10:15 |
| 18:05 | 18:10 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो | 08:55 | 09:00 |
| 19:10 | 19:12 | कोडरमा | 07:58 | 08:00 |
| 21:15 | 21:20 | गया | 06:45 | 06:50 |
| 22:54 | 22:56 | सासाराम | 04:28 | 04:30 |
| 02:00 | 02:10 | प. दीन दयाल उपाध्याय | 02:50 | 03:00 |
| 04:15 | 04:17 | प्रयागराज | 00:23 | 00:25 |
| 06:35 | 06:40 | कानपुर सेंट्रल | 22:12 | 22:17 |
| 09:20 | 09:22 | टूण्डला | 19:50 | 19:52 |
| 13:10 | – | आनन्द विहार टर्मिनल | -- | 17:20 |

**शुभांरभ की तिथि: 18427 पुरी** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 09.03.2024 से **और 18428 आनन्द विहार टर्मिनल** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 10.03.2024 से।

**स्थान:** प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा

रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

732/24

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

सभी जोन के अंतर्गत सीलिंग की कार्रवाई वसुंधरा जोन के अंतर्गत सामने आई है जोनल प्रभारी एसके राय द्वारा, वैशाली स्थित अंसल प्लाजा सीलिंग के तहत 40 दुकानों में से 29 दुकानों को सील करने की कार्रवाई करने के उपरांत लगभग 38 लाख की वसूली हुई, शेष दुकानों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी इसके लिए लगातार निगम के संबंधित अधिकारी प्रयासरत हैं, नगर आयुक्त महोदय के समक्ष रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया है।

**डॉ. संजीव सिन्हा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी**

# सिविल की 1044 करोड़ की परियोजनाओं पर चल रहा काम

■ नोएडा प्राधिकरण के विभागों ने बताई परियोजनाओं की प्रगति ■ ग्रामीण विकास पर खर्च होगा 70 करोड़ ■ नौ महीने में पूरा हो जाएगा सेफ सिटी प्रोजेक्ट

**नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में गुरुवार को सभी विभागों की रूप रेखा का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें सिविल, जल, इएंडएम, जन स्वास्थ्य के अलावा सामान्य प्रशासन, संस्थागत, औद्योगिक के अलावा अन्य विभागाध्यक्ष शामिल हुए। इन सभी विभागाध्यक्षों ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी के समक्ष 2024 और 2025 की परियोजनाओं के प्रगति से अवगत कराया। सिविल विभाग की करीब 1044.56 करोड़ रुपए की पांच परियोजना चल रही है। वहीं 1187 करोड़ रुपए की परियोजनाएं पाइप लाइन में है।

सीविल विभाग के डीजीएम विजय रावल ने ब्रीफ करते हुए बताया कि डीएससी रोड पर बन रहा भंगेल एलिवेडट का 70 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। प्रत्येक 15-15 दिन में इसका रेव्यू किया जाएगा। इसी तरह सेक्टर-96 में प्रशासनिक भवन का भी 70 प्रतिशत काम हो चुका है। ये दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण दिसम्बर 2024 में किया जाएगा। सेक्टर-123 में प्रस्तावित स्पोटर्स कांपलेक्स का काम प्रजेंटेशन हो चुका है। नोएडा में उद्योग मार्ग को मॉडल रोड में विकसित किया जाएगा। ये नोएडा की सबसे बेस्ट रोड होगी।

इसका काम 50 करोड़ में किया जाएगा। केबिलिंग अंडरग्राउंड होंगी। कोई भी यूटिलिटीस बाहर नहीं होगी। 2024-25 तक इसे पूरा किया जाएगा। सेक्टर-18 से 61 तक बनी एलिवेटड रोड के दोनों ओर 2.5 किमी के पैच में नाइस बैरियर लगाया जाएगा। इनकी ऊंचाई करीब 2-2 मीटर की होगी। इसे 20 करोड़ में पूरा किया जाएगा। गोल्फ कोर्स व हेलीपोर्ट के लिए 80 प्रतिशत जमीन मिल चुकी है। 5 से 10 प्रतिशत जमीन हेलीपोर्ट की है उसे ले लिया जाएगा।



गोल्फ कोर्स का काम 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं एलजी चौक से एक्सप्रेस वे तक लिंक लाइन का काम भी 2025 तक किया जाएगा। यहां एप्रोच रोड का काम शुरू हो गया है। एक्सप्रेस वे पर दो नए अंडरपास का निर्माण होना है। इसमें पहला चैनेज 16.9 किमी पर 131 करोड़ का है। दूसरा चैनेज 6.1 किमी का है। इसके निर्माण में 106 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसे डाया फार वॉल तकनीक से बनाया जाएगा। इसे 2025 तक पूरा किया जाएगा। चिल्ला एलिवेटेड के लिए रि टेंडर किए गए है।

**तीन नए बाजारों का किया जाएगा मोडिफिशन**

ब्रह्मपुत्रा कांप्लेक्स को मोडिफाइ किया जा चुका है। इसी तर्ज पर तीन और बाजारों को मोडिफाइ किया जाएगा। इसमें सेक्टर-37 गोदावरी बाजार, सेक्टर-110 और सेक्टर-110 का ही बीडीएस बाजार। प्रत्येक बाजार में 2.5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका डिजाइन तैयार है। टेंडर प्रक्रिया करके काम शुरू कराया जाएगा।

**ग्राम विकास पर खर्च किए जाएंगे 70 करोड़**

उन्होंने बताया कि 2023-24 में गांवो के विकास के लिए कुल 70 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया था। इसमें से 59 प्रस्तावित योजनाएं थी। जिसमें 26 पर काम किया जा रहा है। इसे देखते हुए 2024-25 में भी 70 करोड़ का बजट रखा गया है। जिसमें गांवों का पूर्ण विकास करने का लक्ष्य रखा गया है।

**2025 तक पूरा हो जाएगा सेफ सिटी प्रोजेक्ट, नए सेक्टरों में सब स्टेशन**

डीजीएम इएंडएम राजेश कुमार ने बताया कि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 561 स्थाप चिन्हित किए गए है। 2500 कैमरे लगाए जाएंगे। ये सभी स्थान महिला सुरक्षा को देखते हुए बनाए गए है। 212 करोड़ का प्रोजेक्ट है। ई टेंडर प्रक्रिया दो से तीन दिन में हो जाएगी। इसकी कंट्रोलिंग कमांड कंट्रोल रूम से की जाएगी। इसके अलावा नोएडा के सभी अंडरपास में फसाड लाइट लगाई जाएंगी। वहीं घने पेड़ होने की वजह से सेक्टरों में 4 और 6 मीटर के स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जा रहे है। नए सेक्टरों में पहले फेज में पांच नए सब स्टेयान बनाए जाएंगे।

## छह महीने में नोएडा के सभी कुत्तों को लग जाएंगे एंटी रेबीज

डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह ने बताया कि चार सेक्टरों में डॉग शेल्टर बनाए गए है। इन शेल्टरों में स्ट्री डॉग को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है। यहां डॉग के बिहेवियर में बदलाव लाया जा रहा है। घायल डॉग का इलाज किया जा रहा है। इसके लिए हमने दो कंपनी का चयन किया है। छह महीने में नोएडा के सभी डॉग को एंटी रेबीज इंजेक्शन लग जाएंगे। वहीं शहर को 7 स्टॉर कैटेगरी में लाने के लिए सेक्टर-145 में एनटीपीसी और एजी एनवायरों अपने प्लांट लगा रही है। दोनों के साथ एमओयू साइन हो चुका है। इसमें एजी एनवायरों कूड़े से सीएनजी गैस का उत्पादन करेगी। वहीं एनटीपीसी रोजाना 600 टन कचरे से चारकोल बनाएगी। जिसका प्रयोग वो अपने यहां ईधन के लिए करेगी।

**शहर में पार्किंग के लिए होगा सर्वे**

पूरे शहर में पार्किंग के लिए दोबारा से सर्वे कराया जा रहा है। हम उन स्थानों को देख रहे है जहा लोगों को आसानी हो। इसके अलावा 3 क्लस्टर में पार्किंग शुरू हो चुकी है। दो क्लस्टर में कोर्ट केस चल रहा है।

**रेनीवेल का काम पूरा होते ही भूमिगत जल की नहीं आवश्यकता**

डीजीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि अभी तक हम लोग भूमिगत जल का प्रयोग गंगाजल के साथ मिलाकर करते थे। अब रैनीलेव से प्राप्त पानी का प्रयोग ही गंगाजल के साथ किया जाएगा। इसका टीडीएस स्तर 300 के आसपास होता है। लक्ष्य है कि अप्रैल-2025 तक हमारे सभी छह नए रैनीवेल काम करने लगेंगे। इसे हमें 125 एमएलडी पानी मिलने लगेगा। इसके बाद बोरवेल का पानी गंगाजल में न मिलाकर इनको बंद किया जाएगा।

## यूएसए के नागरिकों से ठगी करने वाले 14 गिरफ्तार

**नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। सिस्टम हैक होने का डर दिखाकर डॉलरों में ठगी करने वाले 14 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनका साफ्ट टारगेट अमेरिकी नागरिक थे। ये उनको कंप्यूटर में तकनीकी कमी, पोर्नोग्राफिक कंटेंट और एंटीवायरस न होने के कारण आईपी एड्रेस कंप्रोमाइज होने का डर दिखाते थे। डर की वजह से अमेरिकी नागरिक सिस्टम ठीक करने का ऑफर करता था। इसके लिए ये लोग 100 से 500 डॉलर तक वसूलते थे। एक बार पैसा आने पर ये कॉल डिस्कनेक्ट कर देते थे। पुलिस को काफी दिनों से इस तरह की शिकायत मिल रही थी। आईटी टीम की मदद से पुलिस ने ए-66 सेक्टर-108 में संचालित कॉल सेंटर को पकड़ा। यहां से बीओआईपी कॉल, टीएफएन साफ्टफोन के माध्यम से ठगी की जा रही थी। डीसीपी विद्या सागर ने बताया कि ये लोग डार्क वेब के जरिए विदेशी नागरिकों का डेटा लेते थे। उनके मेल पर बल्क में फर्जी लिंक भेजते थे। उसी लिंक में टैक सपोर्ट के लिए फर्जी हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित होता था। बार बार इस तरह का लिंक मिलने पर परेशान लोग हेल्पलाइन नंबर पर फोन करते है।



## सार संक्षेप

### पांच हजार का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा।** फेज-2 पुलिस ने गुरुवार को जांच के दौरान गैंगस्टर मामले में वांछित बदमाश को भंगेल से गिरफ्तार किया। आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। आरोपी की पहचान दीपक यादव निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई। उसके पास से एक अवैध चाकू को बरामद हुआ। दीपक के खिलाफ पहले से चार केस दर्ज हैं। वह कई बार जेल भी जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ महिला समन्वय संगठन का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** महिला समन्वय संगठन गाजियाबाद विभाग की बहनों ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर महिला समन्वय संगठन गाजियाबाद विभाग की सह संयोजिका श्रीमती कविता गोयल ने कहा कि संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं बच्चों एवं परिवारों पर हो रहे अमानवीय अत्याचार एवं हिंसा बेहद शर्मनाक एवं चिंतनीय हैं। संदेशखाली में ऐसी घटनाएं निरंतर हो रही हैं। ईडी के अधिकारियों पर हमला होने के बाद और शहजाद शेख के फरार होने के बाद ही ऐसी घटनाएं सामने आ सकीं। राजनीति और धार्मिक कारणों से प्रेरित यह कृत्य पुलिस प्रशासन एवं पश्चिम बंगाल सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं। संदेश खाली में बच्चों और महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्वक व्यवहार, यौन उत्पीड़न, मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा इन घटनाओं को लेकर दखल देना है सराहनीय है। इस मौके पर समन्वय संगठन की अपर्णा, निशु, संजू, ऋतु, ज्योति, उदिता, रेखा, उर्वशी , मनु एवं अन्य बहनें भी उपस्थित रहीं।



### गौड़ फाउंडेशन ने 20 महिलाओं को आइकॉन पुरस्कार से नवाजा



**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 20 महिलाओं को 'वूमेन आइकन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गौड़ फाउंडेशन की ओर से सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को दिया गया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली प्रतिभाओं को इस पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार शिक्षा, समाज सेवा, चिकित्सा, संगीत, खेल,कला एवं संस्कृति, बिजनेस समेत अन्य क्षेत्रों में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान नोएडा की डीसीपी प्रीति यादव भी मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर चुकी महिलाओं के अनुभव और उनके उल्लेखनीय उपलब्धियों को भी साझा किया गया। इस अवसर पर अलग-अलग प्रतिभाओं से संपन्न महिलाओं को एक मंच पर साथ लाया गया, जो अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर इंडियन ऑइडल 14 की प्रतिभागी मुस्कान ने अपने मधुर गीतों से समां बांध दिया। अपने विचार साझा करते हुए गौड़ ग्रुप की निदेशक सुश्री मंजू गौड़ ने कहा कि प्रत्येक सशक्त और मजबूत महिला के पीछे एक और सशक्त महिला है जो अपने समुदाय के उत्थान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझती है।

# 'एनसीआर के लिए हिंडन नदी महत्वपूर्ण इसके दोनों ओर किया जाए पौधरोपण'

**नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। न्यायमूर्ति एनजीटी दिल्ली डॉक्टर अफरोज अहमद की अध्यक्षता में आज नोएडा प्राधिकरण के सभागार में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि पूरे एनसीआर के लिए हिंडन नदी बहुत महत्वपूर्ण नदी है। हिंडन नदी के दोनों तरफ पौधारोपण करके एनसीआर के पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। जिससे हिंडन नदी का सौंदर्यीकरण तो होगा ही साथ ही पर्यावरण को भी लाभ पहुंचेगा। बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा लोकेश एम, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा उपस्थित रहे। डॉक्टर अफरोज अहमद ने कहा कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए नियमों का पालन करने एवं करवाया जाए। इस कार्य में जन-जागरूकता एवं जनता का सहयोग की बहुत आवश्यकता हैं। ईमानदारी के साथ पर्यावरण का संरक्षण करना ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म हैं।



पर्यावरण के साथ जीविका, विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाकर पर्यावरणीय समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। विकास और पर्यावरण को साथ लेकर चलना जरूरी है। वैज्ञानिकों तरीकों से प्रदूषण पर काबू पाया जा सकता है। जनता के सहयोग से ही प्रदूषण मुक्त भारत बनाया जा सकता है। पर्यावरण से सम्बन्धित अधिकारियों को बढ़ते प्रदूषण की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

**औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण को रोका जाए**

औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाये, समय-समय पर निरीक्षण व जांच की जाए। पर्यावरण संरक्षण संबंधित सभी अधिकारियों में आपसी समन्वय होना चाहिए। साथ ही पर्यावरण संबंधित उद्योपतियों, व्यापारी, व्यवसायी, ट्रांसपोटरों, बिल्डरों एवं निर्माण आदि करने वाली एजेंसियों सहित अन्य संस्थानों से प्रदूषण की रोकथाम के लिए सम्पर्क कर पर्यावरण संरक्षण करने में सहयोग प्राप्त करें।

**डिस्ट्रिक्ट एनवायरमेंट प्लान की दी जानकारी**

बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान एवं नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा के निर्माण एवं विकास के बारे में अवगत कराया। संबंधित अधिकारियों द्वारा पावर पॉइंट के माध्यम से निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों की पीपीटी के जरिए जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉक्टर अफराज ने एनजीटी में दायर विभिन्न मामलों पर चल रहे मुकदमों में पर्यावरणीय सुधार के लिए चर्चा की। तालाबों के संरक्षण, सभी मुख्य ड्रेनों के अंतर्गत शोधन प्रणाली विकसित करने एवं सीवेज शोधन संयंत्र के मानक के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए।

# सीलिंग की कार्रवाई से निगम को मिल रहा है लाभ

**गाजियाबाद,** 7 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार वित्तीय वर्ष की अंतिम माह में वसूली की कार्रवाई टैक्स विभाग द्वारा बढ़ा दी गई है जिसके साथ-साथ सीलिंग की कार्रवाई भी बढ़ रही है गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगातार टैक्स विभाग द्वारा टैक्स वसूली को लेकर सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है जिसका लाभ गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त हो रहा है ऐसे बकाएदार जिनके द्वारा अभी तक अपना हाउस टैक्स जमा नहीं कराया गया है उन पर मजबूरी में गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सीलिंग की कर रहे हैं।

■ 1 दिन में निगम कोष में जमा हुए एक करोड़ एक लाख
■ सीलिंग की वसुंधरा जोन अंतर्गत हुई बड़ी कार्रवाई

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा द्वारा बताया गया कि सभी जोन के अंतर्गत सीलिंग की कार्रवाई वसुंधरा जोन के अंतर्गत सामने आई है जोनल प्रभारी एसके राय द्वारा, वैशाली स्थित अंसल प्लाजा सीलिंग के तहत 40 दुकानों में से 29 दुकानों को सील करने की कार्रवाई करने के उपरांत लगभग 38 लाख की वसूली हुई, शेष दुकानों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी इसके लिए लगातार निगम के संबंधित अधिकारी प्रयासरत हैं, नगर आयुक्त महोदय के समक्ष रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया है।

जहां एक तरफ शहरवासियों को संपत्ति कर जमा करने के लिए जागरूक किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर सीलिंग की कार्रवाई भी चल रही है जिसके चलते गाजियाबाद नगर निगम में एक दिन में पांचो जोन से लगभग 1 करोड वसूली हुई है, वसुंधरा के अंतर्गत सीलिंग कार्रवाई वैशाली अंसल प्लाजा में की गई जिसके दौरान लगभग 38 लाख, कवि नगर जोन के अंतर्गत सीलिंग की कार्रवाई बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया में की गई जहां से लगभग 28 लाख की वसूली हुई सीलिंग की कार्रवाई विजयनगर जोन अंतर्गत की गई जहां वॉटर कनेक्शन भी डिस्कनेक्ट की कार्रवाई हुई जिसमें लगभग साढे 5 लाख की वसूली हुई, सिटी जोन के अंतर्गत पक्षदान मोहल्ला वार्ड संख्या 12, तथा अन्य क्षेत्रों में सीलिंग की कार्रवाई हुई जहां से लगभग 22 लाख की वसूली हुई, मोहन नगर जोन के अंतर्गत सेक्टर 5 राजेंद्र नगर क्षेत्र में सीलिंग की कार्रवाई हुई जिसमें लगभग साढे सात लाख की वसूली हुई इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम को एक दिन में लगभग एक करोड़ की वसूली हुई नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार लगातार कार्रवाई जारी है क्षेत्र वासियों से हाउस टैक्स जमा करने की अपील की जा रही है।



# कैबिनेट मंत्री बनने के बाद गृह जनपद में सुनील कुमार शर्मा का हुआ स्वागत

**गाजियाबाद,** 7 मार्च (देशबन्धु)। देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद विधानसभा से विधायक सुनील कुमार शर्मा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल विस्तार करके सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाते हुए अहम जिम्मेदारी दी हैं। प्रदेश सरकार में नियुक्त कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा के अपने गृह जनपद गाजियाबाद में उनके प्रथम बार आगमन पर गाजियाबाद महानगर में उनका 100 से भी अधिक जगहों पर स्वागत किया गया। जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम के लिए जोशीले कार्यकर्ता डटे हुए थे। स्वागत में कार्यकर्ताओं ने शहरभर में स्वागत होर्डिंग लगाए। उनका स्वागत कार्यक्रम तीन घंटे तक चला।महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया पार्टी का जमीनी कार्यकर्ता का सम्मान होने से पार्टी संगठन के कार्यकर्ता अति उत्साहित हैं। संगठन के द्वारा 50 स्थान आवंटित किए जाने के बावजूद पार्टी कार्यकर्ता उनके आगमन पर 100 स्थान से भी अधिक स्थानों पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियों में जुट गए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं शहर विधायक अतुल गर्ग योगी सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता लोनी पूर्व महापौर आशु वर्मा पूर्व महापौर आशा शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं मातृ शक्ति उपस्थित रहे।



# निगम ने आकर्षक बनाए हैं उत्तरांचल व पूर्वांचल भवन

**गाजियाबाद,** 7 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन को पूर्णत: व्यवस्थित तथा आकर्षक बनाया है, निगम अधिकारियों द्वारा लगातार चल रहे कार्यों पर अपनी नजर बनाए रखी गई गुणवत्ता पूर्वक मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण हुआ शीघ्र ही अंतिम चरण में चल रहे कार्यों को भी पूरा किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का निरीक्षण किया गया तथा चल रहे कार्यों का जायजा लिया मौके पर संबंधित फर्म के ठेकेदार भी उपस्थित रहे तथा निर्माण विभाग की टीम भी उपस्थित रही जिनके द्वारा नगर आयुक्त को कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही भवन का भ्रमण कराया गया।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है 'उत्तरांचल भवन' 745.50 वर्ग मीटर में बनाया गया है लगभग 2 करोड़ 90 लाख की लागत से तैयार हुआ है जिसमें 1 हाल, 1 डाइनिंग लॉन्च, 1 किचन एरिया, महिला तथा पुरुष की अलग-अलग टॉयलेट, 2 कमरे अतिथियों के लिए चार अन्य कमरे तथा 1 स्टोर रूम बनाया गया है, उत्तरांचल भवन बहुत ही आकर्षक तथा लुभावना बना है तथा पूर्णत: व्यवस्थित भी बनाया गया है। इसी प्रकार 'पूर्वांचल भवन' जो कि लगभग 2 करोड़ 93 लाख की लागत से बना है, जिसका ग्राउंड फ्लोर क्षेत्रफल लगभग 615 वर्ग मीटर है, इस भवन में भी 1 हाल, 1 किचन, 1 एंट्रेंस लॉबी, महिला तथा पुरुषों के लिए अलग-अलग टॉयलेट 1 अतिथियों का रूम तथा 1 कांफ्रेंस हॉल तथा चार कमरा अलग से बनाए गए हैं, पूर्वांचल भवन भी पूर्णत: व्यवस्थित तथा आकर्षक बना है फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन के कार्य लगभग अंतिम चरण पर हैं जो कि शीघ्र ही पूर्ण हो जाएंगे, शहर वासियों के लिए निगम द्वारा बनाए गए उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन लाभान्वित सिद्ध होंगे नगर आयुक्त द्वारा दोनों भवनों के आसपास तथा बाहरी क्षेत्रफल को भी व्यवस्थित और सुंदर बनाने की निर्देश अधिकारियों को दिए जिसमें भवन के बाहर इंटरलॉकिंग का कार्य बेहतर लाइटों का कार्य उद्यान संबंधित कार्य को शीघ्र ही पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।



■ नगर आयुक्त ने अधिकारियों सहित किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जाएजा
■ 5 करोड़ 83 लाख की लागत से बने उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवनों का कार्य हुआ पूर्ण : नगर आयुक्त

# अवकाश दिवस में खुले रहेंगे जोनल कार्यालय

**गाजियाबाद,** 7 मार्च (देशबन्धु)। 8, 9 तथा 10 मार्च अवकाश दिवस में जोनल कार्यालय खोलने तथा टैक्स जमा करने की कार्रवाई हेतु नगर आयुक्त द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं, सम्मानित करदाताओं से नगर आयुक्त द्वारा समय से अपना टैक्स जमा करने के लिए भी अपील की गई है, पांचो जोन में टैक्स वसूली के लिए अवकाश दिवसों में अलग-अलग स्थान पर कैंप भी लगाए जाएंगे, नौकरी पेशी करने वाले करदाता जिनको समय नहीं मिल पाता उनके लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अवकाश दिवस में कैंप लगाने के लिए टीम को आदेश दिए गए हैं।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त जोनल प्रभारी तथा टैक्स के अन्य टीम के साथ बैठक की गई जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी को अवकाश दिवस में अपने क्षेत्र में कैंप लगाने तथा जोनल कार्यालय खुले रखने के लिए कहा गया है आदेश के क्रम में सभी जॉन कार्यालय खोले जाएंगे तथा टैक्स वसूली हेतु कार्रवाई की जाएगी, सभी सम्मानित करदाताओं से अपील है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में अपना हाउस टैक्स अवश्य जमा करें 31 मार्च 2024 के बाद 12त्न ब्याज की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी 12 प्रतिशत ब्याज की कार्रवाई से बचने के लिए अवकाश दिवसों में लगने वाले कैंप पर जाकर अपना हाउस टैक्स अवश्य जमा करे।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम का टैक्स विभाग अवकाश दिवसों में भी कार्य करेगा सभी जोन के कार्यालय खुलेंगे 20 स्थान पर कैंप भी लगाए जाएंगे जिसमें 'विजयनगर जोन' अंतर्गत 8 मार्च को जेपी फार्म हाउस सुदामा पुरी वार्ड साथ में कैंप लगेगा, 9 तथा 10 मार्च को गुलाबी टंकी प्रताप विहार वार्ड 51 में कैंप लगेगा, 'मोहन नगर जोन' अंतर्गत 8 मार्च को जयपाल चौक शहीद नगर वार्ड संख्या 34 में हाउस टैक्स वसूली के लिए कैंप लगेगा तथा वार्ड संख्या 10 सेंट्रल पार्क डीएलएफ में 9 तथा 10 मार्च को कैंप लगेगा 'कवि नगर जोन' अंतर्गत वार्ड संख्या 24 को 8 मार्च में लैंड क्राफ्ट सोसाइटी में कैंप लगेगा, 9 तारीख को बैग वाली कॉलोनी शास्त्री नगर वार्ड 91 में कैंप लगेगा 10 मार्च को स्प्रिंग डेल गोविंदपुरम वार्ड 62 में कैंप लगेगा 'सिटी जोन के अंतर्गत' 8 तारीख को वार्ड संख्या 50 चाम कैसल सोसाइटी, वार्ड संख्या 13 घुकना त्यागी मार्केट शिव मंदिर के पास, 9 मार्च को वार्ड संख्या 50 ब्लू मून समिति वार्ड संख्या 69 नंदग्राम ई ब्लॉक शिव मंदिर के पास, 10 मार्च को वार्ड संख्या 32 दीपक त्यागी पूर्व पार्षद के कार्यालय पर वार्ड संख्या 69 महाराणा प्रताप स्कूल वार्ड संख्या 22 गगन एनक्लेव में हाउस टैक्स वसूली का कैंप लगेगा 'वसुंधरा जोन' के अंतर्गत 6 स्थान पर कैंप लगेंगे जिसमें 9 मार्च को नील पदम कुंज सेक्टर 1 वैशाली में कैंप लगेगा, शिप्रा कृष्ण अहिंसा खंड इंदिरापुरम में कैंप लगेगा, राजहंस अपार्टमेंट अहिंसा खंड में कैंप लगेगा, ऋषभ पैराडाइज अपार्टमेंट अहिंसा खंड में कैंप लगेगा, 10 मार्च को शिप्रा कृष्ण अहिंसा खंड इंदिरापुरम में कैंप लगेगा, वैशाली सेक्टर 6 पानी की टंकी के पास कैंप लगेगा, पर्ल कोट अपार्टमेंट सेक्टर 7 रामप्रस्था ग्रीन में हाउस टैक्स वसूली का कैंप लगेगा।

■ नगर आयुक्त ने टैक्स विभाग को दिए निर्देश
■ करदाताओं की सहूलियत के लिए अवकाश के तीन दिनों में 20 स्थान पर लगेंगे कैंप : नगर आयुक्त

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

प्राधिकरण सिटी पार्क में फ्लोरीकल्चर सोसाइटी के सहयोग से इस पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। ग्रेटर नोएडा के निवासियों को इस बसंती मौसम में फूलों की तमाम प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इस डहेलिया को थीम पुष्प बनाया गया है।

**अन्नपूर्णा गर्ग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एसीईओ**

## सिटी पार्क में आज से होगा 'पुष्पोत्सव 2024' का आगाज

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में 'पुष्पोत्सव 2024' का आगाज आगामी 8 मार्च को सम्राट मिहिर भोज पार्क में होगा।




■ तीन दिन चलेगा, थीम पुष्प डहेलिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि प्राधिकरण सिटी पार्क में फ्लोरीकल्चर सोसाइटी के सहयोग से इस पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। ग्रेटर नोएडा के निवासियों को इस बसंती मौसम में फूलों की तमाम प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इस डहेलिया को थीम पुष्प बनाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर आयोजित होने जा रहे पुष्प प्रदर्शनी में फूलों की खेती, विशेषज्ञों से तैयार पुष्प डिजाइन, लैंड स्केपिंग, गमलों एवं स्पॉट गार्डन की सजावट आदि देखने को मिलेगी। तीनों दिन तक लाइव गीत-संगीत और नृत्य-कला के कार्यक्रम होंगे। पुष्प प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। स्कूली छात्रों और आम नागरिकों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है। मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिताएं भी होंगी। 'पुष्पोत्सव 2024' के अंतिम दिन 10 मार्च को विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## कुत्तों की नसबंदी के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने एचसीएल से मिलाया हाथ

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में लावारिस कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने और निवासियों की परेशानी को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने एचसीएल फाउंडेशन से हाथ मिलाया। अब एचसीएल फाउंडेशन ही ग्रेटर नोएडा में कुत्तों की नसबंदी करेगा। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एचसीएल फाउंडेशन के साथ एमओयू साइन किया है। ग्रेटर नोएडावासियों को लावारिस कुत्तों से होने वाली परेशानी की शिकायत आए दिन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तक आती रहती है। इस समस्या को हल करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर एचसीएल फाउंडेशन आगे आया है। एचसीएल फाउंडेशन कार्पोरेट सोषल रेस्पोंसबिलिटी के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के लावारिस कुत्तों की नसबंदी कराएगा।

■ नसबंदी के बाद पहचान के लिए कुत्ते के गले में पट्टा पहनाया जाएगा




गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस की मौजूदगी में इसका एमओयू हस्ताक्षर किए गए। इस अभियान के पहले चरण में एचसीएल फाउंडेशन ने सेक्टर स्वर्णनगरी, सेक्टर 36, 37, सिग्मा वन, टू, थ्री, फोर, ओमीक्रॉन वन, सेक्टर म्यू वन, पाई वन व टू में 600 कुत्तों को नसबंदी के लिए चिंहित किया है। 31 मार्च तक इन सेक्टरों में नसबंदी का लक्ष्य तय किया गया है। इसके बाद अन्य सेक्टरों व सोसाइटियों में भी नसबंदी अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा के स्वर्णनगरी में बने नसबंदी केंद्र को भी और बेहतर बनाया जाएगा। आपरेशन के लिए ऑपरेशन थिएटर को और बेहतर व सुविधायुक्त बनाया जाएगा। इस सेंटर में बने कैनल्स में नसबंदी के बाद पांच दिन के लिए कुत्तों को रखा जाएगा। उनको एंटी रेबीज इंजेक्शन भी लगाया जाएगा। उसके बाद उन्हें जहां से लाया गया था, वहीं पर वापस छोड़ दिया जाएगा। यह अभियान नि:शुल्क रहेगा। नसबंदी का खर्च एचसीएल फाउंडेशन ही वहन करेगा। सीईओ एनजी रवि कुमार ने एचसीएल फाउंडेशन कुत्तों की नसबंदी अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस दौरान ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक उत्सव निरंजन व एचसीएल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

## सुरक्षा समूह से विश टाउन में रूकी हुई परियोजनाओं का निर्माण शुरू करने की मिली अनुमति

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सुरक्षा समूह को विश टाउन में रुकी हुई परियोजनाओं का निर्माण शुरू करने की अनुमति दे दी है। यमुना प्राधिकरण और सुरक्षा समूह को अगली सुनवाई तक मुद्दे का निपटारा करने को कहा गया है। अगर निपटारा नहीं करते हैं तो मामले की अगली सुनवाई योग्यता के आधार पर की जाएगी और फैसला सुनाया जाएगा। वहीं यमुना प्राधिकरण ने समस्या के समाधान से

■ 15 हजार से फ्लैट खरीदारों को होगा फायदा

■ समाधान योजना को शासन से मंजूरी के लिए भेजा गया है पत्र

संबंधित मसौदा तैयार कर शासन को भेज दिया है। समस्या का समाधान हो जाने से 15 हजार से अधिक फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी। दरसअल जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की परियोजनाओं का सुरक्षा समूह ने मार्च 2023 में अधिग्रहण कर लिया था। जेपी इंफ्राटेक से प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा के लिए 1689 करोड़ रुपए आदि मुद्दे को लेकर बातचीत न बनने पर यमुना प्राधिकरण ने एनसीएलटी कोर्ट में चुनौती दी थी। प्राधिकरण ने मांग की गई थी कि सुरक्षा समूह किसानों को दिए जाने वाले अतिरिक्त मुआवजे के लिए 1689 करोड़ रुपए का भुगतान एक बार में करे। हालांकि दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद सुरक्षा समूह कुछ छूट की मांग करते हुए अतिरिक्त मुआवजा देने पर सहमत हुआ, लेकिन चार साल में, जबकि प्राधिकरण एक बार में भुगतान की मांग कर रहा है। यीडा ने कंपनी के मसौदे को आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेज दिया, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। यमुना प्राधिकरण ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल में भी चुनौती दी थी। इसमें मुख्य दावा जेपी इंफ्राटेक से प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा के लिए 1689 करोड़ रुपए को लेकर था। यमुना एक्सप्रेस वे पर टोल शुल्क वसूली का अनुबंध 15 साल बढ़ाने एवं नोएडा में मौजूद आवासीय परियोजनाओं के लिए नि:शुल्क एफएआर देना प्रस्ताव में शामिल है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने जेपी इंफ्राटेक का अधिग्रहण कर रही कंपनी सुरक्षा के पक्ष फैसला देते हुए यमुना प्राधिकरण के कई दावों को अस्वीकार कर दिया था। अब एनसीएलटी ने जेपी विश टाउन की परियोजनाओं को पूरा करने की अनुमति दी है। अब शासन के फैसले का इंतजार है। यमुना प्राधिकरण और सुरक्षा समूह के बीच हुई समझौते से संबंधित मसौदे को शासन से मंजूरी मिलने के बाद फ्लैद खरीदारों को काफी राहत मिलेगी।

## यमुना प्राधिकरण में संपत्तियों की दरों में हो सकती है तीन फीसदी की वृद्धि

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण अपनी सभी तरह की संपत्तियों की आवंटन दरों में वृद्धि करने की तैयारी कर रहा है।

■ यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण बोर्ड बैठक 12 को में लग सकती है मुहर

■ बाजार दर व प्राधिकरण की आवंटन दरों में है तीन गुना से अधिक का अंतर

इससे संबंधित प्रस्ताव 12 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की मुहर लगने के बाद नई दरें अप्रैल माह से लागू हो जाएंगी। इसके बाद यीडा सिटी में मकान व उद्योग लगाना और अधिक महंगा हो जाएगा। आवंटन दरों में कम से कम 5 फीसदी का अनुमान है। जेवर के पास निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट व फिल्म सिटी की वजह से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में जमीनों के दाम आसमान छू रहे हैं। हालांकि बाजार दर के मुकाबले प्राधिकरण की आवंटन दर काफी कम है। तीन गुना से अधिक का अंतर है। आवासीय व औद्योगिक सहित सभी श्रेणी में प्रॉपर्टी की मांग लगातार बढ़ रही है। प्राधिकरण द्वारा कराए गए सर्वे में सामने आया है कि आवंटन दर एवं बाजार दर में तीन गुना से अधिक का अंतर है। इसे संतुलित करने के लिए प्राधिकरण आवंटन दर में वृद्धि करने की तैयारी कर रहा है। आगामी बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी प्राधिकरण ने आवंटन दरों में वृद्धि की थी। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि निर्माण सामग्री की दरें बढ़ने, विकास कार्य पर होने वाले खर्च, मुआवजा राशि आदि में वद्धि को देखते हुए आवंटन दरों में वृद्धि की जाएगी। इस बार मामूली वृद्धि की जाएगी।

## एसीईओ ने सेक्टर ईकोटेक थ्री का लिया जायजा

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने गुरुवार को औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक थ्री का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों एसीईओ ने सड़कें, सीवर, नाली, पानी की सप्लाई आदि सुविधाओं को देखा। टूटी सड़कें और नालियों को रिपेयर कराने के निर्देश दिए। एसीईओ ने संबंधित वरिष्ठ प्रबंधकों को सेक्टर के उद्यमियों से मिलकर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करने को कहा है। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा और वरिष्ठ प्रबंधक अनुज आनंद आदि मौजूद रहे। एसीईओ ने परियोजना विभाग के अधिकारियों को अन्य औद्योगिक सेक्टरों के उद्यमियों से भी संपर्क कर उनकी समस्याओं को शीघ्र हल करने के निर्देश दिए।



## किसानों के नलकूपों की बिजली बिल पर शत-प्रतिशत छूट देने का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश भर के किसानों की आय दोगुनी करने एवं उनका आर्थिक विकास करने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2023 से उत्तर प्रदेश के किसानों को सिंचाई हेतु नलकूपों के बिजली बिल पर शत प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है, जिसका उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से शुभारंभ किया गया, जिसका प्रदेश भर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण भी किया गया। इसी क्रम में जिले के किसानों के नलकूपों के बिजली बिल पर शत् प्रतिशत छूट देने की व्यवस्था का नगर पालिका अध्यक्ष गीता पंडित की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य अभियंता विद्युत विभाग राजीव मोहन, किसान संगठनों के प्रतिनिधिगण एवं कृषक उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश शासन ने लागू की गई इस योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई और बताया कि प्रदेश में 14 लाख 78 हजार 591 किसानों के पास निजी नलकूप हैं। इसमें से 13 लाख 48 हजार निजी नलकूप 10 हॉर्स पॉवर या उससे नीचे के हैं। 1 लाख 28 हजार 944 नलकूप ऐसे हैं जो 10 से 15 हॉर्स पावर क्षमता वाले हैं। इसी प्रकार 8 हजार 923 ऐसे नलकूप हैं जो 15 हॉर्स पॉवर से ऊपर की क्षमता के हैं। इन सभी को बिल माफी योजना के साथ जोड़ा जा रहा है।



■ कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का हुआ प्रसारण, जनप्रतिनिधि व किसान संगठन हुए शामिल

इस योजना को 1 अप्रैल 2023 से ही लागू किया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किसानों के हितार्थ लागू की गई इस योजना की किसान संगठन के प्रतिनिधियों एवं कृषकों के द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा अध्यक्षता की में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें डीसीपी पुलिस रामबदन, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, मुख्य कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर अधिकारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं होती है। जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी है कि वह अपने सेक्टरों में निर्वाचन से सम्बंधित या निर्वाचन को प्रभावित करने वालें सभी पहलुओं की जांच करें। इसके लिए जरूरी है कि अपने बूथों एवं अपने-अपने कार्यक्षेत्र की पूर्ण जानकारी रखते हुए सोच समझकर कार्य करें। निर्वाचन कार्य सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समन्वय बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े सभी अधिकारियों द्वारा और कर्मचारियों को इनकी कार्यविधि की जानकारी होनी जरूरी है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान फ्लाइंग स्क्वॉड के द्वारा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत, असामाजिक तत्वों का मूवमेंट, शराब एवं शस्त्र संबंधी कार्रवाई, मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए ले जायी जा रही नगदी, निर्वाचन व्यय संबंधी शिकायत, सभी रैली व आमसभा की वीडियोग्राफी, अन्य निर्वाचन व्यय संबंधी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थी का व्यय रजिस्टर के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी के द्वारा खर्च किए गए समस्त धनराशि का लेखा-जोखा रखा जाएगा एवं व्यय रजिस्टर संपूर्ण प्रचार अवधि में कम से कम तीन बार रिटर्निंग ऑफिसर को निश्चित दिनांकों में प्रस्तुत करना होगा।



सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के दिया गया प्रशिक्षण

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सेल्समैन की मौत

**रबूपुरा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। कस्बा झाझर से बियर की दुकान बंद कर घर लौट रहे सेल्समैन की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा उपचार को ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कस्बा रबूपुरा निवासी नेत्रपाल शर्मा झाझर स्थित बियर की दुकान पर बतौर सेल्समैन कार्यरत था।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308 जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित/हस्तांतरित भूखण्ड संख्या-335, पाकेट-एस, सैक्टर-20, क्षेत्रफल-500 वर्गमीटर, आवंटन संख्या-वाई.ई.ए.-003819, के आवंटी/अंतरिकी Late Sh. Vishnu Swaroop Gupta S/o Late Sh. Ram Lal Garg की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र Sh. Rajev Garg S/o Late Sh. Vishnu Swaroop Gupta द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में आवंटी/अंतरिकी Late Sh. Vishnu Swaroop Gupta S/o Late Sh. Ram Lal Garg की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र Sh. Rajev Garg S/o Sh. Vishnu Swaroop Gupta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी- (सम्पत्ति)



**NAME CHANGE**

I, Anurag bhushan mani tripathi S/O late Rama Shanker Mani Tripathi R/O D-103, D block Saket ( near sai baba temple), Delhi 110017 have changed my name to Anurag Tripathi for all future purpose


## कृषि विभाग की इमारत पर भूमाफियाओं ने दिनदहाड़े चलाया बुल्डोजर, हड़कंप

■ बीडीओ व तहसीलदार के मौके पर पहुंचने पर भूमाफिया हुए फरार

**जेवर,** 7 मार्च (देशबन्धु)। कस्बे में भूमाफियाओं के हौंसले इतने बुलन्द होते जा रहे हैं कि उन्होंने गुरूवार को पुलिस व प्रशासन की चिंता किये बगैर दिन दहाड़े कृषि विभाग की इमारत पर बुल्डोजर चलाकर कब्जा करने का प्रयास किया। बीडीओ व तहसीलदार के मौके पर पहुंचने पर भूमाफिया मौके से फरार हो गए। ज्ञात हो कि ब्लाक परिसर से करीब 100 मीटर तथा कोतवाली से करीब दौ सौ मीटर खुर्जा रोड पर कृषि विभाग का राजकीय कृषि बीज भंडार एवं कर्मचारी/ किसान सहायक आवास की इमारत कई दषकों से बनी हुई है। कुछ वर्ष पूर्व इमारत के जर्जर व क्षतिग्रस्त होने पर कृषि बीज भंडार को ब्लाक परिसर में शिफ्ट कर दिया गया था। उसके बाद से यह इमारत खंडर के रूप में खड़ी हुई थी।


पत्र नहीं मित्र **देशबन्धु**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोनः- 0120-4270009



पत्र नहीं मित्र **देशबन्धु**

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा

Mob: 9411492655



**Shiv Mahima Enterprises**

सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता

Mob.: 9910280173

Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## एमएसएमई मंत्रालय की तरफ से विक्रेता विकास कार्यक्रम का समापन

**ग्रेटर नोएडा,** 7 मार्च (देशबन्धु)। एमएसएमई मंत्रालय के ओखला कार्यालय की तरफ से जीएल बजाज संस्थान में चल रहे विक्रेता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन (आईईए) सहित अन्य औद्योगिक संस्थाओं और एमएसएमई मंत्रालय के ओखला कार्यालय ने मिलकर किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीमा सुरक्षा बल के डीआईजी अवतार सिंह शाही ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उद्यमियों ने अपने उत्पादन की प्रदर्शनी भी लगाई। इस कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल से महेंद्र सिंह, आइओसीएल से पंकज कुच्छल, कौशल कुमार सिन्हा एवं एस के सुमन, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड से यश गोयल द्वारा एमएसएमई से खरीदे जा रहे अपने उत्पादों की जानकारी एवं टेंडर प्रक्रिया को भी साझा किया। दूसरे दिन एनएसआईसी से सरवन कुमार ने एमएसएमई के लिए इक्विटी द्वारा फंड रेजिंग योजना से सभी उद्यमियों को अवगत कराया। एनएसआईसी से वाई के शर्मा, उपेंद्र शर्मा एव निष्ठा कक्कर ने कच्चे माल की खरीद में सहायता जैसी दूसरी योजनाओ के विषय मे जानकारी दी। सिडबी से एस आर मीना ने सरकारी योजनाओं के विषय मे बताया। जेम पोर्टल से अमरेंदर मेहता एव अनामिका श्रीवास्तवा ने रजिस्ट्रेशन एवं पोर्टल पर हो रही समस्याओं के निदान की जानकारी के साथ हेल्प डेस्क लगाई। केंद्र सरकार की एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओ की जानकारी सुनील कुमार के द्वारा उद्यमियों के साथ साझा की गई। कार्यक्रम में आईईए संस्था के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने सभी का स्वागत किया। नरेंद्र सोम ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। इस दौरान विशाल गोयल, महेंद्र शुक्ला, सुनील दत्त ,संजीव शर्मा, दर्शन शर्मा, अभिषेक जैन, अखिल गुप्ता, पवन गर्ग, एमपी शुक्ला, सूर्यकांत तोमर, विमलेश, अनिल मिश्रा, निशांत तेवतिया, भास्कर सिरोही आदि उद्यमी मौजूद रहे।



■ उद्यमियों को आय बढ़ाने के बताए गए तरीके


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी सदर गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 973/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 20.07.2022 मृतक श्री चन्द्रभान पुत्र स्व0 श्री हरचन्दा, निवासी ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मुत्यु दिनांक 21.04.2011 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 714अ 714ब | श्री चन्द्रभान पुत्र स्व0 श्री हरचन्दा, निवासी ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती बाला | पत्नी | 45 वर्ष | |
| | | | श्री निखिल | पुत्र | 19 वर्ष | अविवाहित |
| सालारपुर | 23 | | श्री आशीष | पुत्र | 22 वर्ष | अविवाहित |
| | | | निकिता | पुत्र | 21 वर्ष | अविवाहित |
| | | | आशा | पुत्र | 24 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मौहम्मदपुर गूजर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1205/एस0टी0/एस0टी0-एस0डी0एम/2022, दिनांक 07.10.2022 के द्वारा स्व0 हरगोविन्द सिंह पुत्र स्व0 खचेडू नि0 ग्राम मौहम्मदपुर गूजर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| मौहम्मदपुर गूजर | 318 | स्व0 हरगोविन्द सिंह पुत्र स्व0 खचेडू, नि0 ग्राम मौहम्मदपुर गूजर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री प्रेम सागर | पुत्र | 50 वर्ष |
| | | | श्री नरेन्द्र सिंह | पुत्र | 48 वर्ष |
| | | | श्री सतीश चन्द | पुत्र | 41 वर्ष |
| | | | श्री ज्ञानेन्द्र सिंह | पुत्र | 39 वर्ष |
| | | | श्रीमती वीरवती | पुत्री विवाहित | 45 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर व 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी सदर गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1178/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 27.12.2023 मृतक श्री देशराज पुत्र स्व0 श्री लिक्खी निवासी ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर व श्री पपेन्द्र नागर पुत्र स्व0 देशराज, निवासी ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु क्रमशः दिनांक 02.02.2012 व 17.03.2018 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 688अ 688ब | श्री देशराज पुत्र स्व0 श्री लिक्खी, निवासी ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर व श्री पपेन्द्र नागर पुत्र स्व0 देशराज, निवासी ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती जयवती | पत्नी | 66 वर्ष | |
| | | | श्री जयप्रकाश | पुत्र | 37 वर्ष | |
| | | | श्री सत्यप्रकाश | पुत्र | 36 वर्ष | |
| | | | सुखवीर सिंह | पुत्र | 35 वर्ष | |
| | | | श्रीमती मंजू पत्नी स्व पपेन्द्र नागर | पुत्रवधू | 30 वर्ष | |
| | | | कु0 गौरी पुत्री स्व0 पपेन्द्र नागर | पौत्री | 10 वर्ष | |
| | | | रौनक पुत्र स्व0 पपेन्द्र नागर | पौत्र | 08 वर्ष | |
| | | | श्रीमती अनिता | पुत्री | 33 वर्ष | |
| | | | श्रीमती बिमलेश | पुत्री | 51 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 446/एस0टी0-एस0डी0एम0/2013 दिनांक 20.03.2013 मृतक श्री पीतम उर्फ ब्रहमचन्द पुत्र स्व0 श्री रामजीलाल, निवासी ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 21.08.2011 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 464अ 418 463आ 463बा | श्री पतीम उर्फ ब्रहमचन्द पुत्र स्व0 श्री रामजीलाल, निवासी ग्राम गौरंगपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती कृष्ण | पत्नी | 52 वर्ष | |
| | | | श्री नरेश | पुत्र | 30 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री यशवीर | पुत्र | 27 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री अमित | पुत्र | 25 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री सुमित | पुत्र | 22 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 8 मार्च 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# महिला सशक्तीकरण पर बेईमान रवैया

देश एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजनों का साक्षी बनने के लिए तैयार हो चुका है। सरकारी, गैर-सरकारी संस्थानों में महिलाओं का सम्मान करने के लिए कार्यक्रम किए होंगे। पत्र-पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित होंगे, जिनमें भारत में स्त्रियों को देवी का दर्जा दिए जाने की महान परंपरा की बातें होंगी। 21वीं सदी में देश में सेना, विज्ञान, शिक्षा, खेल-कूद, कारोबार, कला-संस्कृति हर क्षेत्र में महिलाओं ने कितनी उन्नति की है, इसके उदाहरण पेश किए जाएंगे। महिला राष्ट्रपति से लेकर विभिन्न किस्म के उच्च पदों पर बैठी महिलाओं की जीवनगाथाएं प्रस्तुत होंगी। हर साल यही सब होता आया है और आगे भी होता रहेगा। स्त्री शक्ति को रेखांकित करते ऐसे आयोजनों में पीड़ित, शोषित और वंचित महिलाओं की बातें बड़े सुविधाजनक तरीके से किनारे कर दी जाती हैं। मौजूदा सरकार का भी यही तरीका है। अब 2014 वाला दौर नहीं रहा, जब निर्भया कांड के बाद सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट करने के लिए जनता अगर सड़कों पर उतर आई तो तत्कालीन सरकार ने ऐसा करने से जनता को नहीं रोका, न ही इस मामले को दबाने की कोशिश की या इस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा कि उनके कार्यकाल में एक जघन्य अपराध घटित हुआ है। बल्कि तब कांग्रेस सरकार ने निर्भया के इलाज की पूरी जिम्मेदारी उठाई, पीड़िता की मौत के बाद उसके परिवार को राहुल गांधी ने सहारा दिया, उनके भाई को पायलट बनाने में मदद की, लेकिन कभी इस का कोई प्रचार नहीं किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बरसों-बरस मनाने और लैंगिक समानता का ढोल पीटने के बावजूद यह एक कड़वी हकीकत है कि महिलाओं के लिए बराबरी और सम्मान की सोच समाज में अब तक व्याप्त नहीं हो पाई है। किस्म-किस्म के भेदभाव और अत्याचार महिलाओं पर होते रहे हैं और इसके लिए किसी सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका व्यापक संबंध समाज की मानसिकता से जुड़ा है। सरकारें अपने फैसलों और नीतियों से इस मानसिकता को सुधारने का काम अवश्य कर सकती हैं, साथ ही महिला सशक्तिकरण जैसे विस्तृत विषय को राजनीति से दूर रख सकती हैं। खेद है कि मौजूदा केंद्र सरकार में ऐसा नहीं हो रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे एकाध नारे और दो-चार योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री नारी सशक्तीकरण का श्रेय लेना चाहते हैं। नये संसद भवन में महिला आरक्षण पर विधेयक पारित करवा कर उन्होंने इतिहास रचने का दावा भी किया, हालांकि उनके दावों की हकीकत कई बार जनता देख चुकी है। महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर उनका दुचित्तापन भी अब सामने आ चुका है।

बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी प.बंगाल में थे, जहां हाल ही में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख पर लगा है। शाहजहां शेख फिलहाल कानून की गिरफ्त में है। प.बंगाल में भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस से आगे निकलना चाहती है। लिहाजा प्रधानमंत्री ने उत्तरी 24 परगना जिले के बारासात में भाजपा की नारी शक्ति अभिनंदन रैली की और इसमें कहा कि संदेशखाली में जो कुछ भी हुआ, उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा। लेकिन टीएमसी सरकार अपराधी को बचाने पर तुली हुई है। इसके बाद उन्होंने बताया कि उनके दस साल के शासनकाल में महिलाएं कितनी मजबूत हुई हैं। श्री मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात भी की। गनीमत है कि संदेशखाली की पीड़िताओं की व्यथा सुनने का वक्त प्रधानमंत्री को मिला। अन्यथा हाथरस, कठुआ, उन्नाव की पीड़िताएं अपने दर्द और अन्याय को भुगतते हुए चली गईं। मणिपुर की महिलाओं के दर्द का जिक्र तो प्रधानमंत्री करना ही नहीं चाहते। वैसे दाद देनी पड़ेगी प्रधानमंत्री के बड़बोलेपन और मिथ्यालाप के दुस्साहस की, टीएमसी के शासन में महिलाओं पर क्या अत्याचार हुआ है, इस पर वे खूब बरस रहे हैं, लेकिन कानपुर में दो नाबालिग बच्चियों को सामूहिक बलात्कार के बाद मार दिया गया और अब उनमें से एक के पिता ने भी आत्महत्या कर ली है, क्योंकि आरोपी उन पर समझौते का दबाव बना रहे थे, इस पर प्रधानमंत्री शायद ही कुछ कहें, क्योंकि उत्तरप्रदेश में भाजपा की सरकार है। इसी तरह उत्तराखंड में पिछले साल अंकिता भंडारी नामक युवती की हत्या कर दी गई थी। जिस रिसार्ट में अंकिता काम करती थी, वहां के मालिक ने कथित तौर पर कुछ लोगों को विशेष सेवा देने का दबाव अंकिता पर बना रहे थे, और इंकार करने पर उसे मार ही दिया गया। कार्रवाई के नाम पर रिसार्ट का वो हिस्सा बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया, जहां से सबूत मिल सकते थे। इस पूरे मामले को प्रमुखता से उठाने और इस पर जनआंदोलन खड़े करने वाले पत्रकार आशुतोष नेगी को उत्तराखंड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि श्री नेगी लोगों को उकसा रहे थे। हालांकि उनकी गिरफ्तारी के बाद पौड़ी में बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस निकाल कर पुलिस को गलत साबित कर दिया है। अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए लोगों में बेचैनी और सरकार के लिए नाराजगी दिख रही है।

भाजपा के 10 सालों के शासनकाल में महिलाओं पर अत्याचार तो बढ़ा ही है, उससे ज्यादा दुख की बात यह है कि अपराधों को रोकने की जगह मामले को राजनैतिक लाभ-हानि के मुताबिक संभाला जा रहा है। प.बंगाल में राजनैतिक लाभ दिखा तो प्रधानमंत्री वहां महिला न्याय की बात करने पहुंच गए, लेकिन मणिपुर, उत्तराखंड या उत्तर प्रदेश के मामलों को अनदेखा कर गए। महिला सशक्तीकरण को लेकर अपनाई जा रही इस बेईमानी के बीच किस तरह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता बची रहेगी, यह विचारणीय है।

# बीजेपी का घटता आत्मविश्वास, फीका होता मोदी मैजिक

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची से ही बीजेपी की कई गंभीर कमियां और विपक्ष की मजबूती दिखने लगी है। प्रथम सूची जारी होते ही आसनसोल से बीजेपी उम्मीदवार पवन सिंह ने चुनाव पूर्व ही हार स्वीकार करते हुए अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। इस घटना के अगले दिन ही उत्तर प्रदेश के बाराबंकी सांसद उपेंद्र रावत ने भी एक तथाकथित वीडियो वायरल होने के बाद अपना टिकट वापस कर दिया। इस तरह अब 195 उम्मीदवारों में से 193 बीजेपी प्रत्याशी मैदान में हैं। इस टिकट वितरण से यह भी स्पष्ट हो गया कि बीजेपी उत्तर प्रदेश में बुरी तरह फंसी हुई है। बीजेपी ने यहां 51 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें सभी वर्तमान बीजेपी सांसदों को पुन: टिकट दे दिया गया, केवल 4 हारे हुए स्थानों पर टिकट बदला गया। जबकि दूसरे राज्यों में कई वर्तमान सांसदों के टिकटों को भी काटा गया।

बीजेपी ने टिकट वितरण से पूर्व कई मापदंडों की बात कही थी, जिसमें सर्वप्रथम चर्चित मापदंड उम्र से संबंधित था। उम्र के आधार पर ही बीजेपी में कई वरिष्ठ नेताओं को शानदार प्रदर्शन के बावजूद मार्गदर्शन मंडल में भेजा जा रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश में यह मापदंड भी लागू नहीं हुआ। उदाहरण के लिए गुजरात के बनासकांठा सीट और उत्तर प्रदेश के मथुरा सीट की तुलना करके देखा जाए। बनासकांठा में वर्तमान बीजेपी सांसद परबत पटेल की उम्र 75 वर्ष थी और उनकी टिकट काटी गई। सांसद परबत पटेल का प्रदर्शन भी अच्छा था। वहीं दूसरी ओर मथुरा सीट पर बीजेपी सांसद हेमा मालिनी की उम्र भी 75 वर्ष है। पिछले 10 वर्षों में जनता से उनका संवाद भी नहीं के बराबर रहा। वे अधिकांशत: मुंबई रही। इस तरह परबत पटेल की तुलना में उनका प्रदर्शन भी खराब रहा, फिर भी उनका टिकट नहीं कटा। डुमरियागंज के बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल भी 74 वर्ष के हो चुके हैं। फिर भी उनका टिकट नहीं कटा। वहीं बनासकांठा में बीजेपी ने परबत पटेल का टिकट काटकर रेखा बेन चौधरी को टिकट दिया। ज्ञात हो रेखा बेन चौधरी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। स्पष्ट है कि गुजरात में टिकट वितरण में बीजेपी जोखिम उठाने से पीछे नहीं हट रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में बीजेपी डरी हुई दिखाई दे रही है, जिससे वह कोई भी जोखिम नहीं ले रही है।

उत्तर प्रदेश को बीजेपी अपना गढ़ बताया करती है, लेकिन अब उसी उत्तर प्रदेश में बीजेपी के आत्मविश्वास में भारी कमी दिख रही है। आत्मविश्वास की कमी के कारण वह अपने विवादास्पद सांसदों का टिकट भी नहीं काट पा रही। बीजेपी का दावा है कि वह उम्मीदवारों को टिकट देने से पहले अलग-अलग तीन-तीन एजेंसियों से सर्वे करा रही है और नमो एप पर भी आंकड़ों का विश्लेषण कर टिकट दे रही है। इन सबके बावजूद बाराबंकी से सांसद उपेंद्र रावत को पुन: उम्मीदवार कैसे बना लिया गया था? उनके तथाकथित वायरल वीडियो से पूर्व भी वे लगातार विवादों में रहे हैं। अधिकारियों के साथ गालीगलौज और मारपीट की धमकी वाले उनके ऑडियो हमेशा वायरल होते रहे हैं, फिर भी इनके उम्मीदवारी पर कोई असर नहीं पड़ा। अंतत: बीजेपी को अब बाराबंकी सीट पर इस शर्मनाक स्थिति को झेलना पड़ रहा है।

बीजेपी उत्तर प्रदेश में यूं तो 80 सीट जीतने का दावा कर रही थी, लेकिन इतने भारी दबाव में है कि काफी खराब प्रदर्शन करने वाले सांसदों को भी पुन: उम्मीदवार बनाने के लिए बाध्य हो गई। इस संदर्भ में उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश के सलेमपुर लोकसभा सीट और झारखंड के लोहरदग्गा सीट की तुलना काफी रोचक है। बीजेपी ने उत्तर प्रदेश के सलेमपुर में बीजेपी सांसद रवींद्र कुशवाहा को पुन: उम्मीदवार बनाया है, जबकि क्षेत्र में उनके अत्यंत खराब प्रदर्शन से लोग काफी नाराज हैं। प्राय: सत्ता विरोधी रूझान को कम करने के लिए ऐसे स्थानों पर उम्मीदवार बदल दिया जाता है। वहीं झारखंड के लोहरदग्गा सीट पर बीजेपी सांसद सुदर्शन भगत तीन बार से सांसद थे। सुदर्शन भगत जातीय समीकरण के आधार पर भी मजबूत थे, लेकिन सर्वे रिपोर्ट में उनके प्रति थोड़ी नाराजगी दिखते ही बीजेपी ने उनका टिकट काट कर सुदर्शन उरांव को टिकट दे दिया। इस तरह भारी नाराजगी के बावजूद सलेमपुर में रवींद्र कुशवाहा का टिकट बरकरार रहा, जबकि झारखंड के लोहरदग्गा सीट पर सुदर्शन भगत का टिकट कट गया। सलेमपुर सांसद रवींद्र कुशवाहा का एक बयान यूं भी काफी चर्चा में रहा था कि मैं 2 बार सांसद रहा हूं, जबकि मेरे पिताजी 4 बार के सांसद रहे हैं, फिर भी मेरे घर के सामने का टंकी चालू नहीं हो पाया है। इस बयान से ही सांसद महोदय के रिपोर्ट कार्ड को समझा जा सकता है। सलेमपुर सीट पर 'इंडिया' गठबंधन ने अभी प्रत्याशी नहीं उतारा है, लेकिन इसके पहले ही बीजेपी इस सीट पर अभी ही हारती नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश में डरी हुई बीजेपी इस तरह के उम्मीदवारों की टिकट देकर अपने सीटों की संख्या स्वयं घटा रही है। इसी तरह जौनपुर सीट पर बीजेपी ने कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है, जो पहले कांग्रेस में थे और महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता के रूप में गृह राज्य मंत्री रह चुके हैं। यहां से धनंजय सिंह बीजेपी के टिकट के लिए प्रयत्नशील थे, लेकिन उन्हें यह टिकट नहीं दिया गया। तब उन्होंने बीजेपी के विरुद्ध ही विरोध का बिगुल फूंक दिया। लेकिन इसी समय (6 मार्च) उन्हें एमपी एमएलए कोर्ट ने 7 वर्ष की सजा सुना दी, फलत: धनंजय सिंह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए। इस घटनाक्रम से उत्तर प्रदेश के ठाकुर समुदाय में बीजेपी के प्रति नाराजगी दिख रही है। यहां भी अभी गठबंधन के तरफ से उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है, फिर भी मुकाबले से पहले ही बीजेपी गलत उम्मीदवार के चयन के कारण कमजोर दिख रही है।



राहुल लाल

**पिछले चुनाव तक बीजेपी प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर किसी भी उम्मीदवार को जीत दिलवाने का आत्मविश्वास रखती थी, लेकिन अब आत्मविश्वास खोती हुई बीजेपी स्टार कलाकारों पर निर्भर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन के कारण दिल्ली में बीजेपी के 5 उम्मीदवारों में से केवल एक वर्तमान सांसद मनोज तिवारी को टिकट मिल पाया, शेष 4 वर्तमान सांसदों का टिकट कट गया।**

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से एक बार पुन: गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को टिकट दिया गया है। बीजेपी के इस कदम से किसान आक्रोश में हैं। टेनी के टिकट को किसान जले पर नमक छिड़कने के रूप में देखते हैं। अजय मिश्र टेनी के टिकट ने 2021 में किसानों को थार से रौंदने के घटनाक्रम के जख्म को फिर से ताजा कर दिया है। एक तरफ केंद्र की सरकार कह रही है कि हम किसानों की मांगों के प्रति हमदर्दी रखते हैं, जबकि दूसरी तरफ अजय मिश्र टेनी को टिकट दे दिया जाता है।

उत्तर प्रदेश के डबल इंजन में अब तक का विश्लेषण कुछ सामान्य सीटों का था। लेकिन अगर उत्तर प्रदेश के हाईप्रोफाइल सीट अमेठी का विश्लेषण किया जाए, तो यहां भी बीजेपी की उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी काफी कमजोर नजर आ रही हैं। अभी कांग्रेस ने अमेठी से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, लेकिन खबर है कि राहुल गांधी, अमेठी और वायनाड दोनों जगहों से चुनाव लड़ेंगे। 2019 में राहुल गांधी कांटे के मुकाबले में 55 हजार वोटों से चुनाव हार गए थे। अमेठी में 5 विधानसभा है। इनमें तीन सीटों पर बीजेपी का कब्जा है, जबकि दो सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती थी। हालांकि, हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के दोनों विधायक बीजेपी के पक्ष में दिखे। इस तरह अब कागज पर अमेठी के सभी 5 सीटों पर बीजेपी का प्रभाव है। परंतु अमेठी की जमीनी स्थिति बिल्कुल अलग है। लोग 2019 में स्मृति ईरानी को वोट देकर दुखी हैं। अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 1967 में बना था, तभी से यह सीट कांग्रेस, विशेषकर गांधी परिवार का गढ़ रहा है। स्मृति ईरानी ने वहां 13 रुपया किलो चीनी और 400 रुपया प्रति सिलेंडर का वादा किया था। अब जनता उनसे सवाल पूछ रही है कि कहां है 13 रुपया में चीनी और 400 वाली सिलेंडर? महंगाई और बेरोजगारी के बीच राहुल गांधी को लोग याद कर रहे हैं। अगर राहुल गांधी यहां से चुनाव लड़ते हैं, तो स्मृति ईरानी के लिए के लिए जीत संभव नहीं है। बीजेपी देश में 400 पार का नारा दे रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में ही 30-40 सीटों के नुकसान में दिख रही है।

पिछले चुनाव तक बीजेपी प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर किसी भी उम्मीदवार को जीत दिलवाने का आत्मविश्वास रखती थी, लेकिन अब आत्मविश्वास खोती हुई बीजेपी स्टार कलाकारों पर निर्भर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन के कारण दिल्ली में बीजेपी के 5 उम्मीदवारों में से केवल एक वर्तमान सांसद मनोज तिवारी को टिकट मिल पाया, शेष 4 वर्तमान सांसदों का टिकट कट गया। दिल्ली में गौतम गंभीर ने पहले ही चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। इसके अतिरिक्त दिल्ली में बीजेपी सांसद हंसराज हंस का टिकट कटना तय माना जा रहा है। इस तरह बीजेपी ने दिल्ली के 7 सीटों में केवल मनोज तिवारी को टिकट दिया है, वह भी उनके भोजपुरी स्टारडम के कारण। वहीं तमाम कमियों के बावजूद हेमा मालिनी को भी पुन: टिकट मिलने का कारण उनका स्टारडम ही रहा है। ऐसा लगता है कि अब बीजेपी को प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर जीतने की संभावना कम है, इसलिए प्रसिद्ध सेलिब्रिटी से ही उनका सहारा बचा है। बीजेपी उम्मीदवारों के टिकट वितरण से स्पष्ट हो चुका है कि मोदी मैजिक फीका पड़ गया है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक मामलों के जानकार हैं )**

# चुनावी वायदे : राजनीतिक दलों के दिखावे के खेल को रोकने की प्रणाली चाहिए

■ **के रवीन्द्रन**

भारतीय चुनाव का मौसम एक जीवंत तमाशा है। रैलियां ऊर्जा से भरी होती हैं, रंग-बिरंगे झंडे लहराते हैं, और घोषणापत्र भविष्य के लिए भव्य दृष्टिकोण पेश करते हैं। फिर भी, जश्न के माहौल के नीचे एक परेशान करने वाला सवाल छिपा है: क्या ये वायदे महज़ बयानबाजी का खेल हैं, जिनके हकीकत में बदलने की बहुत कम संभावना है? शायद, अब चुनावी वायदों के लिए एक लोकपाल को संस्थागत बनाने का समय आ गया है-पार्टियों को व्यवहार्यता के लिए जवाबदेह बनाने और उनके वादों पर अमल करने के लिए एक तंत्र को अस्तित्व में लाने का।

भाजपा और विपक्षी कांग्रेस दोनों द्वारा तेजी से बढ़ते महत्वाकांक्षी वायदों के मद्देनजर इस तरह के नियंत्रण और संतुलन की आवश्यकता विशेष रूप से स्पष्ट है। 2019 के चुनावों में, भाजपा ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा किया था, इस लक्ष्य को विशेषज्ञों ने व्यापक रूप से अवास्तविक माना था। दूसरी ओर, कांग्रेस ने न्यूनतम आय गारंटी योजना (न्यूनतम आय योजना) का वायदा किया-महत्वपूर्ण बजटीय निहितार्थ वाला एक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम।

**लोकपाल का निर्माण भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक कदम होगा। यह मतदाताओं को सशक्त बनायेगा, जिम्मेदार प्रचार अभियान को प्रोत्साहित करेगा और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देगा जहां वायदे ठोस कार्रवाई में तब्दील होते हैं। भारतीय चुनावों की जीवंत टेपेस्ट्री में, लोकपाल यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।**

हालांकि ये वायदे मतदाताओं की कल्पना को आकर्षित करते हैं, लेकिन इनमें एक महत्वपूर्ण अनुपस्थिति है : जवाबदेही। वर्तमान में, चुनावी वायदों की सत्यता या व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए कोई तंत्र मौजूद नहीं है। राजनीतिक दल दण्ड-मुक्ति के साथ घोषणापत्र तैयार करते हैं, यह जानते हुए कि उन्हें जिम्मेदार ठहराये जाने की संभावना न्यूनतम है। परिणाम की यह कमी खोखली बयानबाजी की संस्कृति को जन्म देती है, जहां वायदे ठोस योजनाओं के बजाय सुविधाजनक बातचीत के बिंदुओं में बदल जाते हैं।

भारत के चुनाव आयोग को अक्सर अजीबोगरीब वायदों के खिलाफ संभावित संरक्षक के रूप में उद्धृत किया जाता है। हालांकि, चुनाव आयोग की भूमिका मुख्य रूप से निष्पक्ष चुनाव कराने और चुनाव प्रचार के लिए दिशानिर्देशों का एक सेट, आदर्श आचार संहिता, लागू करने तक ही सीमित है। उन्हें घोषणापत्र के वायदों की जांच करने का अधिकार नहीं है, जिससे वे बड़े पैमाने पर अनियंत्रित हो जाते हैं।

चुनाव के बाद वायदों की पूर्ति पर नज़र रखने के लिए एक मजबूत तंत्र की अनुपस्थिति चुनाव आयोग की प्रभावकारिता को और सीमित कर रही है। जश्न मनाने के लिए ऊपर फेंके जाने वाले चमचमाते कागज के टुकड़ों (कन्फेटी) के नीचे गिरकर शांत होने के बाद घोषणापत्र अक्सर धूल फांकते हैं, उनके कार्यान्वयन का कोई व्यवस्थित अनुवर्ती मूल्यांकन नहीं होता है। अनुवर्ती कार्रवाई की यह कमी लोकतांत्रिक जवाबदेही के विचार को कमजोर करती है। मोदी सरकार ने एक निश्चित प्रकार के चुनावी वायदों को लागू किया है, लेकिन इनका मुख्य उद्देश्य समावेशी लोकतांत्रिक प्रगति को बढ़ावा देने के बजाय विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाना था।

इसके लिए एक लोकपाल की मांग इसी कमी से उपजती है। समर्थक एक स्वतंत्र निकाय की कल्पना करते हैं जिसके पास व्यवहार्यता और वित्तीय व्यवहार्यता के लिए घोषणापत्र के वादों की जांच करने की शक्ति हो। लोकपाल चुनाव के बाद जनता और चुनाव आयोग को समय-समय पर रिपोर्ट जारी करके वायदा की गई योजनाओं की प्रगति पर भी नज़र रख सकता है।

ऐसी प्रणाली बहुत आवश्यक पारदर्शिता लायेगी और वायदे के खेल में कुछ ताकत लायेगी। राजनीतिक दलों को यथार्थवादी और प्राप्त करने योग्य लक्ष्य तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा, यह जानते हुए कि वे जांच के अधीन होंगे। लोकपाल की रिपोर्टों से सशक्त मतदाता मतपेटी में अधिक जानकारीपूर्ण विकल्प चुन सकते हैं।

लोकपाल प्रस्ताव के विरोधियों ने नवाचार को दबाने और राजनीतिक प्रवचन को सूक्ष्म रूप से प्रबंधित करने के बारे में चिंता जताई है। उनका तर्क है कि घोषणापत्र-लेखन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक अंतर्निहित हिस्सा है, और मतदाताओं में यथार्थवादी वायदों को मात्र दिखावे से समझने की क्षमता होती है।

हालांकि, ये चिंताएं वर्तमान वास्तविकता को झुठलाती हैं। मौजूदा प्रणाली, जवाबदेही से रहित, काल्पनिक वायदों की अनुमति देती है जो अंतत: राजनीतिक प्रक्रिया में जनता के विश्वास को खत्म कर देती है। एक लोकपाल नवप्रवर्तन को नहीं रोकेगा; इसके बजाय यह पार्टियों को अपने एजेंडे तैयार करने में अधिक रचनात्मक और जिम्मेदार होने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

एक लोकपाल राजनीतिक विमर्श को भी नहीं दबायेगा। नीतिगत विकल्पों के बारे में स्वस्थ बहस लोकतंत्र की आधारशिला है। लोकपाल की भूमिका यह सुनिश्चित करने की होगी कि यह बहस वास्तविकता पर आधारित हो, न कि अवास्तविक वादों की मृगतृष्णा पर।

आगे के रास्ते पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। पार्टियों के अपने विचार प्रस्तुत करने के वैध अधिकार के उल्लंघन से बचने के लिए लोकपाल की शक्तियों और सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने की आवश्यकता होगी। शायद एक परामर्शी दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है, जहां लोकपाल पार्टियों को उनके वायदों की व्यवहार्यता पर सलाह देता है और संभावित लाल झंडे दिखाता है।

अंतत: लोकपाल का निर्माण भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक कदम होगा। यह मतदाताओं को सशक्त बनायेगा, जिम्मेदार प्रचार अभियान को प्रोत्साहित करेगा और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देगा जहां वायदे ठोस कार्रवाई में तब्दील होते हैं। भारतीय चुनावों की जीवंत टेपेस्ट्री में, लोकपाल यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है कि वादे केवल आभूषण नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य की आधारशिला हैं।

## पावन प्रसंग

# भगवान शंकर शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवो के देव महादेव

भगवान शंकर की पूजा अज्ञान की अंधकार को दूर करने ज्ञान के प्रकाश को फैलाने भगवान शिव को इस धरा पर आना पड़ता है। शिव को रात्रि क्यों प्रिय है? इस बारे में सर्वविदित है कि वे तमोगुण एवं संहार शक्ति के अधिष्ठाता हैं। इस कारण तमोमयी रात्रि से शंकर का प्रेम होना स्वाभाविक ही है। रात्रि संहार का प्रतीक प्रतीक है। रात्रि का आगमन होते ही प्रकाश का सहारा होता है। जीवों को तमाम क्रियाएं समाप्त होने लगती हैं निद्रा द्वारा चेतना का संहार होता है। सृष्टि की सपूर्ण चेतना मिटने लगती है। ऐसी दशा में प्राकृतिक दृष्टि से शिव का रात्रि प्रिय होना स्वाभाविक और सहज है। इसी कारण शिव की आराधना सदैव न केवल रात्रि में वरन प्रदोष यानि प्रारंभ होने पर ही की जाती है। इस तरह शिवरात्रि का कृष्णपक्ष में ही होने का अभिप्राय स्पष्ट है शुक्लपक्ष में चंद्रमा पूर्णता की और होता है और कृष्णपक्ष में क्षीणता की ओर चंद्रमा जब चढ़ता है तब संसार के समस्त तेजवान पदार्थ बढ़ते हैं व चंद्रमा के क्षय होने पर उनमें क्षीणता आती है। इसका प्रभाव समस्त भूमंडल पर होता है। अमावस पर तामसी प्रवृतियां, भूत-प्रेत आदि शक्तियां प्रबल व प्रबुद्ध होती हैं जो शिव के ही नियामक हैं। इस कारण शिवरात्रि का आगमन कृष्णपक्ष में ही होता है। शिवपूजा का एक विशेष विधान है। उस आराधक को हर संभव सिले हुए वस्त्र पूजन के समय नहीं पहनने चाहिए। पूजा के समय पुजारी या आराधक को पूर्व या उत्तर की ओर मुख करना चाहिए। इतना ही नहीं भस्म, त्रिपुंड और रुद्राक्ष शिवपूजन की विशेष सामग्री हैं जो पूजा करनेवाले के शरीर पर होना चाहिए। भगवान शंकर की पूजा में चंपा या अन्य पुष्प को नहीं चढ़ाया जाता है। तिल का प्रयोग भी वर्जित है। इतना ही नहीं शिवपूजन करते हुए करताल नहीं बजाना चाहिए। भगवान शंकर शीघ्र प्रसन्न होनेवाले देव हैं। उनकी पूजा किसी भी प्रकार से की जाए, अवश्य फलदायी होती है। वे अपने भक्तों को हर हाल में निहाल करते हैं। इसी कारण वे सभी देवों में महादेव है। वे महादेव कैसे कहलाए इस बारे में शिवपुराण में एक कथा वर्णित है- एक बार ब्रह्मा और विष्णु में यह विवाद छिड़ गया कि उन दोनों में से बड़ा कौन है? जिस समय दोनों में यह विवाद हो रहा था, उसी समय विशाल कमल पुष्पनाल को देखकर दोनों देवताओं ने आपस में निर्णय किया कि पुष्पनाल के एक-एक सिरे को छूकर आए और जो भी पहले छूकर वापस निर्दिष्ट स्थान पर आ जाएगा। वही बड़ा माना जाएगा। दोनों ही काफी समय तक उस पुष्पनाल के सिरों को ढूंढते रहे परंतु कोई भी छोर पाने में सफल न हो सके। थक-हार कर दोनों उसी स्थान पर लौट आए।

वे पुष्पनाल को लेकर विस्मित थे। उनकी समझ में कुछ भी नहीं आ रहा था। मन में तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे कि तभी वहां भगवान शंकर प्रकट हुए उन्होंने बताया कि पुष्पनाल वे स्वयं हैं यह उन्हीं का ज्योतिर्लिंग है। तब विष्णु और ब्रह्मा को अपनी भूल का आभास हुआ। उन्होंने स्वीकार किया कि उन दोनों में बड़ा होने का अधिकारी कोई नहीं बल्कि बड़े तो स्वयं महादेव ही हैं। बस उसी समय से शिव महादेव कहलाने लगे।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# महिलाएं खुद लिख रहीं अपनी गाथा

भारतवर्ष एक संपन्न परंपरा और सांस्कृतिक मूल्य से समृद्ध देश रहा है। हमारे देश में महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है। ग्रामीण परिदृश्य में महिलाओं की बड़ी आबादी है। दुर्भाग्यवश मुगलों तथा अंग्रेजों के शासनकाल में समाज में अनेक कुरीतियां तथा विकृतियां पैदा हुई, जिससे महिलाओं का उत्पीड़न हुआ! हमारा देश जब आजाद हुआ तब इस तरह की विकृतियां धीरे-धीरे समाप्त होने लगीं। महिलाओं का समाज में सम्मान दिखाई होने लगा बावजूद इसके उनके सशक्तिकरण की रफ्तार धीमी रही। गरीबी व निरक्षरता महिलाओं की प्रगति में बाधा बनती रही! समाज ने यह स्वीकार किया गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल के माध्यम से महिलाओं को व्यवसाय की ओर प्रोत्साहित कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया जा सकता है। आज की भारतीय महिलाएं ऊर्जा से परिपूर्ण, दूरदर्शिता, जीवंत उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम दिखाई पड़ रही हैं। भारतवर्ष के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था-'हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रोशनी की लौ भी है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के माध्यम से सन् 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान बनाना लक्ष्य किया गया है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी, आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों मे महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने व्यापक साधन जुटाए जा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 की थीम – उसकी गिनती करें- आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से लैंगिक समानता में तेजी लाना है।' इस थीम के माध्यम से महिलाओं को कमाने, सीखने और नेतृत्व करने के समान अवसर प्रदान करना ही है। हम महिलाओं की भूमिका से मुख नहीं मोड़ सकते। एक बच्चा जब पैदा होता है तब उसे एक स्त्री ही संभालती है और वह होती है उसकी मां। जब तक वह बड़ा नहीं हो जाता तब तक उसकी देखभाल करने वाली भी एक लड़की के रूप में होती है जिसे हम कहते हैं बहन। जब वह स्कूल जाता है तो वहां चीजों को समझने से लेकर सहारा देने का काम भी एक स्त्री ही करती है वह होती है उसकी अध्यापिका।

स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं ने खुद को सशक्त बनाने का कार्य जारी रखा है। इसी के चलते महिलाओं की भूमिका अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी सामने आ रही है। देश में उद्योग और व्यापार जगत में भी महिलाओं ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लेना शुरू किया है। विगत कई दशकों से शासकीय सेवक के रूप में महिलाओं भागीदारी स्पष्ट रूप से सामने आती दिखाई पड़ रही है। विशेष रूप से देश के शिक्षा का जिम्मा महिलाओं के कंधों पर टिका देखा जा रहा है। स्कूली शिक्षा से लेकर कॉलेज तक की शिक्षा में महिलाओं ने शिक्षिका तथा प्रोफेसर के रूप में अपना योगदान जारी रखा है। अब तो स्थिति ऐसी हो चली है कि यहां तक कहा जाने लगा है कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास की प्रमुख कड़ी महिला शिक्षिका ही हैं! इसी तरह जिला कार्यालयों में भी महिला कर्मियों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं विकास में कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को भी इस देश की महिलाएं ही चला रही हैं। मिशन स्वच्छ शहर का संदेश को स्वच्छता दीदियों ने अपने कंधों पर उठा रखा है। जब से इस अभियान की शुरुआत हुई है शहरों में यहां-वहां कचरा फैला दिखाई नहीं पड़ रहा है। योजना को अंजाम तक पहुंचाने पहले चरण में स्वच्छता दीदियों को रिक्शे प्रदान किए गए थे। इन रिक्शों को खींचने में हाथ और पैर थक-हारकर चूर हो रहे थे। स्वच्छता दीदियों के इस दर्द को महसूस करते हुए शासन स्तर पर अब उन्हें ई-रिक्शा प्रदान किया गया है।

**सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## तिब्बत में ऊंची जगह पर शीतकालीन जौ की किस्म तैयार होगी

**बीजिंग।** चीनी जन राजनीतिक सलाहकार सम्मेलन की 14वीं राष्ट्रीय कमेटी के दूसरे पूर्णाधिवेशन के दौरान सदस्य रास्ता शीर्षक का दूसरा साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीपीपीसीसी के सदस्य, तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के कृषि विज्ञान अकादमी के कृषि अनुसंधान संस्थान के सहयोगी शोधकर्ता दावा थोंडुप ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि पठारी कृषि का विकास उच्चभूमि जौ से अलग नहीं हो सकता है। जौ तिब्बत के कल, आज और भविष्य से संबंधित है। हमारा लक्ष्य समुद्र की सतह से 3,800 मीटर से ऊंचे जगह पर शीत प्रतिरोधी और जल्दी पकने वाली शीतकालीन जौ की किस्म को तैयार करना है, ताकि पठारीय कृषि के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को तकनीकी समर्थन दिया जा सके।

# देश विदेश

# पड़ोसी का लिखित समझौतों का पालन न करना चिंता का विषय



■ जयशंकर ने टोक्यो में पहले रायसीना गोलमेज सम्मेलन में लिया भाग

**टोक्यो,** 7 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को चीन का जिक्र करते हुए कहा कि यह चिंता का विषय है कि कोई देश पड़ोसी के साथ लिखित समझौतों का पालन नहीं करता। टोक्यो में पहले रायसीना गोलमेज सम्मेलन में भाग लेते हुए, जयशंकर ने कहा कि इंडो-पैसिफिक इलाके के देशों की क्षमताओं, प्रभाव और महत्वाकांक्षाओं में बड़े बदलाव के राजनीतिक और रणनीतिक परिणाम हुए हैं। इस वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए काम करना होगा। चीन के साथ भारत के संबंधों पर उन्होंने कहा कि लगभग 45 वर्षों तक भारत-चीन सीमा पर रक्तपात नहीं हुआ, लेकिन 2020 में चीजें बदल गईं।

विदेश मेंत्री जयशंकर ने एक प्रश्न के जवाब में कहा, आज हम कई बातों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन जब कोई देश, किसी पड़ोसी के साथ लिखित समझौतों का पालन नहीं करता है, तो यह चिंता का कारण है। उन्होंने स्वीकार किया कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में अन्य देशों के साथ भारत का संबंध भी बदल रहा है। नई दिल्ली में एक थिंक-टैंक में हाल ही में एक इंटरैक्टिव सत्र में, जयशंकर ने कहा था कि सरकार सीमा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और चीन-भारत संबंधों में संतुलन होना चाहिए।

## जापान को पहचानना होगा कि भारत आज बदल रहा : जयशंकर

**टोक्यो।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि जापान के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि आज के मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में भारत एक अलग तरह का देश है जो तेज गति से बदल रहा है। टोक्यो में पहले रायसीना गोलमेज सम्मेलन में विदेश मंत्री ने कहा भारत में हो रहा परिवर्तन इसे अधिक प्रभावी और विश्वसनीय भागीदार बनाता है। वो दोनों देशों के बीच ट्रैक 2 डिप्लोमैसी सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि मैं सोचता हूं कि यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि जापान भारत में परिवर्तन की मौजूदा गति की सराहना करे। भारत आज वो देश है, जो प्रतिदिन 28 किलोमीटर हाईवे का निर्माण कर रहा है, प्रतिवर्ष नए एयरपोर्ट का निर्माण कर रहा है, हर साल डेढ़ से दो मेट्रो का निर्माण कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 10 सालों में भारत ने प्रतिदिन दो नए कॉलेजों का निर्माण किया है और अपने तकनीकी और चिकित्सकीय संस्थानों की संख्या को दोगुना किया है। यही है भारत का वह परिवर्तन जो हमें वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली और विश्वनीय साझेदार बनाता है।

## इंडियन नेवी ने गल्फ ऑफ एडेन में मर्चेंट शिप के 21 सदस्यों को बचाया

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बारबाडोस के ध्वज वाले बल्क कैरियर एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस से एक भारतीय नागरिक सहित चालक दल के 21 सदस्यों को बचाया है। इस जहाज पर अदन की खाड़ी में एक ड्रोन से हमला उपयोग कर चालक दल के 21 सदस्यों को बचाया।

चिकित्सा टीम द्वारा घायलों को मेडिकल सहायता प्रदान की गई। गंभीर रूप से घायल कर्मियों सहित बचाए गए दल को जिबूती ले जाया गया। इससे पहले सोमवार को, अदन से लगभग 90 नॉटिकल माइल्स दक्षिण पूर्व में लाइबेरिया



हुआ थाkनेवी ने कहा कि यह घटना बुधवार को अदन से लगभग 55 नॉटिकल माइल्स दक्षिण पश्चिम में हुई, जिसमें चालक दल के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें जहाज छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। आईएनएस कोलकाता शाम 4.45 बजे घटनास्थल पर पहुंचा और अपने हेलीकॉप्टर और नाव का के ध्वज वाले एमवी एमएससी स्काई 2 पर ड्रोन से मिसाइल हमले के बाद उसमें आग लग गई थी।

भारतीय नौसेना के अनुसार, समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए क्षेत्र में तैनात मिशन आईएनएस कोलकाता ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और रात 10.30 बजे तक घटना स्थल पर पहुंच कर सहायता पहुंचाई।

## सुडोकू 6489

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | 2 | |
| | 5 | | 3 | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | | | 4 |
| | | 1 | | 8 | 4 | | 3 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 8 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आज आपके किसी काम या प्रोजेक्ट में सरकार से लाभ होगा। ऑफिस में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। ऑफिस के कामकाज के लिए बाहर जाना होगा। कार्यभार बढ़ेगा।

वृषभ - व्यापारियों के लिए आज का दिन शुभ है। नए काम शुरू कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। विदेश में रहनेवाले मित्रों या स्वजनों का समाचार आपको भाव-विभोर करेगा। लंबी दूरी की यात्रा का योग है।

मिथुन - बेकाबू क्रोध पर लगाम रखें। बदनामी और नकारात्मक विचारों से दूर रहना आपके हित में होगा।अत्यधिक खर्च से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा। इस कारण मन खिन्न होगा। नई चिकित्सा और ऑपरेशन न कराना उचित होगा।

कर्क - आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजक की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत गुजरेगा।

सिंह - संदेह के बादल घिरे होने से कहीं मन नहीं लगेगा। हालांकि घर में शांति का वातावरण होगा। दैनिक कामों में थोड़ा अवरोध आएगा। अधिक परिश्रम के बाद अधिकारियों के साथ वाद- विवाद में न पड़ें। परिवार को समय दें।

कन्या - आज का दिन चिंता और उद्वेग से परिपूर्ण होगा। पेट की गड़बडी से स्वास्थ्य खराब होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में अवरोध आएगा। अचानक धन खर्च होगा। बौद्धिक चर्चाएं और समझौते में असफलता मिलेगी।

तुला - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इस कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। माता के साथ संबंध न बिगड़े, इसका ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

वृश्चिक - कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि के लिए अच्छा दिन है। नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। भाई- बंधुओं का व्यवहार आज अधिक सहयोगपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

धनु - दुविधायुक्त मन:स्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी का अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा। काम पूरा होने में विलंब होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेना हितकर नहीं है।

मकर - ईश्वर के नाम के स्मरण से आपके दिन का शुभारंभ होगा। धार्मिक कार्य और पूजा पाठ होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदमय वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। मित्रों, सगे संबंधियों की तरफ से अनुकूल अवसर मिलेंगे।

कुंभ - आज किसी की जमानत लेना। आर्थिक लेन-देन न करना उचित होगा। खर्च की मात्रा अधिक रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं होगा। स्वजनों के साथ मतभेद उत्पन्न होंगे।

मीन - सामाजिक कामों या समारोहों में भाग लेने का अवसर आएगा। मित्रों-स्नेहीजनों के साथ की मुलाकात मन को खुशी देगी। सुंदर स्थान पर पर्यटन का आयोजन होगा। शुभ समाचार मिलेगा। पत्नी और संतान से लाभ प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## सैन्य प्रशिक्षण के दौरान पैराशूट गिरने से ऑस्ट्रेलियाई सैनिक की मौत

**कैनबरा,** 7 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक सैन्य अड्डे पर पैराशूट गिरने से एक सैनिक की मौत हो गई है, जो पूर्व रक्षा मंत्री का बेटा था। इस बात की पुष्टि ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग ने गुरुवार को की। यह दुर्घटना सिडनी से लगभग 50 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में रिचमंड में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना (आरएएएफ) के सैन्य हवाई अड्डे पर बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6÷30 बजे हुई। घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार प्रदान करने के बाद सैनिक को अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उसने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने मृतक की पहचान लांस कॉर्पोरल जैक फिट्ज़गिब्बन के रूप में की है, जो पूर्व रक्षा मंत्री जोएल फिट्जगिब्बन का बेटा है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के कार्यवाहक विशेष अभियान कमांडर ब्रिगेडियर जेम्स किड ने गुरुवार दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि द्वितीय कमांडो रेजिमेंट के सदस्यों ने बेस पर अपना प्रशिक्षण रोक दिया है। श्री किड ने बताया कि अब तक यह पता नहीं चल सका है कि दुर्घटना के पीछे क्या कारण था। रक्षा विभाग ने घटना से जुड़ी परिस्थितियों की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

## फिलीपींस ने की हूती मिसाइल हमले में दो नागरिकों के मौत की पुष्टि

**मनीला,** 7 मार्च (एजेंसियां)। फिलीपींस सरकार ने हाल ही में दक्षिणी यमन के पास अदन की खाड़ी में एक जहाज पर हूती उग्रवादियों के मिसाइल हमले में दो नाविकों की मौत की पुष्टि की है। प्रवासी श्रमिक विभाग (डीएमडब्ल्यू) ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा अन्य दो फिलीपनी नाविक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मालवाहक जहाज ट्रू कॉन्फिडेंस पर बुधवार को अदन बंदरगाह से लगभग 50 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में कई जहाज रोधी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जहाज पर चालक दल के 20 सदस्य थे, जिनमें 15 फिलीपींस के नागरिक शामिल थे। डीएमडब्ल्यू ने जहाज पर सवार फिलीपीनी नागरिकों की संख्या के बारे में



विवरण नहीं दिया, लेकिन कहा जा रहा है कि उसने 'बाकी फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों की वापसी पर' प्रमुख जहाज मालिक और मैनिंग एजेंसी के साथ समन्वय किया है। बताया गया है कि अधिकारियों ने शेष फिलीपीनी नागरिकों को सुरक्षित बंदरगाह पर पहुंचाया है।

## ब्राजील में विमान दुर्घटना में दो लोग मारे गए

**रियो डी जनेरियो।** ब्राज़ील की संघीय पुलिस का विमान बेलो होरिज़ोंटे शहर में दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गयी और अन्य एक घायल हो गया है। मिनस गेरैस के स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस का यह विमान बुधवार अपराह्न उस समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ जब कुछ देर पहले विमान ने पम्पुल्हा हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी। मिनस गेरैस अग्निशमन विभाग के मुताबिक विमान में कुल तीन लोग सवार थे। विमान में सवार दो पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी, जबकि मैकेनिक घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है।

## हमास नेता याह्या सिनवार के रिश्तेदार गाजा से गए मिस्र

**तेल अवीव,** 7 मार्च (एजेंसियां)। 'वांछित' हमास नेता याह्या सिनवार के करीबी रिश्तेदार कथित तौर पर राफा क्रॉसिंग के जरिए मिस्र चले गए हैं। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि सिनवार की बहन के बच्चे हाल ही में मिस्र चले गए हैं। हमास के कई अन्य शीर्ष नेता भी अपने प्रियजनों को गाजा से मिस्र के सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने में कामयाब रहे हैं। इज़रायली समाचार चैनल एन 12 की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमास के पुलिस प्रवक्ता अयमान अल बतनजी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपने दो बच्चों को रफ़ा क्रॉसिंग के माध्यम से मिस्र में भेज दिया। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य शामेह



एल्सराज के चार बच्चे भी मिस्र भागने में सफल रहे। इज़रायली मीडिया ने बताया कि शामेह एल्सराज इज़रायली मिसाइल हमले में मारा गया होगा। हालांकि, हमास और न ही अन्य आतंकवादी समूहों ने अब तक उनकी मौत की घोषणा की है। खालिद मशाल, इस्माइल हनीयेह और मौसा अबू मरज़ौक सहित हमास के वरिष्ठ राजनीतिक नेता कतर की राजधानी दोहा में रह रहे हैं।


## इजरायली सेना ने गाजा में हमास के रॉकेट यूनिट प्रमुख को मार गिराया

**गाजा।** इजरायली सेना ने घोषणा की है कि उसने मध्य गाजा पट्टी में एक ऑपरेशन में हमास रॉकेट यूनिट के प्रमुख को मार डाला। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता अविचाई ने एक्स अकाउंट पर कहा कि सैन्य खुफिया निदेशालय और शिन बेट सुरक्षा सेवा से मिली जानकारी के आधार पर आईडीएफ बलों ने अमर अतिया दरविश अलादिनी को मार डाला, जो मध्य गाजा में हमास रॉकेट इकाई का प्रभारी था। उन्होंने कहा कि अलादिनी दशकों से हमास के लिए काम कर रहा था और वर्तमान युद्ध में सक्रिय था। वह गुट के लिए रॉकेट तैयार करने और गाजा में आईडीएफ ऑपरेशन खिलाफ 2008 की शुरुआत में रॉकेट हमले शुरू करने के लिए जिम्मेदार था।

## रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का प्रस्ताव करेगा ईयू

**बूसेल्स,** 7 मार्च (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ (ईयू) विपक्षी राजनेता एलेक्सी नवलनी की मौत पर रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का प्रस्ताव करेगा और वे 35 लोगों और दो कंपनियों को निशाना बनाएंगे। डेटा और मीडिया कंपनी ब्लूमबर्ग ने प्रस्ताव के मसौदे का हवाला देते हुए गुरुवार को यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के अनुसार ईयू ने कई रूसी न्यायाधीशों, सरकारी अधिकारियों और जेल अधिकारियों को प्रतिबंध सूची में जोड़ने का प्रस्ताव दिया है। गौरतलब है कि 16 फरवरी को रुस की जेल सेवा ने कहा कि श्री नवलनी की जेल में मौत हो गई और कहा कि मौत के कारण की जांच की जा रही है। बाद में मार्च में, रुसी विदेशी खुफिया सेवा (एसवीआर) के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने कहा था कि नवलनी की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई।

## वर्ग पहेली 6489




**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध,निर्दोष (उर्दू)
६. छुटकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना,जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. बाजगरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट, फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6488



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1534 – गुजरात के बहादुर शाह ने चित्तौरगढ़ को लूटा।
1618 – जोहान्स केपलर ने ग्रहों की गति के तीसरे नियम की खोज की।
1650 – महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत तुकाराम महाराज का निधन।
1702 – ऐनी स्टुअर्ट इंग्लैंड की महारानी बनीं।
1706 – कैटालोनिया की रियासत ने अपनी लघु संसद बनायी और स्पेन के राजा कार्लोस तृतीय ने अध्यक्षता की।
1817 – न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना हुई।
1844 – ऑस्कर प्रथम नॉर्वे और स्वीडन का राजा बने।
1911 – यूरोप में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।
1921 – प्रसिद्ध फिल्म गीतकार साहिर लुधियानवी का जन्म।
1921 – स्पेन के प्रधानमंत्री एडुआर्डो दातो की मैड्रिड में संसद के बाहर हत्या।
1924 – यूटा, अमेरिका में हुई कैसल गेट खान दुर्घटना में 172 कोयला खनिकों की मौत।
1930 – महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया।
1942 – द्वितीय विश्व युद्ध में जापान ने म्यांमार की राजधानी रंगून पर कब्जा किया।
1948 – एयर इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना।
1950 – सोवियत संघ ने अपने पास परमाणु बम होने की घोषणा की।
1952 – एन्टोइन पिने फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
1953 – राजस्थान की पहली महिला मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का जन्म।
1957 – मिस्र ने स्वेज नहर दुबारा खोला।
1974 – पेरिस, फ्रांस में चार्ल्स दे गोल हवाई अड्डा खुला।

**संघर्ष** यूक्रेन के अधिकारियों ने दी जानकारी

## रूस ने यूक्रेन के शहरों पर किया हमला, सात की मौत

**कीव,** 7 मार्च (एजेंसियां)। रूस ने यूक्रेन के शहरों पर बुधवार को हमले किए, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। घायलों में कई बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने निप्रॉपेट्रोस, डोनेट्स्क, खारकिव और खेरसॉन क्षेत्रों में नागरिकों के हताहत होने की सूचना दी। सेना ने बताया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस की यात्रा के दौरान रूस ने ओडेसा शहर के बंदरगाह को मिसाइल से निशाना बनाया। हमलों में पांच लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

यूक्रेन के दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के प्रवक्ता नतालिया हुमेनियुक ने कहा, यह हमला किसी भी तरह से किसी विशिष्ट यात्रा से जुड़ा नहीं है। यह उस आतंक से संबंधित है जिसे रूस बहुत व्यवस्थित तरीके से अंजाम दे रहा है। गवर्नर सेरही लिसाक का कहना है कि रूस ने बुधवार को निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में निकोपोल को दिन में तीन बार निशाना बनाया। द कीव



इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, रूस की ओर से किए एक ड्रोन हमले में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई, साथ ही एक शॉपिंग सेंटर को भी निशाना बनाया गया। हमले से सेंटर में भायनक आग लग गई, लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आग करीब चार हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गई। गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने बताया कि डोनेट्स्क क्षेत्र में रूसी हमलों में नेताइलोव गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक हमले में क्लेबन-बायक गांव में दो लोग घायल हो गए और दूसरे हमले में पोक्रोव्स्क में एक व्यक्ति घायल हो गया। रूस के मिसाइल हमलों में खारकिव क्षेत्र के बोरोवा गांव में एक 70 साल के व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।

## रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का प्रस्ताव करेगा ईयू

**बूसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) विपक्षी राजनेता एलेक्सी नवलनी की मौत पर रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का प्रस्ताव करेगा और वे 35 लोगों और दो कंपनियों को निशाना बनाएंगे। डेटा और मीडिया कंपनी ब्लूमबर्ग ने प्रस्ताव के मसौदे का हवाला देते हुए गुरुवार को यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के अनुसार ईयू ने कई रूसी न्यायाधीशों, सरकारी अधिकारियों और जेल अधिकारियों को प्रतिबंध सूची में जोड़ने का प्रस्ताव दिया है। गौरतलब है कि 16 फरवरी को रुस की जेल सेवा ने कहा कि श्री नवलनी की जेल में मौत हो गई और कहा कि मौत के कारण की जांच की जा रही है। बाद में मार्च में, रुसी विदेशी खुफिया सेवा (एसवीआर) के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने कहा था कि नवलनी की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई।

## दुनिया को जानें

## चीन में विश्व का सबसे बड़ा हाई स्पीड रेलवे नेटवर्क

**बीजिंग,** 7 मार्च (एजेंसियां)। चीनी रेलवे ग्रुप के बोर्ड अध्यक्ष ल्यू चंगफांग ने 6 मार्च को पेइचिंग में चीनी राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेते समय मीडिया के साथ हुए साक्षात्कार में कहा कि चीन ने विश्व में सबसे बड़ा हाई स्पीड रेलवे नेटवर्क और प्रगतिशील रेलवे नेटवर्क निर्मित किया है। वर्ष 2023 के अंत तक देश में संचालित रेलवे लाइन की कुल लंबाई 1 लाख 59 हजार किलोमीटर है, जिसमें हाई स्पीड रेलवे लाइन की लंबाई 45 हजार किलोमीटर है।



उन्होंने कहा कि अब चीनी रेलवे के बुनियादी ढांचे का स्तर विश्व में अग्रसर रहता है और अधिक ऊंचे स्तर वाले आधुनिकीकरण की ओर बढ़ने की शर्तें तैयार की गयी हैं। वर्ष 2025 तक चीन में संचालित रेलवे लाइन की लंबाई 1 लाख 65 हजार किलोमीटर होगी और हाई स्पीड रेलवे लाइन की लंबाई 50 हजार किलोमीटर पार कर जाएगी।

# प्रादेशिकी

**पंजाब में पोषण पखवाड़ा 9 से 23 मार्च तक मनाया जाएगा : कौर**

**चंडीगढ़।** पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर ने गुरुवार को बताया कि विभाग द्वारा राज्य भर में नौ मार्च से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। डा. कौर ने बताया कि पोषण पखवाड़ा कुपोषण के अधिक शिकार (एसएएम) और आंशिक तौर पर कुपोषण के शिकार (एमएएम) बच्चों की सेहत और तंदरुस्ती पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सम्बन्धित है। पोषण अभ्यान गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं, किशोर लड़कियों और छह साल से कम उम्र के बच्चों में पोषण सम्बन्धी नतीजों को संपूर्ण रूप में बेहतर बनाने का यत्न करता है। डा. कौर ने बताया कि इस मुहिम को बड़े स्तर पर चलाने के लिए अलग-अलग विभागों की सेवाएं ली जाएंगी।

### मुख्यमंत्री धामी ने किया रोड शो, नारी शक्ति महोत्सव में की शिरकत

# धामी ने दी देहरादून को 1000 करोड़ की सौगात

**अमरनाथ तिवारी**

**देहरादून,** 7 मार्च (देशबन्धु)। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में गुरुवार को देहरादून में नारी शक्ति महोत्सव, सशक्त नारी समृद्ध नारी उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम से पहले सीएम धामी ने देहरादून के त्यागी रोड से बन्नू स्कूल ग्राउंड तक एक भव्य रोड शो किया। इस रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में पहुंची महिलाओं का अभिनंदन किया। इस रोड शो के जरिए सीएम धामी ने महिलाओं को साधने की कोशिश की है।



इस रोड शो के दौरान सीएम धामी के साथ टिहरी लोकसभा सीट से सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह भी मौजूद रही। बन्नू स्कूल के ग्राउंड में आयोजित सशक्त नारी समृद्ध नारी उत्सव में हजारों की संख्या में महिलाएं मौजूद रही। साथ ही कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी ने हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात दी। इसके साथ ही तमाम विभागों की ओर से लगाए गए स्टाल का निरीक्षण भी सीएम धामी ने किया। सशक्त नारी समृद्ध नारी उत्सव के दौरान प्रदेश के तमाम हिस्सों से स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा दे रही महिलाओं ने अपने अपने उत्पादों का स्टाल भी लगाया है। सीएम धामी ने कहा महिलाओं ने इस रोड शो के दौरान बहुत ही गर्म जोशी से स्वागत किया है। साथ ही इस कार्यक्रम के दौरान करीब 1000 करोड़ रुपए से अधिक आयोजनों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में नारी शक्ति महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसके बाद सात मार्च को देहरादून में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएम ने कहा मातृ शक्ति के विकास के लिए राज्य सरकार संकल्प बद्ध है, जिसके तहत महिलाओं के लिए तमाम योजनाओं को शुरू किया गया है। इस दौरान सीएम धामी ने कहा आज हर वर्ग की महिलाओं के लिए योजनाओं को संचालित की जा रही हैं। मोदी की गारंटी सिर्फ चुनाव जीतने की नहीं है बल्कि महिलाओं के उत्थान की गारंटी है।

■ **सशक्त नारी समृद्ध नारी उत्सव में हजारों की संख्या में महिलाएं रही मौजूद**

## चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

**अमर नाथ तिवारी**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई हाई लेवल बैठक में चार धाम यात्रा की तैयारियों पर विचार मंथन किया गया जिसमें संसदीय कार्य मंत्री व मुख्य सचिव सहित तमाम अधिकारियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि मई 2024 में शुरू होने वाली चार धाम यात्रा को लेकर सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। बीते साल चार धाम यात्रा में रिकॉर्ड श्रद्धालुओं के आने के कारण केदारनाथ धाम सहित कई स्थानों पर व्यवस्थाएं चरमरा गई थी। वैसी स्थिति दोबारा पैदा न हो इसके मद्देनजर सरकार ने अधिकारियों को अभी से तैयारियों में जुटने तथा समय पूर्व सभी इंतजामों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। यात्रा के दौरान यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण और उन्हें जरूरी चिकित्सा सुविधा मुहैया कैसे कराई जा सकती है, यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए क्याकृक्या किया जाना जरूरी है,



पेयजल व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन तथा यात्रा मार्गों पर सुलभ शौचालय की व्यवस्था से लेकर सड़कों के मरम्मत कार्य और धामों में यात्रियों के ठहरनेकृखाने की व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे मुद्दों पर गंभीरता से चिंतन मंथन किया गया।खास बात यह है कि बैठक में सीएम के साथ संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल तो मौजूद रहे लेकिन न तो पर्यटन और धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज मौजूद रहे न ही स्वास्थ्य मंत्री मौजूद रहे। जबकि उन विभागों के मंत्रियों को इसमें मौजूद रहना चाहिए था। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार के अलावा अन्य तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**चमोली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गुरूवार को चमोली में लोकसभा चुनाव की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा की। उनके द्वारा इस दौरान अधिकारियों को जरूरी दिशाकृनिर्देश भी दिये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड डॉ. बीवीआरसी पुरूषोतम ने कर्णप्रयाग (चमोली) में आयोजित बैठक में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की व सभी नोडल अधिकारियों को उनके विभाग से जुड़ी ड्यूटी को जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के संदेश का वाचन किया तथा सभी को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होने अंतर्राज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्ट एवं कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए व सभी सरकारी कार्मिकों, निर्वाचन की ड्यूटी में लगें कार्मिकों, पुलिस कर्मियों को पोस्टल बैलेट या ईडीसी के माध्यम से मतदान हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि समीक्षा के दौरान मिले सुझाओं, मांगों और शिकायतों पर गम्भीरतापूर्वक विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में चुनाव में धन, बल, बाहुबल और कदाचार पर अंकुश लगाया जायेगा। उन्होने जनपद के लोगों से आह्वान किया है कि वे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव का पर्वकृदेश का गर्व में अवश्य आहुति डालें। तदोपरांत मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र पर विघुत, पेयजल, रैम्प, शौचालय आदि न्यूनतम आधारभूत सुविधाओं जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी, हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**सार संक्षेप**

### सिविल सर्जन कार्यालय के क्लर्क को रिश्वत की लेने के आरोप में किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के सतर्कता विभाग ने गुरुवार को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में सिविल सर्जन कार्यालय, पठानकोट में तैनात क्लर्क राजविंदर सिंह (सेवानिवृत्त) को गिरफ्तार किया है। सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी क्लर्क को मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पर ओंकार नगर, पठानकोट निवासी सतनाम सिंह द्वारा दर्ज की गई एक ऑनलाइन शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी क्लर्क ने 3,13,486 रुपये के मेडिकल बिल पास करने के एवज में 35,000 रुपये की रिश्वत ली थी। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत की जांच के दौरान यह पाया गया कि राजविंदर ने निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंजाब द्वारा जारी फर्जी अनुमोदन पत्र बनाकर शिकायतकर्ता से 35,000 रुपये की रिश्वत ली थी। यह भी पता चला है कि अपने कार्यकाल के दौरान आरोपी ने 16 फर्जी अनुमोदन पत्र बनाकर सरकारी खजाने को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया है।

### फरीदाबाद से अयोध्या दर्शन के लिए आज रवाना होगी वोल्वो बस

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत लाभार्थियों को अयोध्या दर्शन के लिए फरीदाबाद के बल्लभगढ़ डिपो से आठ मार्च यानि आज सुबह 11:00 बजे हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की वोल्वो एसी बस 52 यात्रियों को अयोध्या दर्शन करायेगी। आधिकारिक प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत लाभार्थियों का यह खर्चा राज्य सरकार उठायेगी। योजना के अंतर्गत एक लाख 80 हजार से कम आय वाले वरिष्ठ नागरिकों को सरकार यह लाभ दे रही है। उन्होंने बताया कि बस आठ मार्च को फरीदाबाद से चलकर यात्रा के बाद 10 मार्च को अपराह्न दो बजे फरीदाबाद पहुंचेगी।

### फतेहाबाद में पूर्व नर्स के घर में दिनदहाड़े चोरी

**फतेहाबाद।** हरियाणा के फतेहाबाद में गुरुवार को दिनदहाड़े हथियारबंद चोर एक सेवानिवृत्त नर्स के घर में घुसे और ऐन समय नर्स के आ जाने पर पिस्तौल दिखाकर भाग निकले। पुलिस ने बताया कि चोरों की शिनाख्त के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगाला जा रहा है। हुडा सेक्टर निवासी नर्स के अनुसार चोर अलमारी में से करीब 10 हजार रुपये की नकदी ले गए हैं। अगर वह मौके पर घर न पहुंचतीं तो ज्यादा नुकसान की आशंका थी।

### सुडोकू 6489 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 |

## इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कांग्रेस ने किया एसबीआई के बाहर प्रदर्शन



**देहरादून,** 7 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस ने बीजेपी के दबाव में इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी साझा न करने का आरोप एसबीआई पर लगाया है। कांग्रेस इस मामले को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। उत्तराखंड के अलग अलग जिलों में भी इलेक्टोरल बॉन्ड मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसबीआई ब्रांच का घेराव किया। प्रदेश की राजधानी देहरादून में कांग्रेस ने एसबीआई की मेन ब्रांच का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस जनों ने एसबीआई के में गेट पर धरना देते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी ने कहा केंद्र सरकार के दबाव में स्टेट बैंक आफ इंडिया ने इस जानकारी को देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। उन्होंने कहा यह निश्चित रूप से भाजपा और कॉरपोरेट के बीच अनुचित गठजोड़ को दर्शाता है। उन्होंने कहा जब सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि 6 मार्च तक एसबीआई यह बताए किस पार्टी ने कितना चंदा किस राजनीतिक दल को दिया है, तो फिर बैंक इस जानकारी को सार्वजनिक करने में इतनी आनाकानी क्यों कर रहा है। कांग्रेस का कहना है कि एसबीआई की ओर से 30 जून तक जानकारी दिए जाने का फैसला गैर लोकतांत्रिक है।

## प्रत्याशी चयन में देरी से कांग्रेसियों में बेचैनी

### स्क्रीनिंग कमेटी की तीसरी बैठक आज

**देहरादून,** 7 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम तय कर पाना कांग्रेस के लिए मुश्किल काम साबित हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा भले ही 25 नामों की सूची स्क्रीनिंग कमेटी को भेजी जा चुकी हो लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी की दो बैठकों में माथा पच्ची के बाद भी प्रत्याशियों के नाम तय नहीं किया जा सके हैं जिसके कारण सूची जारी होने में विलंब हो रहा है। जो संभावित प्रत्याशियों में बेचैनी का कारण भी बना हुआ है। कांग्रेस प्रत्याशियों के नामों पर अब शुक्रवार को दिल्ली में होने वाली तीसरी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में फैसला होने की बात कही जा रही है। दर असल कांग्रेस की अंदरूनी अंतर्कलह के कारण प्रत्याशियों के चयन में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। राज्य की सभी पांच सीटों पर संभावित प्रत्याशियों द्वारा यूं तो बहुत पहले से तैयारियां की जा रही थी लेकिन जिन उम्मीदवारों ने अपनी पसंद या यह कहे कि जनाधार वाली सीटों पर तैयारी की गई थी अब उन सीटों की बजाय उन्हें दूसरी सीटों पर चुनाव लड़ने को कहा जा रहा है जिसके लिए वह तैयार नहीं है। यशपाल आर्य नैनीताल की सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं लेकिन हरीश रावत जैसे नेता उन्हें नैनीताल की बजाय अल्मोड़ा से चुनाव लड़ने की सलाह दे रहे हैं। वही हरीश रावत हरिद्वार सीट पर अपने या अपने बेटे को टिकट का सबसे मजबूत दावेदार मानते हैं लेकिन वह किसी भी दूसरी सीट से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। तमाम सीटों ऐसी पर ऐसी ही स्थितियां बनी हुई है। खास बात यह है कि टिकट के लिए पैरवी करना तो समझ में आता है लेकिन कांग्रेस के नेता एक दूसरे के टिकट कटवाने के लिए भी दिल्ली के चक्कर काट रहे हैं। उन्हें खुद को टिकट मिलेगा या नहीं इसकी चिंता से ज्यादा फिक्र इस बात की है कि दूसरे को टिकट न मिल जाए। हालांकि कहा यही जा रहा है कि कल या परसों तक कांग्रेस की सूची जारी हो जाएगी। पार्टी जिसे जिस सीट से प्रत्याशी बनाएगी वह उसे सीट से चुनाव लड़ेगा ही। कोई प्रत्याशी चुनाव लड़ने से मना नहीं कर सकता है लेकिन जिस कमजोर मनोबल और खींचतान के साथ कांग्रेस लोकसभा चुनाव में जा रही है वह उसके भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं माने जा सकते हैं।



## पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी की साझा जिम्मेदारी : मीत हेयर

**चंडीगढ़,** 7 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब विधानसभा में गुरुवार को पर्यावरण के संरक्षण और वन अधीन क्षेत्र बढ़ाने के प्रस्ताव पर कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की ज़िम्मेदारी है और इस मुहिम की सफलता के लिये लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। श्री मीत हेयर ने वन अधीन क्षेत्र बढ़ाने की वकालत की और कहा कि गाँवों की पंचायती जमीनों और अपने रिहायशी स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण के संरक्षण के लिये निरंतर प्रयत्न किये जा रहे हैं। सरकारी शैक्षिक अदारों में सोलर पैनल लगाने, एक बार प्रयोग वाले प्लास्टिक पर पूर्ण पाबंदी के साथ औद्योगिक प्रदूषण को रोकने और अन्य कई प्रोजेक्ट शुरू किये हैं और पौधे लगाने को प्राथमिकता दी गयी। सरकार ने पराली के प्रबंधन में एक्स सीटू और इन सीटू काम किये जिसके नतीजे के तौर पर पराली जलाने के 30 प्रतिशत मामले घटे और यह लक्ष्य और बढ़ाने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।

## बलजीत कौर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को दी बधाई

**चंडीगढ़,** 7 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गुरुवार को राज्य की महिलाओं को बधाई दी। डॉ कौर ने बधाई संदेश में कहा कि यह दिन महिलाओं की तरफ से समाज की तरक्की में डाले योगदान, समानता के सिद्धांत और महिलाओं के अधिकारों को उत्साहित करने के लिए हर साल आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन हम सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वचनबद्ध है।

## हिमाचल में महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने को मंजूरी

**शिमला, 7 मार्च (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान कांग्रेस पार्टी की ओर से महिलाओं से किए वायदे को पूरा करते हुए 18 से 59 वर्ष की पात्र महिलाओं को 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि' के रूप में 1500 रुपये प्रतिमाह देने को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से प्रदेश की 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को जीवनभर के लिए 1500 रुपये मासिक पेंशन के तहत लाया गया है। मंत्रिमण्डल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में एसएमसी शिक्षकों एवं कम्प्यूटर शिक्षकों के मुद्दों के दृष्टिगत बनाई गई मंत्रिमण्डलीय उप-समिति की सिफारिशों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 2401 एसएमसी शिक्षकों को सीमित सीधी भर्ती के माध्यम से अनुबंध आधार पर लाया जाएगा और उन्हें सरकार की नीति के तहत निर्धारित समयावधि में नियमित कर सरकारी सेवाओं में समावेशित किया जाएगा। मंत्रिमण्डल ने प्रवक्ता (कम्प्यूटर साईंस) के 985 पद भरने को भी स्वीकृति दी। मंत्रिमण्डल ने श्री सुक्खू के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताया तथा कहा कि सभी मंत्रिमण्डलीय सदस्य एकजुटता से उनके साथ खड़े हैं।



## रूसी सेना में जबरन पंजाबी युवाओं को शामिल करने का मामला उठाया

**चंडीगढ,** 7 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय युवाओं को जबरदस्ती रूसी सेना में शामिल करने और उन्हें यूक्रेन युद्ध में भेजने की मीडिया रिपोर्टों के बीच, पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने इस मामले को विदेश मंत्रालय तथा भारत में रूसी राजदूत के सामने उठाया। पंजाब विधान सभा में मामला उठाते हुए, श्री धालीवाल ने गुरुवार को कहा कि यह गंभीर मामला है जिसे जल्द से जल्द हल किया जाना चाहिए क्योंकि पंजाब के अधिकांश युवा विजिटर वीजा पर रूस गए थे लेकिन उन्हें जबरन रूसी सैन्य सेवाओं में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इनमें से एक की युद्ध के दौरान मौत हो गई। श्री धालीवाल ने आग्रह किया कि इन युवाओं को घर लौटने में उचित सहायता प्रदान करने के लिए उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने मांग की कि वीज़ा मानदंडों या आव्रजन अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों से पता चला है कि इन युवाओं को नौकरी के वादे पर एजेंटों द्वारा धोखा दिया गया था और रूसी सेना के लिए 'सहायक' के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया गया था।

# 20 कलस्टर विद्यालयों को 21 करोड़ धनराशि स्वीकृत की गईः डॉ. धन सिंह

### विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, शीघ्र शुरू करें निर्माण

■ **शिक्षा नीति-2020 के प्रावधनों के तहत राज्य सरकार ने प्रदेश के पांच जनपदों उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून, बागेश्वर एवं पौड़ी गढ़वाल के 20 राजकीय इंटर कॉलेजों को कलस्टर विद्यालय बनाने की मंजूरी दी**

**देहरादून,** 7 मार्च (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने सूबे के पांच जनपदों के 20 राजकीय इंटर कॉलेजों को कलस्टर विद्यालय बनाने की स्वीकृति दे दी है। इन विद्यालयों में भवन निर्माण एवं अन्य अवस्थापना कार्यों के लिए 21 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से 13 करोड़ रुपए की धनराशि पहली किस्त तौर पर संबंधित विद्यालयों को जारी कर दी गई है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को कलस्टर विद्यालयों में शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दे दिये हैं। इससे पहले राज्य सरकार 21 राजकीय इंटर कॉलेजों को कलस्टर विद्यालय बनाने की मंजूरी दे चुकी है। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी कलस्टर विद्यालय योजना पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधनों के तहत राज्य सरकार ने प्रदेश के पांच जनपदों उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून, बागेश्वर एवं पौड़ी गढ़वाल के 20 राजकीय इंटर कॉलेजों को कलस्टर विद्यालय बनाने की मंजूरी दे दी है। जिसमें उत्तरकाशी, देहरादून एवं बागेश्वर जनपद में दो-दो कलस्टर विद्यालय, टिहरी में पांच तथा पौड़ी जनपद में नौ विद्यालय शामिल है। विभागीय मंत्री डा. रावत ने बताया कि इन सभी चयनित विद्यालयों में भवन निर्माण एवं अन्य अवस्थापना संबंधी कार्यों के लिये 21 करोड़ 70 रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिसमें से 13 करोड़ 14 लाख रुपए की धनराशि संबंधित विद्यालयों को पहली किस्त के तौर पर जारी कर दी गई है। डा. रावत ने बताया कि कलस्टर विद्यालय योजना के तहत पौड़ी जनपद में राजकीय इंटर कॉलेज पोखड़ा को भवन निर्माण के लिए 112.18 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार राजकीय इंटर कॉलेज पाबौं को 104.41 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज वेदीखाल 131.11 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज मोहनचट्टी 116.76 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज दुगड्डा 103.02 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज कण्डारा 109.39 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज एकेश्वर 109.87 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज कैण्डूल ठांगर 129.94 लाख रुपए तथा राजकीय इंटर कॉलेज खैरासैण को 114.16 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार उत्तरकाशी जनपद में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज पुरोला को 143.27 रुपए लाख तथा राजकीय इंटर कॉलेज भंकोली को 0130.44 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। जनपद देहरादून में राजकीय इंटर कॉलेज बाड़वाला को 124.74 लाख रुपए तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अजबपुर को 128.21 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। बागेश्वर जनपद में राजकीय इंटर कॉलेज कौसानी को 18 लाख रुपये तथा राजकीय इंटर कॉलेज डोबा को 28.40 लाख रुपए स्वीकृत किये हैं। इसी प्रकार टिहरी गढ़वाल में राजकीय इंटर कॉलेज दौंक को 101.56 लाख रुपये राजकीय इंटर कॉलेज भैस्यारो को 117.02 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज दीनगांव 106.35 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज नागराजाधार, नगुण 113.55 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज कफलोग 114.02 लाख रुपये राजकीय इंटर कॉलेज सजवाणकाण्डा 118.57 लाख रुपए राजकीय इंटर कॉलेज नैलचामी 119.22 लाख रुपए तथा राजकीय इंटर कॉलेज जाखी डागर को 113.33 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है।



## केदारनाथ हेली सेवा का किराया 5 फीसदी बढ़ा

**देहरादून,** 7 मार्च (देहरादून)। केदारनाथ यात्रियों के लिए यूकाडा ने इस बार हेली ऑपरेटर से सुरक्षा को और भी ज्यादा बेहतर करने और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयास किये हैं। ऐसे में सबसे बड़ी चुनौती श्रद्धालुओं के साथ होने वाली साइबर अपराध को रोकने की है। खास बात यह भी है कि इस बार 5 फीसदी ज्यादा किराया श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम तक हेली सेवा के जरिए जाने के लिए देना होगा। केदारनाथ धाम पहुंचने के लिए गुप्तकाशी, फाटा और सिरसी से हेलीकॉप्टर सेवा संचालित होती है। तीनों ही जगह से किराया बढ़ाया जाएगा। चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम जाने वाले यात्रियों की संख्या बेहद ज्यादा रहती है। इस दौरान हेलीकॉप्टर सेवा का उपयोग करने की इच्छा रखने वालों की संख्या भी हजारों में होती है। जबकि हेलीकॉप्टर सीमित संख्या में ही यात्रियों को केदारनाथ तक ले जाने में सक्षम हैं। ऐसे में डिमांड ज्यादा और व्यवस्थाएं कम होने के कारण कई बार श्रद्धालुओं को ऑनलाइन कई गुना ज्यादा में टिकट खरीदना पड़ता है और वह साइबर क्राइम के शिकार हो जाते हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए संबंधित एजेंसी कड़े नियमों के जरिए ऐसे लोगों पर निगाह रख रही है और पिछले साल कुछ लोगों की इस मामले में गिरफ्तारियां भी की गई थी।

# प्रादेशिकी

## सामान्य निर्वाचन से संबंधित प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में निर्वाचन से संबंधित मतदान, मतगणना कार्मिक व्यवस्था, माइक्रोआब्जर्वर, कार्मिको की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, प्रेक्षक व्यवस्था, खान-पान, दूरसंचार, वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, ईवीएम, वीवीपैट, रेन्डेमाईजेशन, यातायात प्रबंधन, ईवीएम प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री एवं पैकेटिंग, मतपत्र व्यवस्था संबंधी कार्य, प्रिन्टिंग, सीसीटीवी कैमरा, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लॉन, क्रिटीकल बूथ, वेबकास्टिंग, वाहन अधिग्रहण, पोस्टल बैलेट प्लॉन, मीडिया ब्रीफिंग, एपिक, आदर्श आचार संहिता, स्वीप, एमसीएमसी आदि कार्यों से संबंधित नोडल अधिकारियो को समग्रता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# किसानों को सिंचाई के लिए अब मुफ्त मिलेगी बिजली

**लखनऊ,** 7 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त में बिजली मिलेगी। इसके लिए जो भी ट्यूबवेल लगे हैं या लगाए

- मुख्यमंत्री ने किसानों का किया आह्वान
- किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं
- पीएम कुसुम योजना से जुड़कर बनें आत्मनिर्भर

जाएंगे। उन कनेक्शनों पर आने वाला बिजली बिल अब किसानों को भुगतान नहीं करना पड़ेगा। इस निमित्त आज प्रदेश भर से किसानों को राजधानी बुलाया गया था। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा अन्नदाता किसान जब आपस में



**रामलला आ गए हैं व अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया : योगी आदित्यनाथ**

मिलता है तो राम-राम कहता है। आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और प्रदेश के अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। उत्तर प्रदेश में सभी कार्य श्रीराम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि ये डबल इंजन की सरकार है। ये वही उत्तर प्रदेश है जहां 2017 से पहले न किसान सुरक्षित था, न उसकी फसल, न बिजली थी, न किसान का सम्मान, न बीज मिलता था और न खाद और पानी। मगर आज मोदी जी के नेतृत्व में सरकार आपके हितों की पूरी चिंता करने के लिए हरदम तैयार बैठी है। ये

मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य के अन्नदाता किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। जब डबल इंजन की सरकार पीएम के विजन को धरातल पर उतारने के लिए कृषक बिल माफी के इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने जा रही है। इसके लिए प्रदेश के सभी अन्नदाताओं का हृदय से अभिनंदन और बधाई। उन्होंने कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री, कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का हृदयस्थल है, दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि और सबसे अच्छा जलसंसाधन हमारे पास है। यही नहीं हमारा अन्नदाता किसान भी परिश्रमी और पुरुषार्थी है। उसी की मेहनत और परिश्रम का परिणाम है कि आज खाद्यान उत्पादन में यूपी देश में नंबर वन है।

## राजकुमार विश्वकर्मा बने प्रदेश के नए मुख्य सूचना आयुक्त

**लखनऊ,** 7 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गठित चयन समिति की सिफारिश पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के लिए मुख्य सूचना आयुक्त और 10 सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की है। इसमें राज्य के पूर्व डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश का नया सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है। पूर्व आईपीएस राजकुमार विश्वकर्मा यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ ही विभिन्न जनपदों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इनके अलावा सुधीर कुमार सिंह (सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी), गिरजेश कुमार चौधरी (सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी), डॉ दिलीप कुमार अग्निहोत्री (एसोसिएट प्रोफेसर), पदुम नारायण द्विवेदी (वरिष्ठ पत्रकार), स्वतंत्र प्रकाश (वरिष्ठ अधिवक्ता), मोहम्मद नदीम (वरिष्ठ पत्रकार), राजेन्द्र सिंह, शकुंतला गौतम (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी), राकेश कुमार (पूर्व न्यायिक अधिकारी) और विरेन्द्र प्रताप सिंह (वरिष्ठ पत्रकार) को प्रदेश का सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है।

- 10 सूचना आयुक्त भी नियुक्त

## छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य में सुधार की दी जानकारी



**मेरठ,** 7 मार्च (देशबन्धु)। गुरूवार को को मोदीपुरम स्थित शोभित इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (नैक एक्रीडेटेड ग्रेड ए डीम्ड टू. बी. यूनिवर्सिटी), के सेंटर फॉर साइकोलॉजी एंड हुमन बिहेवियर द्वारा मेंटल स्टेटस एग्जामिनेशन से संबंधित वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, आत्म-समर्थन की वृद्धि, और अध्ययन में सफलता की स्थिति में सुधार हो सकता है। यह उन्हें अपनी भावनाओं और चुनौतियों को सही ढंग से समझने का और सुलझाने का संवेदनशीलता प्रदान कर सकता है, जिससे उनका अध्ययन और जीवन में सकारात्मक प्रभाव हो सकता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सारिका बिसारिया (मनोवैज्ञानिक एवं स्पेशल एजुकेटर)

- मेंटल स्टेटस एग्जामिनेशन से संबंधित वर्कशॉप आयोजित

द्वारा काउंसलिंग के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एवं एक काउंसलर किस प्रकार से पेशेंट का असेसमेंट करता है, इसके विषय में जानकारी देते हुए, मेंटल स्टेटस एग्जामिनेशन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसके अलावा प्रो डॉ पूनम देवदत्त द्वारा हेल्थ और वेल बीइंग के विषय में छात्रों को अवगत कराया गया एवं काउंसलिंग के विषय में बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारी दी साथ ही साथ छात्रों का मार्गदर्शन किया। इसके साथ साथ छात्र अपनी मानसिक स्वास्थ्य को किस प्रकार से सही बनाए रख सकते है इस बात पर बल दिया।

## सार संक्षेप

### छात्राओं को मोबाइल बांटे

**मवाना।** लक्ष्मी देवी आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मवाना में सरकार की ओर से बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए 55 मोबाइल प्राप्त हुए थे। प्राचार्या डॉ. शक्ति साहनी, नोडल अधिकारी सरोज चौहान व खेल अध्यक्षा डा.नीलम ने स्माट फोन वितरित किये। प्राचार्या ने सभी छात्राओं से अपील की कि वे स्मार्ट मोबाइल फोन का सदुपयोग करेंगी।

### महिला उद्यमियों को किया सम्मानित

**मेरठ।** आयुक्त सेल्वा कुमारी जे के निर्देशों के क्रम में महिला अन्तरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में आयुक्त कार्यालय मेरठ सभागार में महिला उद्यमियों को सम्मानित प्रोत्साहित किए जाने हेतु एक मीट का आयोजन किया गया। उक्त मीट में सर्वप्रथम अपर आयुक्त उद्योग मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा आयुक्त महोदया का स्वागत पुष्प गुच्छ के द्वारा किया गया। तदोपरांत समस्त जनपदीय कार्यालय के उपायुक्त उद्योग द्वारा अपर आयुक्त उद्योग मेरट मण्डल, मेरठ का स्वागत किया। इसके साथ ही आयोजन में उपस्थित फैसिलिटेशन काउंसिल के सदस्य राजकुमार शर्मा एवं अजय कुमार गुप्ता सुहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

### शिवालयों पर पहुंचे हजारों शिव भक्त

**मवाना।** भगवान शिव की श्रद्धा में डूबे कांवड़ियों के पांवों में कंकड़-पत्थर की चुभन भी उनका रास्ता रोक नही पा रही है। जर्जर कांवड़ पटरी मार्ग पर हर तरफशिव भक्तों की जय-जय कार हो रही है। मन में अटूट आस्था के साथ शिव भक्तों के कदम अपनी मंजिल की ओर तेजी से बढ़ते जा रहे है। मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। कावड़ियों के जत्थे मंदिर परिसर में पहुंचने शुरू हो गए हैं। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

### महिला गौरव सम्मान से किया सम्मानित

**मवाना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर सजग प्रहरी उत्तर प्रदेश शाखा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिनेश खटीक की धर्मपत्नी आरती खटीक ने शुभारंभ किया और महिलाओं को अपनी शक्ति पहचानने पर जोर दिया। इस दौरान महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा संचालित महिला हेल्पलाइन नंबर एवं विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया। कहा कि बेटियो की बचाओ और बेटियां पढ़ाओ पर फोकस करते हुए आगे बढ़ाने की अपील की। इस मौके पर समाज में फैल रही कुरीतियों से दूर रहने को कहा।

### फूड प्वॉइजनिंग से दस लोगों की हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में फूड प्वॉइजनिंग से एक ही परिवार के दस लोग बीमार हो गए। जिसमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सलिमपुर टिलिया निवासी राम प्रकाश के यहां मंगलवार की शाम फूल, आलू और मट्ठे का रायता बना हुआ था।

## माफिया नेता के खाते में 4 करोड़ डालने वाले पीडब्ल्यूडी के दो अधिकारी निलंबित

**फर्रुखाबाद,** 7 मार्च (देशबन्धु)। माफिया बसपा नेता अनुपम दुबे के फर्जी खातों में 4 करोड़ भुगतान करने वाले दो अधिशासी अभियंता निलंबित। उत्तर प्रदेश पुलिस अब तक माफिया अनुपम दुबे की 1 अरब 58 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे अधिकारियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है जो माफियाओं की मदद कर रहे हैं। माफिया बसपा नेता अनुपम दुबे की मदद करने पर लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय और निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। दोनों अभियंताओं ने माफिया अनुपम दुबे के फर्जी खातों में साढे चार करोड़ का भुगतान किया था। मुख्यमंत्री ने इस पूरे मामले का संज्ञान लेकर शुरू की कार्रवाई। बता दें कि फर्रुखाबाद कानपुर मंडल के एकमात्र माफिया बसपा नेता अनुपम दुबे के खातों को जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा सील किया गया था। इसके बावजूद भी प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जोध कुमार और निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता रामकुमार पिथोरिया ने माफिया के फर्जी खातों में 4.30 करोड़ का भुगतान कर दिया। इसके बाद मामला अधिकारियों की टेबल पर चला आखिरकार मुख्यमंत्री ने इस पूरे मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई कर दी है।

- मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेकर शुरू की कार्रवाई

## जो ठाना है, उसे हर हाल में पूरा करना ही है नारी शक्ति : डॉ.कोटपाल

**मेरठ,** 7 मार्च (देशबन्धु)। बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क के विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी कॉलेज में गुरुवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

- हर्षोल्लास के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस
- महिलाओं के अधिकारों व जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक आयोजित
- प्रतिभाशाली छात्राओं को शीरोज अचीवर अवार्ड से किया सम्मानित

किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्या नॉलेज पार्क के प्रबंध निदेशक विशाल जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिभाशाली छात्राओं के साथ मिस्र देश से पहुंची इंटर्न नदीम को शीरोज एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करना रहा। महिलाओं के अधिकारों और जागरुकता पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागों के छात्र-छात्राओं ने एक नुक्कड़ नाटक पेश किया। रंगारंग प्रस्तुति के बीच सभी ने खूब धमाल मचाया। कार्यक्रम को



सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश कुमार का योगदान रहा। डेकोरेशन टीम में छात्र वासु प्रजापति, अंकित नारंग, बादल चौधरी, यशराज मलिक, प्रज्ञा, आर्या, संयम सैनी का योगदान रहा। कार्यक्रम में वीकेपी ग्रुप के विभिन्न कॉलेज की फैकल्टी के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अनम सैफी एवं वान्या शर्मा ने किया। इसे सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रुति सालवान, चंद्रशेखर आर्य, निमिषा राणा, तनिषा आहूजा, श्यामली पांडे, नेहा, मितिका गुप्ता का योगदान रहा।

## सशक्त नारी सशक्त राष्ट्र ही सरकार का लक्ष्य

**मवाना।** लक्ष्मी देवी आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मवाना में गुरुवार को नारी सशक्तिकरण को समर्पित मिशन शक्ति के अंतर्गत बीए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए हिंदी विभाग की संरक्षिका व प्राचार्या डा.शक्ति साहनी के संरक्षण में हिंदी विभाग की शिक्षिकाएं पूजा गुप्ता एवं डॉक्टर निशमा के संयुक्त निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 84 छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता का विषय राष्ट्र निर्माण में नारी की भूमिका रहा।

- नारी सशक्तिकरण को समर्पित मिशन शक्ति के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता

डॉक्टर निशमा ने प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। पूजा गुप्ता ने नारी शक्ति पर विचार व्यक्त किए। विभाग संरक्षिका प्राचार्या डा. शक्ति साहनी ने कहा कि नारी समाज की मुख्य धुरी है। नारी वैदिक काल में उच्च आसन पर विद्यमान रही है।

## रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कृषि प्रदर्शनी आयोजित



- 'गन्ना मेरी शान मेरा अभिमान' रहा शीर्षक
- छात्रों व स्थानीय किसानों को मिले कृषि के नए अनुभव

**मेरठ,** 7 मार्च (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मवाना में कृषि विज्ञान विभाग ने गन्ना मेरी शान मेरा अभिमान शीर्षक से एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन किया। संस्थान की प्रिंसिपल डॉ. उर्मिला मोरल के दूरदर्शी नेतृत्व में, इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को गन्ने की विविध किस्मों और गुड़, चीनी, मिश्री और इस महत्वपूर्ण फसल से प्राप्त उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला से परिचित कराना था।

जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मोदीपुरम, मेरठ के कृषि विस्तार विभाग के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. कुमार की उपस्थिति ने प्रदर्शनी में मूल्यवान अंतर्दृष्टि जोड़ी, जिससे छात्रों और स्थानीय किसानों के लिए सीखने का अनुभव समृद्ध हुआ। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज शर्मा के साथ एडमिशन इंचार्ज सुमित काकरान सतेंद्र भाटी डॉ. एसपी सिंह, पुलकित शर्मा, मोहन ठाकुर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति भी देखी गई।

## मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**मेरठ,** 7 मार्च (देशबन्धु)। आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की समीक्षा बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम उपायुक्त उद्योग, मेरठ द्वारा आयुक्त महोदया, अन्य अधिकारीगण एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक का संचालन दीपेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग, मेरठ द्वारा किया गया।

बैठक एजेण्डा के अनुसार उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त उद्योग मेरठ द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद मेरठ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने हेतु गंगा एक्सप्रेसवे के निकट भूमि का चिन्हांकन ग्राम-बिजौली, हापुड़ रोड, मेरठ में किया जा रहा है, जिसके सर्वे आदि की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त जनपद हापुड एवं मेरठ में प्लेज पार्क योजनान्तर्गत निजी औद्योगिक पार्क विकसित किए गए है तथा जनपद गाजियाबाद में भी एक प्लेज पार्क की स्थापना प्रक्रियाधीन है।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर परिचर्चा आयोजित

**मेरठ,** 7 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसका विषय महिला सशक्तिकरण रहा। परिचर्चा की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रजावलित कर की। परिचर्चा में सभी विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परिचर्चा में महिला सशक्तिकरण क्या है, इसकी क्या आवश्यकता है, महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की पॉलिसी चलाने के बावजूद भी हमें पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं होती और महिला सशक्तिकरण के लिए आज क्या-क्या बाधाए हैं और इनको कैसे दूर किया जा सकता है इसी के साथ साथ युवा वर्ग को महिला सशक्तिकरण को संवेदनशील बनाने के लिए क्या क्या योगदान देने होंगे जैसे पॉइंट पर चर्चा हुई, इस दौरान महिलाओं को अधिकार और मान देने का संकल्प भी



लिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि महिलाएं शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पदकमचमदकमदज हो और यह तभी संभव है जब उन्हें शिक्षित किया जाए। इस परिचर्चा में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं में मुख्यत बीसीए विभाग से दीपक, अदिति, अर्चना एवं श्रुति, वाणिज्य विभाग से चंचल, गृह विज्ञान विभाग से वर्षिका एवं कनिका, बीएजेएमसी विभाग से प्रतिभा एवं विज्ञान विभाग से स्नेहा थे, जिनको महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

**आयोजन** वेंकटेश्वरा में मनाया गया विश्व श्रवण जागरूकता सप्ताह

## विम्स के ईएनटी विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

**मेरठ, 7 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा समूह के विम्स मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पीटल एवं वी.जी.आई., मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व श्रवण जागरुकता सप्ताह' का समापन हो गया। इस एक सप्ताह चलने वाले "वर्ल्ड हियरिंग अवेयरनेस वीक " में विम्स के नाम, कान एवं गला रोग विभाग ने पश्चिमी यू.पी. के 1200 से अधिक मरीजों के कान की निःशुल्क जांच कर लगभग 70 से अधिक लोगों की सर्जरी कर उनको सफल ऑपरेशन द्वारा नई श्रवण शक्ति देने का काम किया।**

इसके अलावा ई.एन.टी. विभाग के चिकित्सकों एवं मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं द्वारा लोगों की कान की देखभाल के बारे में बताया एवं उनको जागरूक किया। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में आयोजित सात दिवसीय "विश्व श्रवण जागरूकता सप्ताह" के समापन समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, ई.एन.टी. विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा डॉ. वी.पी. सिंह, डॉ. मैत्री कौशिक, डॉ. शिवम अग्रवाल एवं डॉ. मोनिका देशवाल ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।



**श्रवण क्षमता होने से व्यक्तित्व प्रभावित होने की संभावनाएं अधिक : डॉ. सुधीर गिरि**

**बेहतर चिकित्सीय सेवाओं के दम पर आदर्श बन रहा वेंकटेश्वरा : डॉ. राजीव त्यागी**

**सुनने की शक्ति कम होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें: डॉ. वीपी सिंह**

अपने सम्बोधन में विख्यात ई.एन.टी. विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. वी.पी. सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व में 150 करोड़ से अधिक व्यक्तियों में सुनने की क्षमता में कमी है, जबकि 43 करोड़ लोग श्रवण हानि से पीड़ित हैं, इनका मुख्य कारण बढ़ती उम्र, अत्यधिक शोर, कम प्रतिरोधक क्षमता, ड्रग्स सेवन, जंक फूड एवं प्रदूषण है। अगर पूरी उम्र सही "सुनना" चाहते हैं, तो डॉक्टर की बात "सुनना" एवं उस पर अमल करना जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. एच.पी. सिंह, डीन डॉ. संजीव भट्ट, एम.एस. आई.बी. राजू, डॉ. नीतेश अग्रवाल, डॉ. रजत, डॉ. इरशाद, डॉ. प्रताप सिंह एवं विश्वास राणा उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर कक्ष निरीक्षकों को किया सम्मानित

**मवाना,** 7 मार्च (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बोर्ड परीक्षा 2024 के अंतर्गत कक्ष निरीक्षक के रूप में कार्य करने वाली समस्त महिलाओं को सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि महिलाओं का सम्मान करने से विद्यालय का सामान बढ़ रहा ह। विनीत शर्मा , वंदना सिंह ,अनीता रस्तोगी, आशा रानी ,अनिता कुमारी, संगीता रानी, चंद्रप्रभा पाल ,दीपा मौर्य ,स्वीटी गौतम ,अर्चना तिवारी, अंजू सिंह, छाया गर्ग ,साक्षी पाल, डिंपल त्यागी, स्वाति बंसल, कीर्ति शर्मा, मीनू विश्वकर्मा, इलमा ,निकिता शर्मा, वैशाली राणा, मंदाकिनी देवी को सम्मानित किया गया।




## 69 वर्ष के हुए अनुपम

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता अनुपम खेर गुरुवार को 69 वर्ष के हो गए हैं। अनुपम खेर का जन्म 07 मार्च 1955 को शिमला में हुआ था। उनके पिता पुष्कर नाथ एक कश्मीरी पंडित थे। वे पेशे से क्लर्क थे। बचपन से ही उनकी ख्वाहिश अभिनेता बनने की थी। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला ले लिया। वर्ष 1978 में नेशनल स्कूल से अभिनय की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह रंगमंच से जुड़ गए। 80 के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए हुए उन्होंने मुंबई में कदम रखा। बतौर अभिनेता उन्हें वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म आगमन में काम करने का मौका मिला, लेकिन फिल्म के असफल हो जाने के बाद वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब नहीं हो सके।

### इस ब्रांड अरगा के माध्यम से महिलाओं को 30 से 35 हजार रुपए प्रतिमाह तक की आय भी हो रही है

# 'ब्रांड अरगा' के जरिए सशक्त पहचान बना रहीं यूपी की महिलाएं



**गोण्डा, 07 मार्च ( एजेंसियां )।** उत्तर प्रदेश के गोण्डा में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने जिला प्रशासन की मदद से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को आत्मसात करते हुए ब्रांड अरगा की शुरुआत की है। इस ब्रांड के तहत न सिर्फ महिलाएं तमाम तरह के खाद्य उत्पाद तैयार कर रही हैं, बल्कि उनकी मार्केटिंग और डिस्ट्रिब्यूशन भी कर पा रही हैं। इन उत्पादों को अरगा ब्रांड के रिटेल आउटलेट के साथ ही आईटीसी, स्मार्ट बाजार और वी मार्ट जैसे मेगा रिटेल स्टोर से भी आम लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं जल्द ही इसे अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी लिस्ट कराने की तैयारी है। खास बात ये है कि इस ब्रांड अरगा के माध्यम से महिलाओं को 30 से 35 हजार रुपए प्रतिमाह तक की आय भी हो रही है, जिससे बड़े पैमाने पर इनके परिवार भी लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं आम लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो पा रहे हैं।

> उत्पादों को अरगा ब्रांड के रिटेल आउटलेट के साथ ही आईटीसी, स्मार्ट बाजार और वी मार्ट जैसे मेगा रिटेल स्टोर से भी आम लोगों तक पहुंचाया जा रहा है

ब्रांड अरगा का संचालन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किया जा रहा है, जिसका मूल उद्देश्य स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं की आजीविका संर्वधन का है। इसकी पूर्ति के लिए महिलाओं को उनकी परिस्थिति एवं इच्छानुसार प्रशिक्षण देकर रोजगारपरक गतिविधियों से जोड़ा जाता है।

ब्रांड अरगा के तहत 45 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जिससे सीधे-सीधे इनसे ताल्लुक रखने वाले 10 हजार लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। आईटीसी, स्मार्ट बाजार जैसे बड़े रिटेलर्स के साथ ही करीब 30 एमओयू किए गए हैं। वहीं ब्रांड अरगा के उत्पादों से 15 से 20 प्रतिशत तक प्रॉफिट मार्जिन भी मिल रहा है और प्रत्येक महिला को प्रतिमाह अच्छी खासी आय हो रही है। ब्रांड अरगा द्वारा डिमांड और सप्लाई साइकिल को बरकरार रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत सभी अरगा प्रोडक्ट्स के लिए एक सेपरेट आउटलेट शुरू किया जा रहा है, जबकि अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से प्रोडक्ट्स की बिक्री की योजना है। इसके साथ ही फेज-2 में करीब 80 अन्य लोकल प्रोडक्ट्स को नियमित ट्रेनिंग के आधार पर शुरू किए जाने की भी योजना पर कार्य चल रहा है। यही नहीं बारकोड जेनरेशन के जरिए मार्केट फीडबैक के आधार पर प्रोडक्ट्स को और बेहतर बनाने पर भी फोकस किया जा रहा है। गोण्डा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि प्रोजेक्ट अरगा एक ऐसी पहल है जिसके तहत एक अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर को सिस्टमैटिक तरीके से एक मार्केट प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। यह आर्थिक स्वावलंबन की तरफ एक बड़ा और बेहतर कदम है। खासतौर पर महिला सशक्तिकरण के लिए इसमें बहुत तत्व है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि महिलाओं के द्वारा गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार तो कर लिए जाते हैं, लेकिन उनके उत्पादों के विपणन के लिए एक व्यवस्थित बाजार का मंच नहीं उपलब्ध हो पाता है। इस समस्या का सर्वे करने पर यह तथ्य उभरकर सामने आया कि उत्पादों की एक ब्रांड इमेज तैयार की जाए जिससे समूहों द्वारा उत्पदित उत्पादों को पहचान मिल सके। इसी परिकल्पना का मूर्त रूप 16 जून 2023 को ब्रांड अरगा के रूप में उभर कर सामने आया। ब्रांड अरगा को मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रियल पॉलिसी एंड प्रमोशन में ट्रेड मार्क के लिए रजिस्टर्ड करवाया गया है। आज ब्रांड अरगा के तहत स्वयं सहायता समूह, ओडीओपी, खाद्यी ग्रामोद्योग और एफपीओ के सदस्यों को समाहित करने हेतु उनके द्वारा तैयार खाद्य पदार्थ की मार्केटिंग सुचारू रूप से की जा रही है। विभिन्न खुदरा व्यापरियों द्वारा ब्रांड अरगा के उत्पादों को अपने प्रतिष्ठान से विक्रय किया जा रहा है। गोण्डा विकास भवन परिसर में स्थापित अरगा रूरल मार्ट स्टोर में ब्रांड अरगा के उत्पादों की एक श्रृंखला उपलब्ध है। ब्रांड अरगा से जुड़ीं महिला उद्यमी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि हम यहां पर कई तरह के उत्पाद बना रहे हैं।

### ब्रांड अरगा के अंतर्गत विभिन्न उत्पाद

दाल, चावल, सरसों का तेल, अचार, पापड़, बड़ी, मक्के का आटा, ज्वार का आटा, बाजरे का आटा, मल्टीग्रेन आटा, बेसर सत्तू, जौ का आटा, सिंघाड़े का आटा, कुटु का आटा, मक्के की दलिया, गेहूं की दलिया, बेकरी उत्पादन, नमकीन, शहद, बी पोलेन, मोरिंगा पाउडर, बुकनू, त्रिफना जूस, एलोवेरा जूस, आंवला जूस, सिरका, देशी घी, हल्दी, धनिया, खड़े मसाले, नूडल्स, विभिन्न प्रकार के सब्जी मसाले, बिरयानी मसाला, गुड़ के विभिन्न उत्पाद, रागी का लड्डू, अलसी का लड्डू, मक्के का लड्डू, गुड़ के विभिन्न उत्पाद, कैडी, जैम, जेली, मोटे अनाज व अन्य तैयार किए जा रहे हैं।

## समय की रेत पर छाप छोड़ती युवा लेखिका प्रियंका सौरभ

(महिला दिवस विशेष)




नई दिल्ली, 7 मार्च (देशबन्धु)। युवा महिला लेखिका जो हिंदी और अंग्रेजी के 10,000 से अधिक समाचार पत्रों के लिए दैनिक संपादकीय लिख रही हैं जो विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। प्रमाणित सबूत गूगल के रूप में प्रियंका सौरभ और आपको सब कुछ मिल जायेगा। दुनिया के सबसे बड़े शिक्षा मंच ह्वठ्ठड्डष्ह्वस्त्रद्गद्ब4 और व्यक्तिगत यूट्यूब चैनल पर लड़कियों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करना। विशेष रूप से निराश्रित महिलाओं और बच्चों, विधवाओं, विकलांग महिलाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में महिलाओं और बच्चों के समर्थन और पुनर्वास के बारे में अपने लेखन और सेमिनार के माध्यम से लड़कियों और महिलाओं को शिक्षित करना। प्रियंका ने अभी तक पांच किताबें लिखी हैं, दो कविताएं दीमक लगे गुलाब और परियों से संवाद, एक महिलाओं के मुद्दों और दर्द के बारे में है जिसका शीर्षक निर्भयाएं है और एक अंग्रेजी में वर्तमान युग में महिलाओं की प्रगति के बारे में फीयरलेस है। पांचवी पुस्तक समय की रेत पर समसामयिक निबंध है। यह कहानी है हिसार के आर्यनगर गांव की बेटी 28 वर्षीय युवा लेखिका प्रियंका सौरभ की, जो मौजूदा समय में महिला सशक्तिकरण की मिसाल हैं और अपनी कलम से नारी जगत के लिए आवाज उठा रही हैं। कविता के अलावा वे प्रतिदिन अपने संपादकीय लेखों से विभिन्न भाषाओं में लेखन कार्य कर रही हैं। उनकी कई पुस्तकें हाल ही में प्रकाशित हुई हैं। इनमें सामाजिक और राजनीतिक जीवन की कड़वी सच्चाई को व्यक्त करने वाले निबंध दीमक लगे गुलाब और आधुनिक नारी की समस्याओं से रूबरू कराने वाली निर्भयाएं शामिल हैं। इन दो किताबों के अलावा हर क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति पर आधारित अंग्रेजी में द फीयरलेस किताब शामिल है। समय की रेत पर इनका नया निबंध संग्रह है। युवा लेखिका प्रियंका सौरभ लगातार महिलाओं की समस्याओं पर लिखती रही हैं। प्रकाशित पुस्तकों में प्रियंका सौरभ ने आधुनिक नारी की वर्तमान समस्याओं को रखा है, जो वर्तमान में कहीं न कहीं उनके जीवन को प्रभावित कर रही हैं। प्रियंका सौरभ का जन्म आर्यनगर, हिसार, हरियाणा में हुआ। उनके पिता सुमेर सिंह उब्बा एक कानूनगो हैं और मां रोशनी देवी एक गृहिणी हैं। बचपन से ही उन्हें लिखने-पढ़ने का शौक रहा है। ये राजनीति विज्ञान में मास्टर और एमफिल हैं। वर्तमान में वे रिसर्च स्कॉलर हैं और हरियाणा सरकार में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आर्यनगर गांव से प्राप्त की।

> **प्रियंका ने अभी तक पांच किताबें लिखी हैं, दो कविताएं दीमक लगे गुलाब और परियों से संवाद, एक महिलाओं के मुद्दों और दर्द के बारे में है जिसका शीर्षक निर्भयाएं है और एक अंग्रेजी में वर्तमान युग में महिलाओं की प्रगति के बारे में फीयरलेस है।**

## उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया

### वित्त वर्ष 2023-2024 में स्क्रैप की बिक्री से 514.06 करोड़ रुपए अर्जित किए



■ यह भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों/पीएसयू में सर्वाधिक है

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 514.06 करोड़ रुपए अर्जित किये जो कि उत्तर रेलवे के सालाना बिक्री लक्ष्य 500 करोड रुपए से अधिक है। इस प्रकार उत्तर रेलवे स्क्रैप का निपटान कर भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में पहले स्थान पर रहा है । उत्तर रेलवे ने इस वित्त वर्ष में 100 करोड, 200 करोड, 300 करोड और 400 करोड रुपए की स्क्रैप बिक्री का लक्ष्य हासिल किया है।

स्क्रैप का निपटान एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्क्रैप से राजस्व अर्जित किये जाने के साथ-साथ, यह परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है। रेल पटरियों के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार इत्यादि स्क्रैप को एकत्रित कर इसकी विक्री से संरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है। उत्तर रेलवे ने स्टाफ क्वाटरों, केबिनों, शैडों, वाटर टैंकों इत्यादि परित्यक्त ढांचों के निपटान के कार्य को मिशन मोड में शुरू किया है । इससे न केवल राजस्व अर्जन में मदद मिली है बल्कि कीमती स्थान की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है। इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है। इनका त्वरित निपटान सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता सूची में रहा है तथा इसकी निगरानी भी उच्च स्तर पर की जाती है। उत्तर रेलवे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप पीएसी स्लीपरों का निपटान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके। उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्टेटस हासिल करने और इस वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए अपने परिसरों को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ।

## मुझे खुद को फिल्टर में देखना पसंद नहीं : करीना



**मुंबई,** 7 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने कहा कि पिछले कुछ दिनों सुंदरता की अवधारणा में तेजी से परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि जब वो खुद को किसी एडिटेड तस्वीर में देखती है, तो वो अपने आपको उससे जोड़ नहीं पाती है।अपनी निजी जिंदगी के बारे में बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले कुछ दिनों से सुंदरता की अवधारणा में पूरी तरह से परिवर्तन आ चुका है। मुझे अच्छा लगता है कि मेरे चेहरे पर थोड़ी-सी रेखाएं आ चुकी हैं। अब अगर मैं खुद को फिल्टर या एडिटेड तस्वीर में देखती हूं, तो अपने आपको उससे जोड़ नहीं पाती हूं। करीना की एक खास बात है कि उन्होंने अपना वास्तविक चेहरा दिखाने से कभी गुरेज नहीं किया। चाहे वो सोशल मीडिया हो या फिल्म।

## 'साहित्य अकादमी' आयोजित करेगी विश्व का सबसे बड़ा 'साहित्योत्सव'

**नई दिल्ली,** 07 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय साहित्य संस्था साहित्य अकादेमी स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने पर अपना वार्षिक 'साहित्योत्सव' इस बार विश्व के सबसे बड़े साहित्य महोत्सव रूप में आयोजित करेगी जिसमें 175 से अधिक भाषाओं के 1100 से अधिक लेखक और कवि भाग लेंगे। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस वर्ष साहित्योत्सव 11 मार्च से 16 मार्च तक रवींद्र भवन परिसर में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में 190 से अधिक सत्रों में 1100 से अधिक प्रसिद्ध लेखक और विद्वान भाग ले रहे हैं। इसमें देश की 175 से अधिक भाषाओं का भी प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने बताया कि इस साहित्योत्सव में तीन राज्यों केरल के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री सी.वी. आनंद बोस विशेष रूप से भाग ले रहे हैं। इस पुरस्कार-अर्पण समारोह की मुख्य अतिथि प्रख्यात ओड़िया लेखिका प्रतिभा राय होंगी। प्रतिष्ठित संवत्सर व्याख्यान प्रख्यात उर्दू लेखक एवं गीतकार गुलज़ार देंगे। साहित्योत्सव में 'साहित्य एवं कूटनीति' पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन भी होगा। श्री श्रीनिवासराव ने बताया कि साहित्योत्सव की शुरुआत अकादेमी की वर्षभर की प्रमुख गतिविधियों की प्रदर्शनी से होगा। साहित्योत्सव का मुख्य आकर्षण साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2023 अर्पण समारोह होगा। साहित्य अकादेमी के महत्तर सदस्यों का अभिनंदन भी किया जाएगा। इनके अलावा बहुभाषी कवि और कहानी-पाठ, युवा साहिती, अस्मिता, पूर्वोत्तरी, जैसे नियमित कार्यक्रमों के अलावा भक्ति साहित्य, बाल साहित्य, भारत की अवधारणा, मातृभाषाओं का महत्व, आदिवासी कवि एवं लेखक सम्मिलन, भविष्य के उपन्यास, भारत में नाट्य लेखन, भारत की सांस्कृतिक विरासत, भारतीयों भाषाओं में विज्ञान कथा साहित्य, नैतिकता और साहित्य, भारतीय साहित्य में आत्मकथाएँ, साहित्य और सामाजिक आंदोलन, विदेशों में भारतीय साहित्य जैसे अनेक विषयों पर परिचर्चा और परिसंवाद होंगे।

## 'शिव शक्ति' के एक्टर्स ने महा शिवरात्रि के साथ आने वाले महिला दिवस पर की बात

**मुंबई,** 7 मार्च (एजेंसियां)। शो शिव शक्ति-तप त्याग तांडव के मुख्य एक्टर राम यशवर्धन और सुभा राजपूत ने महा शिवरात्रि के साथ आने वाले महिला दिवस पर हमारे जीवन में महिलाओं के मूल्य पर बात की। शो में भगवान शिव की भूमिका निभा रहे राम यशवर्धन ने कहा कि अर्धनारीश्वर भगवान शिव के सबसे शक्तिशाली अवतारों में से एक है, जो अपनी पत्नी पार्वती के साथ विलीन हो जाते हैं, जिससे एक ऐसा रूप बनता है जो आधा पुरुष और आधा महिला था। यह ब्रह्मांड के पुरुष और महिला पहलुओं के बीच समानता को रिप्रेजेंट करता है। सबसे महान देवता भगवान शिव जानते हैं कि वह अपनी अर्धांगिनी, शक्ति के बिना अधूरे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस शुभ दिन पर जब हम महा शिवरात्रि और महिला दिवस मनाते हैं तब मुझे हमारे प्रेम के परिश्रम का लोगों पर गहरा प्रभाव याद आता है। मुझे आशा है कि वे उस मूल्य को समझते हैं जो महिलाएं हमारे जीवन में लाती हैं। शो में देवी शक्ति की भूमिका निभाने वाली सुभा रातपूत ने कहा कि महाशिवरात्रि और महिला दिवस को एक साथ मनाने का संयोग भगवान शिव के सबसे शक्तिशाली रूपों में से एक अर्धनारीश्वर का प्रतीक है।



## भारत में हर 100 कैंसर के मरीजों में से 51 महिलाएं




**नई दिल्ली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। दुनिया भर में कैंसर बीमारी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, खासकर कुछ तरह के कैंसर महिलाओं को ज्यादा प्रभावित करते हैं। भारत में, महिलाओं में कई तरह के कैंसर पाए जाते हैं। इसीलिए ये बहुत ज़रूरी है कि महिलाओं में कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाई जाए, बचाव के तरीके अपनाए जाएं और इलाज के सही तरीके इस्तेमाल किए जाएं।

भारत में स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे ज्यादा पाया जाने वाला कैंसर है। हर 100 में से 27 महिलाओं को यह बीमारी होने का खतरा होता है। इसके बाद सर्वाइकल कैंसर का नंबर आता है, जो 13 महिलाओं में से एक को हो सकता है। पूरी दुनिया की बात की जाए तो, हर साल लाखों महिलाएं इन बीमारियों से अपना जीवन गंवा देती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल 6.85 लाख से ज्यादा महिलाओं की स्तन कैंसर से और 3.42 लाख महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर से मौत हो जाती हैं।

कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए, नई दिल्ली के जाने-माने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मिनिमल एक्सेस स्मार्ट सर्जरी हॉस्पिटल माश ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अपने ऑन्कोलॉजी विभाग शुरू करने की घोषणा की है। यह नया विभाग एमएएसएसएच द्वारा अपने मरीजों को कई तरह की बीमारियों के लिए एक ही छत के नीचे इलाज देने के लिए उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

डॉ. सचिन अम्बेकर, डायरेक्टर मिनिमल एक्सेस सर्जरी व मेडिकल डायरेक्टर एमएएसएच हॉस्पिटल ने बताया कि कैंसर का जल्दी पता लगाना और जांच करवाना बहुत ज़रूरी है। अगर ब्रेस्ट, सर्विकल या ओवरी के कैंसर जैसी बीमारी का जल्दी पता चल जाए और इलाज शुरू कर दिया जाए, तो उसे ठीक करने की संभावना काफी बढ़ जाती है। हनीश बंसल, चेयरमैन एंड एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर,एमएएसएच हॉस्पिटल ने बताया कि माश कैंसर का इलाज करा रहे मरीजों को हर तरह से राहत पहुंचाने के लिए तत्पर रहता है। उन्हें सिर्फ इलाज ही नहीं, बल्कि मानसिक परेशानी को कम करने के लिए डॉक्टर की सलाह और मनोवैज्ञानिक सहायता, खाने-पीने की सही जानकारी देने वाले डाइट सलाहकार, पेन मैनेजमेंट और ज़रूरत पड़ने पर राहत देने वाली देखभाल जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराता है।

माश अस्पताल की संस्थापक और सीईओ मानसी बंसल झुनझुनवाला ने बताया कि माश ने कैंसर रोगियों के लिए एक नई व्यवस्था शुरू की है, इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड। इस व्यवस्था के तहत, सभी डॉक्टरों और स्टाफ के पास मरीजों के स्वास्थ्य का एक ही रिकॉर्ड होगा।

> **विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में हर साल 6.85 लाख से अधिक महिलाओं की मौत स्तन कैंसर के कारण होती है**

देशबन्धु

# अर्थ जगत

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.90 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.14 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.50 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.38 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.10 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.68 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.59 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.23 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.82 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.51 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## अगले 5 वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में 17 लाख करोड़ रुपए निवेश करेगी सरकार : आर के सिंह

■ दुनिया चीन के बाहर देख रही बाजार

**नई दिल्ली**, 7 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने पिछले 9 वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 20 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है और अगले 5 से 7 वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। ये बात केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ने गुरुवार को कही। एक कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र की तेज वृद्धि से मांग पैदा हो रही है और सरकार चाहती है कि इस मांग को मेड इन इंडिया से ही पूरा किया जाए।

ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ने कहा कि हमने पहले से ही नीति लागू कर दी है, जैसे कि सोलर मॉड्यूल पर 40 प्रतिशत की टैरिफ, ताकि उद्योग सुरक्षित रहे।



पिछले 10 वर्षों में सरकार ने 190 गीगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ी है : आरके सिंह

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने 190 गीगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ी है। यह लगभग दोगुनी 436 गीगावॉट हो गई है। मंत्री ने कहा कि इसके लिए बहुत सारे थर्मल और नवीकरणीय उपकरणों की आवश्यकता थी। हमने ट्रांसमिशन लाइनों में 200,000 सर्किट किलोमीटर जोड़े, हमारी ट्रांसमिशन सिस्टम आज दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत ट्रांसमिशन सिस्टम है। उन्होंने बताया कि हम 116 गीगावॉट देश के एक कोने से दूसरे कोने में भेज सकते हैं।

मेरे कार्यकाल के दौरान, हमने लगभग 3,000 नए सबस्टेशन बनाने, लगभग 4,000 सब-स्टेशनों को अपग्रेड करने, 8.5 लाख सर्किट किलोमीटर एचटी और एलटी लाइनें और 7.5 लाख ट्रांसफार्मर जोड़ने में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये खर्च किए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली क्षेत्र में विस्तार जारी है।

## एफएमसीजी की ग्रोथ सितंबर तिमाही तक सुस्त रहने के आसार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग वाले उत्पाद (एफएमसीजी) क्षेत्र में अनिश्चित कारोबारी परिदृश्य की वजह से इस साल सितंबर तिमाही तक 'धीमी' रफ्तार से वृद्धि होने का अनुमान है। डेटा एवं सलाहकार फर्म कांतार वर्ल्डपैनल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृषि क्षेत्र में अनिश्चितता बनी रहने से मांग पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा आगामी आम चुनावों से भी एफएमसीजी उत्पादों की खपत बढ़ने की संभावना नहीं दिख रही है। हालांकि, कांतार ने उम्मीद जताई है कि सितंबर तिमाही के बाद एफएमसीजी क्षेत्र की वृद्धि 'उत्तरोत्तर' बेहतर होगी। दूसरी छमाही में रबी की अच्छी फसल होने पर यह साल भी अच्छा साबित हो सकता है।

## आरबीआई व बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेनदेन के लिए किया करार

**मुंबई,** 7 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने दोनों देशों के बीच लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं-भारतीय रुपया (आईएनआर) और इंडोनेशियाई रुपिया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने और एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यहां आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। भारत और इंडोनेशिया के बीच स्थानीय मुद्राओं में सीमा पार लेनदेन के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने पर समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से आईएनआर और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है।

आरबीआई के एक बयान के अनुसार, समझौता ज्ञापन में सभी चालू खाता लेनदेन, अनुमत पूंजी खाता लेनदेन और दोनों देशों द्वारा सहमति के अनुसार किसी भी अन्य आर्थिक और वित्तीय लेनदेन को शामिल किया गया है। यह ढांचा निर्यातकों और आयातकों को उनकी संबंधित घरेलू मुद्राओं में चालान और भुगतान करने में सक्षम बनाएगा, जो बदले में आईएनआर-आईडीआर विदेशी मुद्रा बाजार के विकास को सक्षम करेगा। एक अधिकारी ने कहा कि स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन में लागत कम लगेगी और समय के अनुकूल निपटान हो सकेगा। यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आरबीआई ने कहा कि द्विपक्षीय लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं का उपयोग अंततः भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ वित्तीय एकीकरण को गहरा करने और भारत व इंडोनेशिया के बीच लंबे ऐतिहासिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में योगदान देगा।



■ शक्तिकांत दास व पेरी वारजियो ने किए एमओयू पर हस्ताक्षर

## खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 4142 रिंगिट प्रति टन पर सपाट रहा। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

## फ्लिपकार्ट की क्विक-कॉमर्स कारोबार में कदम रखने की योजना

**नई दिल्ली**, 7 मार्च (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट क्विक-कॉमर्स कारोबार में प्रवेश करने की योजना बना रही है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को खरीददारी के तुरंत बाद ऑर्डर की डिलिवरी सुनिश्चित करना है। मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

टेकक्रंच ने सूत्रों के हवाले से बताया कि कंपनी का इरादा इस साल मई की शुरुआत में चुनिंदा स्थानों पर तत्काल-डिलीवरी सेवा शुरू करने का है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि चर्चा जारी है और समयसीमा में थोड़ा बदलाव हो सकता है। रिपोर्ट में फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है कि ई-कॉमर्स फर्म ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाएँ पूरी करने और मूल्य, चयन तथा गति में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, आने वाले महीनों में इस मोर्चे पर और अधिक पहल की उम्मीद है।




उल्लेखनीय है कि फ्लिपकार्ट इन दिनों तत्काल-डिलीवरी फर्म डंज़ो के अधिग्रहण की भी संभावना तलाश रहा है। फ्लिपकार्ट ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि वह मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों में कई श्रेणियों में उत्पादों की एक ही दिन में डिलीवरी शुरू करने की तैयारी कर रहा है।

■ फ्लिपकार्ट तलाश रहा तत्काल-डिलीवरी फर्म डंज़ो के अधिग्रहण की संभावना

इस कदम से अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, कोयंबटूर, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, लुधियाना, मुंबई, नागपुर, पुणे, पटना, रायपुर, सिलीगुड़ी और विजयवाड़ा सहित कई शहरों में ग्राहक जुड़ेंगे।

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी जारी

**मुंबई,** 7 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के इस वर्ष ब्याज दर में कटौती किए जाने के आश्वासन से विश्व बाजार में आई गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स और धातु समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत ... रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.40 अंक की बढ़त लेकर 74,119.39 सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.50 अंक बढ़कर 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 39,852.85 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत की तेजी लेकर 44,653.57 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3922 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2114 में लिवाली जबकि 1691 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां हरे जबकि शेष 20 लाल निशान पर बंद हुई। बीएसई के 15 समूह में तेजी रही। इससे कमोडिटीज 1.00, सीडी 0.21, एफएमसीजी 0.98, वित्तीय सेवाएं 0.23, हेल्थकेयर 0.22, इंडस्ट्रियल्स 0.93, आईटी 0.34, दूरसंचार 0.98, यूटिलिटीज 0.68, कैपिटल गुड्स 1.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.28, धातु 1.36, टेक 0.41 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.51 प्रतिशत मजबूत रहे।

बीएसई सेंसेक्स 7 मार्च 2024

| अधिकतम उछाल | |
|---|---|
| खुला | 74,242.74 |
| बंद | 74,119.39 |
| पिछला बंद | 74,085.99 |
| बदलाव: | 33.40 (0.05%) |

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| टाटा स्टील | 157.25 | 3.90 |
| टाटा मोटर्स | 1,039.35 | 2.14 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 829.75 | 2.09 |
| बजाज फिनसर्व | 1,582.60 | 2.00 |
| बजाज फाइनेंस | 6,419.30 | 1.71 |
| एशियन पेंट्स | 2,870.10 | 1.50 |
| आईटीसी | 413.35 | 1.39 |
| टेक महिंद्रा | 1,288.90 | 1.38 |
| टीसीएस | 4,110.10 | 1.10 |
| नेस्ले इंडिया | 2,559.85 | 1.08 |

KBK Infographics

■ सेंसेक्स 33.40 अंक की बढ़त लेकर 74,119.39 पर

■ निफ्टी 19.50 अंक बढ़कर 22,493.55 पर बंद

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.33, जर्मनी का डैक्स 0.26, जापान का निक्केई 1.23, हांगकांग का हैंगसेंग 1.27 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 175 अंक की तेजी लेकर 74,242.74 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,921.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 73,921.48 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,085.99 अंक के मुकाबले 0.05 प्रतिशत बढ़कर 74,119.39 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टाटा स्टील 3.90, टाटा मोटर्स 2.14, एशियन पेंट 1.50, टेक महिंद्रा 1.38, टीसीएस 1.10, एलटी 0.91, भारती एयरटेल 0.81, विप्रो 0.55, एसबीआई 0.52, एचडीएफसी बैंक 0.31 और एनटीपीसी के शेयर 0.03 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.68, रिलायंस 1.59, एक्सिस बैंक 1.23, आईसीआईसीआई बैंक 0.82, पावरग्रिड 0.51, मारुति 0.49 और इंफोसिस ने 0.02 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## एचसीएलटेक व सर्विसनाउ ने जेनएआई के नेतृत्व वाले समाधान के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली**, 7 मार्च (एजेंसियां)। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएलटेक और डिजिटल वर्कफ्लो कंपनी सर्विसनाउ ने गुरुवार को उद्यमों को नए जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) आधारित समाधान देने के लिए साझेदारी की घोषणा की।

एचसीएलटेक के अनुसार, नई पेशकश उद्यमों को उनके सभी व्यवसायों में सर्विसनाउ की जेनएआई क्षमताओं को जल्दी और कुशलता से अपनाने में सक्षम बनाएगी।

एचसीएलटेक के सीईओ और प्रबंध निदेशक सी. विजयकुमार ने एक बयान में कहा कि एचसीएलटेक का विस्तारित पोर्टफोलियो और इंजीनियरिंग विरासत इसे ग्राहकों को व्यावहारिक और अनुकूलित जेनएआई उपयोग की सुविधा प्रदान करने में सक्षम बनाती है जो डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एजेंडे के साथ आगे बढ़ने में उनके लिए मददगार होता है।




एचसीएलटेक दुनिया के प्रमुख व्यवसायों को सर्विसनाउ की विशेषज्ञता का खजाना प्रदान करता है : बिल मैकडरमॉट

इस साझेदारी के तहत, एचसीएलटेक सर्विसनाउ के संपूर्ण उत्पादों के माध्यम से परामर्श, डिजाइन, कार्यान्वयन और प्रबंधित सेवाएं प्रदान करेगा। सर्विसनाउ के अध्यक्ष और सीईओ बिल मैकडरमॉट ने कहा, एचसीएलटेक दुनिया के प्रमुख व्यवसायों को सर्विसनाउ की विशेषज्ञता का खजाना प्रदान करता है।

### सार संक्षेप

### टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन हो जाएंगे महंगे

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने गुरुवार को घोषणा की कि वह 1 अप्रैल से अपने विभिन्न मॉडलों में वाणिज्यिक वाहनों की कीमत 2 प्रतिशत तक बढ़ाएगी। कंपनी ने कहा कि मूल्यवृद्धि पिछली इनपुट लागतों के अवशिष्ट प्रभाव की भरपाई कर देगी। हालांकि कीमत में बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी, यह वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। टाटा मोटर्स कारों, उपयोगिता वाहनों, पिक-अप, ट्रकों और बसों की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता है। भारत, यूके, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया में परिचालन के साथ कंपनी अफ्रीका, मध्य पूर्व, लैटिन अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया और सार्क देशों में अपने वाहनों की मार्केटिंग करती है।

### भारत में सेल्सफोर्स के कारोबार में वृद्धि


**बेंगलुरु।** एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्रमुख सेल्सफोर्स ने भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। कंपनी ने एक साल में नए व्यवसाय में 35 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। यह जानकारी गुरुवार को दी गई। एयर इंडिया, एटमबर्ग, नारायण हेल्थ और जयपुर रग्स जैसे अग्रणी भारतीय व्यवसायों ने उत्पादकता बढ़ाने, दक्षता बढ़ाने और एआई नवाचार के एक नए युग में ग्राहकों के साथ बातचीत में क्रांति लाने पर केंद्रित डिजिटल रणनीति बनाने के लिए सेल्सफोर्स के साथ करार किया। सेल्सफोर्स इंडिया की सीईओ और चेयरपर्सन अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा कि यह अभूतपूर्व विकास का वर्ष रहा है और भारत वैश्विक स्तर पर सेल्सफोर्स के लिए एक अच्छा स्थान बना हुआ है। यह देश में प्रौद्योगिकी अपनाने का स्वर्ण युग है और हम इस डिजिटल परिवर्तन यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। वैश्विक स्तर पर, कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 34.9 बिलियन डालर का राजस्व हासिल किया, जो पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है।

### भारत में वी30 सीरीज के नए स्मार्टफोन लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने गुरुवार को अपने कस्टमर्स को बेहतरीन एक्सपीरियंस देने के लिए भारत में अपनी लेटेस्ट सीरीज वीवो वी30 सीरीज को लॉन्च किया है। इसमें वी30 प्रो और वी30 स्मार्टफोन शामिल हैं। वी30 प्रो अंडमान ब्लू और क्लासिक ब्लैक में उपलब्ध है। इसकी कीमत की बात करें तो 8जीबी प्लस 256जीबी की कीमत 41,999 रुपए और 12जीबी प्लस 512जीबी की कीमत 46,999 रुपए रखी है। स्मार्टफोन वी30 अंडमान ब्लू, पीकॉक ग्रीन और क्लासिक ब्लैक में उपलब्ध है। इस फोन की कीमत 8जीबी प्लस 128जीबी के लिए 33,999 रुपए, 8जीबी प्लस 256जीबी के लिए 35,999 रुपए और 12जीबी प्लस 256 के लिए 37,999 रुपए है। वी30 सीरीज 14 मार्च से फ्लिपकार्ट, वीवो इंडिया ई-स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगी।

## जेएम फाइनेंसियल पर सेबी का कड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली**, 7 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय मार्केट रेगुलेटर सेबी ने आज इन्वेस्टमेंट बैंकिंग फर्म जेएम फाइनेंसियल पर कड़ा रुख अपनाते हुए किसी भी पब्लिक इश्यू के लीड मैनेजर के रूप में काम करने से रोक लगा दी है। जेएम फाइनेंसियल लिमिटेड अब डेट सिक्योरिटीज के किसी भी पब्लिक इश्यू के लिए लीड मैनेजर के रूप में काम नहीं कर सकेगी। सेबी की तरफ से यह कदम अनुचित ट्रेड प्रैक्टिस में शामिल होने की वजह से उठाया गया।



■ पब्लिक इश्यू के लीड मैनेजर के रूप में काम करने पर लगाई रोक

सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, जेएम फाइनैंशियल उन डेट सिक्योरिटीज के पब्लिक इश्यू में 60 दिन के लिए लीड मैनेजर के रूप में काम कर सकती है, जो उसके पास मौजूदा समय में हैं। सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, जेएम फाइनैंशियल उन डेट सिक्योरिटीज के पब्लिक इश्यू के लिए 60 दिनों तक लीड मैनेजर के रूप में काम कर सकती है, जिसके लिए उसके पास पहले से मैंडेट मिला हुआ है।

## एनसीआर में सीएनजी के दाम में कटौती से आम जनता खुश

**नोएडा**, 7 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली एनसीआर में सीएनजी के दामों में ढाई रुपए की कमी की गई है। इससे आम जनता काफी खुश है और इसे सबसे ज्यादा फायदा कैब चालकों को होने वाला है। मुंबई के बाद अब दिल्ली एनसीआर में सीएनजी के दामों में कटौती की गई है। दिल्ली के अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल और कैथल में भी सीएनजी के दाम कम किए गए हैं। दिल्ली समेत आसपास के शहरों में सीएनजी 2.5 रुपए सस्ता हो गया है। नई दरें गुरुवार सुबह 6 बजे से लागू हो गई हैं। सीएनजी के रेट की बात करें तो दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी 74.09 रुपए की होगी जो पहले 76.59 रुपए थी। नोएडा में एक किलो सीएनजी की कीमत अब 78.70 रुपये होगी जो पहले 81.20 रुपए थी। ऐसे ही गुरुग्राम में एक किलो सीएनजी की कीमत अब 80.12 रुपये होगी जो पहले 82.62 रुपए थी। सीएनजी वाहन चलाने वाले चालक इस बात से काफी खुश नजर आ रहे हैं। सीएनजी के दामों में कमी को लेकर माल ढोने वाले वाहन चालक और कैब चलाने वाले चालक भी खुश हैं।

■ नई दरें गुरुवार सुबह 6 बजे से लागू हो गई




नोएडा के सेक्टर 93 गेझा गांव में रहने वाले राम प्रकाश सीएबी टैक्सी चलाते हैं और सीएनजी के दाम कम होने पर काफी खुश नजर आए। उनका कहना है कि किराए में कुछ फायदा होगा जो उनकी आमदनी को बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि दिन भर में दो बार सीएनजी के सिलेंडर को फुल करवाना होता है जिसमें अब जेब पर बहुत ज्यादा भार नहीं पड़ेगा और काफी राहत भी महसूस होगी।


### फरवरी में ऑटो बिक्री में 13 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा कि फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई।

# खेल जगत

## न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट के बाद अंपायर मरायस इरास्मस लेंगे संन्यास

**क्राइस्टचर्च**। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी अंपायर मरायस इरास्मस ने आईसीसी एलीट पैनल के अंपायरों से अपने संन्यास की घोषणा की है। उनका दो दशकों से अधिक का शानदार करियर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के दौरान उनकी अंतिम अंपायरिंग ड्यूटी के साथ समाप्त होगा। क्राइस्टचर्च टेस्ट अंपायर के रूप में इरास्मस का 82वां पुरुष टेस्ट मैच होगा, टेस्ट मैचों में अंपायरिंग करने वाले अंपायरों की सूची में 10वें स्थान पर आ जाएंगे। इरास्मस ने 124 पुरुष वनडे, 43 पुरुष टी20 मैच और 18 महिला टी20 मैच में भी अंपायरिंग की। उन्होंने 131 अंतरराष्ट्रीय मैचों में टीवी अंपायर के रूप में भी काम किया है। चार पुरुष क्रिकेट विश्व कप (2011, 2015, 2019, 2023) और सात पुरुष टी20 विश्व कप (2009, 2010, 2012, 2014, 2016, 2021 और 2022) सहित कई प्रतिष्ठित क्रिकेट आयोजनों में अंपायरिंग के उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड के साथ और आईसीसी के अनुसार, 2013 और 2017 में दो पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के अलावा तीन महिला टी20 विश्व कप (2010, 2012, 2014) शामिल हैं।



# कुलदीप के पंजे व अश्विन के चौके से इंग्लैंड पहली पारी में 218 पर ढेर

■ यशस्वी व रोहित की सलामी जोड़ी की शतकीय भागीदारी से भारत का तेज आगाज ■ इंग्लैंड से भारत मात्र 83 रन पीछे, पहली पारी में नौ विकेट बाकी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (5/72) के गेंद से 'पंजे' और अपना सौवां टेस्ट मैच खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (4/51) के गेंद से 'चौके' से सलामी बल्लेबाज जॉक क्राली के सीरीज के चौथे अर्द्धशतक के बावजूद भारत ने धर्मशाला में गुरुवार को शुरू पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे इंग्लैंड की पहली पारी 57. 4 ओवर में मात्र 218 पर समेट दी। कुलदीप यादव ने भारत के लिए अपने टेस्ट करियर का आगाज 2017 में धर्मशाला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था और उन्होंने अपने टेस्ट करियर में चौथी बार एक पारी में पांच विकेट चटकाने के साथ विकेटों का 'अर्द्धशतक' भी पूरा कर लिया।

जवाब में यशस्वी जायसवाल (57 रन, 58 गेंद, तीन छक्के, पांच चौके) और कप्तान रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी की 20.4 ओवर में शतकीय भागीदारी की बदौलत भारत ने 30 ओवर में विकेट खोकर 135 रन बनाए। तब कप्तान रोहित 83 गेंद खेल कर दो छक्कों और आठ चौकों की मदद से 52 रन और शुभमन गिल 39 गेंद खेल कर दो छक्कों और दो चौकों की मदद से 26 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से बस 83 रन पीछे है और पहली पारी में उसके नौ विकेट बाकी हैं। यशस्वी ने इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को निशाने पर लिया और उनके पहले ही ओवर में तीन छक्के जड़े और अंतत: उनकी ही गेंद को उड़ाने की कोशिश में फ्लाइट से मात खा गए और विकेटकीपर बेन फॉक्स ने गिल्लियां उड़ा कर उन्हें स्टंप कर उनकी और रोहित की पहली विकेट की खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ा। आउट होने से पहले यशस्वी ने टेस्ट में भारत के लिए मात्र 16 पारियों में सबसे तेज एक हजार पूरे करने वाले सलामी बल्लेबाज बन गए। भारत के लिए टेस्ट में सबसे तेज एक हजार रन बनाने मात्र 14 पारियों में विनोद काम्बली ने पूरे किए हैं।



■ विकेट पतन : 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218

**भारत गेंदबाजी**

| गेंदबाज | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 13 | 2 | 51 | 0 |
| मोहम्मद सिराज | 8 | 1 | 24 | 0 |
| रवि अश्विन | 11.4 | 1 | 51 | 4 |
| कुलदीप यादव | 15 | 1 | 72 | 5 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 2 | 17 | 1 |

**इंग्लैंड गेंदबाजी**

| गेंदबाज | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जेम्स एंडरसन | 4 | 1 | 4 | 0 |
| मार्क वुड | 3 | 0 | 21 | 0 |
| टॉम हार्टली. | 12 | 0 | 46 | 0 |
| शोएब बशीर | 11 | 2 | 64 | 1 |

यशस्वी ने शुरू की 27 गेंद पर छह रन बनाने के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर के पहले ही ओवर में तीन छक्के जड़ कर गियर बदला 24 रन पर पहुंच गए। कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज मार्क वुड के दूसरे और पारी ओवर में छक्का जडने् के बाद फिर चौका जड़ा, छक्का जड़ा। टॉर्म हार्टले के तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर अपना चौथा चौका जड़ रोहित ने भारत की पारी को 50 रन के पार पहुंचाने के बाद इस ओवर का समापन भी चौके के साथ किया। यशस्वी को गियर बदलते देख कप्तान रोहित ने भी गियर बदला इससे पहले इंग्लैंड को पहली पारी में 200 के पार पहुंचाने में क्राली (79 रन, 108 गेंद, 11 चौके) और उनके सलामी जोड़ीदार बेन डकेट (27 रन, 58 गेंद, चार चौके) की 64 तथा नौवें विकेट के लिए बेन फॉक्स (24 रन, 42 गेंद, तीन चौके) और शोएब बशीर (अविजित 11 रन, 22 गेंद, 2 चौके) की नौवें विकेट की 34 रन की भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई। रांची में चौथे टेस्ट की पहली पारी में शतक जड़ने वाले जो रूट (26 रन, 56 गेंद चार चौके) का बेशकीमती विकेट भारत के बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा के हिस्से आया। भारत ने लंच और चायकाल के बीच इंग्लैंड के छह और विकेट चटका चायकाल तक पहली पारी में उसका स्कोर आठ विकेट पर 194 कर दिया। इंग्लैंड ने लंच और चायकाल के बीच छह विकेट 94 रन जोड़ कर खोए। कुलदीप यादव ने लंच के बाद अपने 11 वें ओवर में सबसे पहले जम कर खेल रहे जैक क्रॉली(79) को गुगली को ड्राइव पर मजबूर कर हवा में मात दे बोल्ड अपना लगातार तीसरा विकेट लेकर इंग्लैंड का स्कोर 38 ओवर में तीन विकेट पर 137 रन कर दिया।

## अश्विन से सीखा, नए कौशल सीखने का कोई अंत नहीं : गिल

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के 5वें और आखिरी मैच में रविचंद्रन अश्विन ने 100 टेस्ट खेलने की खास उपलब्धि अपने नाम की। इस मौके पर शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर से सीखा है कि नए कौशल सीखने का कोई अंत नहीं है। नवंबर 2011 में डेब्यू करने वाले अश्विन भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

## रविचंद्रन अश्विन बने भारत के लिए 100 क्रिकेट टेस्ट खेलने वाले 14 वें क्रिकेटर

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। 37 वर्ष के अनुभवी ऑफ स्पिनर इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में गुरुवार को सीरीज के पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में खेलने उतरने के साथ भारत के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले 14वें क्रिकेटर बन गए। इस मौके उनकी पत्नी प्रीति और दोनों बेटियां-अखिरा और आभा भी मौजूद थीं। अश्विन को चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने विशेष स्मृति चिन्ह के रूप में सौवां टेस्ट खेलने की 'कैप' उनके परिवार की मौजूदगी में भेंट की। अश्विन ने भारत के लिए मौजूदा सीरीज में अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले पांचवें क्रिकेटर देवदत्त पड्डीकल को 'टेस्ट' कैप दी और भारतीय खिलाड़ियों को संबोधित भी किया। अश्विन ने मौजूदा टेस्ट सीरीज के तीसरे टेस्ट में अपने 500 टेस्ट विकेट भी पूरे किए। भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने अश्विन से पहले सुनील गावसकर, दिलीप वेंगसरकर, कपिल देव, सचिन तेंडुलकर, अनिल कुंबले, राहुल द्रविड़, सौरभ गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, इशांत शर्मा, विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा भी भारत के लिए सौ या इससे अधिक टेस्ट मैच खेल चुके हैं।



■ चीफ कोच द्रविड़ ने स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की कैप 100 टेस्ट की कैप

अश्विन के साथ इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बैरिस्टो का यह सौवां टेस्ट मैच है। मौजूदा टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज अश्विन सौ टेस्ट विकेट चटकाने के साथ एक हजार से ज्यादा रन बनाने पहले भारतीय तथा दुनिया के चौथे क्रिकेटर बने। अश्विन भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अपने शानदार सफर का लुत्फ उठा रहे हैं। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में चौथा मौका है जब दो खिलाड़ी एक साथ अपने अपने देश के लिए अपना सौवां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। यह केवल दूसरा मौका होगा प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही टेस्ट में अपना सौवां टेस्ट मैच खेलेंगे और भारत में यह पहला मौका होगा। धर्मशाला में पांचवे टेस्ट से पहले 2011 में अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले रविचंद्रन अश्विन ने भारत के लिए 99 टेस्ट खेल कर 35 बार टेस्ट में पांच या इससे अधिक तथाआठ बार दस या इससे अधिक विकेट चटकाने के साथ कुल 507 टेस्ट विकेट चटकाए थे। अश्विन ने मौजूदा सीरीज में राजकोट टेस्ट के दौरान अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे किए। साथ अश्विन ने अब टेस्ट में पांच शतकों और 14 अर्द्धशतकों सहित कुल 3309 रन बनाए हैं। वहीं 2012 में अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले जॉनी बैरिस्टो ने धर्मशाला में सीरीज के आखिरी टेस्ट से पहले इंग्लैड के लिए अब 99 टेस्ट मैचों में 12 शतकों, 26 अर्द्धशतकों सहित कुल 5974 रन बनाए हैं और 274 कैच लपकने के साथ 14 खिलाड़ियों को स्टंप आउट भी किया है।

## संजय सिंह के नेतृत्व में कोई कुश्ती ट्रायल नहीं होगा, तदर्थ समिति देखरेख करेगी : साक्षी मलिक

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (एजेंसियां)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता महिला पहलवान साक्षी मलिक ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह को आदेश दिया है कि वह कोई राष्ट्रीय ट्रायल आयोजित नहीं करेंगे। यह फैसला पिछले साल के पूरे कुश्ती विवाद के बाद आया है, जिसके परिणामस्वरूप पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, साक्षी और अन्य प्रदर्शनकारी पहलवान एशियाई ओलंपिक खेल क्वालीफायर कुश्ती टूर्नामेंट सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के लिए चयन ट्रायल आयोजित करने के डब्ल्यूएफआई के एक परिपत्र के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में चले गए। साक्षी ने 'आईएएनएस' से विशेष बातचीत में कहा कि अदालत ने विरोध करने वाले पहलवानों के लिए कुछ अच्छी खबर दी है।



साक्षी ने कहा कि हमने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक शिकायत दर्ज की है और अदालत ने आदेश दिया है कि संजय सिंह के तहत कोई ट्रायल नहीं होगा और केवल तदर्थ समिति ट्रायल करेगी। हमारा मानना है कि न्याय के लिए हमारी लड़ाई जीतेगी और बृजभूषण शरण सिंह और उनके समर्थकों को महासंघ से पूरी तरह हटा दिया जाना चाहिए।

## राफेल नडाल इंडियन वेल्स से हटे, उनकी जगह सुमित नागल मुख्य ड्रॉ में शामिल



**इंडियन वेल्स,** 7 मार्च (एजेंसियां)। तीन बार के चैंपियन राफेल नडाल ने 2024 परिबा ओपन से यह कहते हुए नाम वापस ले लिया कि वह उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एटीपी 1000 मास्टर्स इवेंट का मुख्य ड्रॉ गुरुवार को इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में शुरू हुआ। पूर्व नंबर 1 नडाल पूर्व विश्व नंबर 3 मिलोस राओनिक के खिलाफ कोर्ट में नहीं उतरेंगे और उनकी जगह भारत के लकी लूजर सुमित नागल लेंगे, जिन्होंने अंतिम क्वालीफाइंग दौर के दौरान एक कठिन मुकाबले में दक्षिण कोरिया के सेओंग-चान होंग के सामने घुटने टेक दिए थे। यह बहुत दुख की बात है कि मुझे इस अद्भुत टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है। हर कोई जानता है कि मुझे यह जगह कितनी पसंद है और मुझे यहां इंडियन वेल्स में खेलना कितना पसंद है। यह भी एक कारण है कि मैं बहुत जल्दी आ गया ताकि अभ्यास कर सकूं और तैयार हो सकूं। नडाल ने एक बयान में कहा कि मैं कड़ी मेहनत और अभ्यास कर रहा हूं और आप सभी जानते हैं कि मैंने इस सप्ताह के अंत में एक टेस्ट दिया था, लेकिन मैं खुद को इतने महत्वपूर्ण आयोजन में उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं पाता हूं। यह एक आसान निर्णय नहीं है, यह तथ्य की बात है, लेकिन मैं खुद से झूठ नहीं बोल सकता और हजारों प्रशंसकों से झूठ नहीं बोल सकता। मैं आप सभी को याद करूंगा। 37 वर्षीय, जो इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन की अपनी आखिरी यात्रा के दौरान 2022 में फाइनल में पहुंचे थे, सीज़न के पहले सप्ताह में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद, वर्ष की अपनी दूसरी उपस्थिति बना रहे होते।

## बाई ने एशियाई खेलों, बीएटीसी की सफलता के लिए 1.12 करोड़ के नकद पुरस्कारों की घोषणा की

**नई दिल्ली**, 7 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन संघ ने एशियाई खेलों, बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप और बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में सफलता के लिए खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को 1.12 करोड़ रुपये से अधिक के नकद प्रोत्साहन की गुरुवार को घोषणा की। पिछले महीने ऐतिहासिक बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का ताज जीतने वाली महिला टीम को 35 लाख रुपए मिलेंगे, 2022 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के पुरुष युगल संयोजन को 12 लाख रुपए से सम्मानित किया जाएगा, 2022 एशियाई खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय को 5 लाख रुपए मिलेंगे, जबकि पहली बार 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली पुरुष टीम को सामूहिक रूप से 40 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी।

बाई ने 2023 बीडब्लूएफ विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी (1 लाख), बैडमिंटन एशिया जूनियर अंडर-15 लड़कों के एकल चैंपियन बोर्निल आकाश चांगमई (2 लाख), अंडर -17 लड़कियों के एकल रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा (1 लाख) और अंडर-15 लड़कों के एकल कांस्य पदक विजेता जगशेर सिंह खंगुर्रा (50,000 रुपये) को भी पुरस्कृत किया है। बाई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन उन्नति पर है और यह खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण हासिल किया गया है। बाई हमेशा खिलाड़ियों की सफलता की सराहना करने में सबसे आगे रहा है और यह नकद पुरस्कार उनके प्रयासों को स्वीकार करने और भावी पीढ़ी को बड़ी सफलता के लिए प्रोत्साहित करने का एक और तरीका है।

## सार संक्षेप

### आईपीएल 2024 के बाद रिटायर हो सकते हैं दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल करियर को समाप्त करने के लिए तैयार हैं। कार्तिक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए अपना आखिरी आईपीएल सीजन खेलेंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर भी जल्द ही अंतिम फैसला लेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज, जिन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ अपनी आईपीएल यात्रा शुरू की, उन सात खिलाड़ियों की एक प्रतिष्ठित सूची में शामिल हैं, जिन्होंने 2008 में इसकी शुरुआत के बाद से हर आईपीएल सीज़न में भाग लिया है। इस लिस्ट में एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, शिखर धवन, रिद्धिमान साहा और मनीष पांडे जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं। कार्तिक आईपीएल के अब तक हुए 16 सीजन में केवल दो मैचों को ही मिस किए हैं। वह अपने पहले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नहीं खेल पाए थे। वहीं दूसरा मैच पिछले साल यानी 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच था जिसमें वह बाहर बैठे थे। लीग के 2022 संस्करण से पहले उन्हें केकेआर द्वारा रिलीज़ किया गया था और वह आईपीएल मेगा नीलामी के लिए उपलब्ध थे। उन्हें आरसीबी ने 5.5 करोड़ रुपए में खरीदा था।

### विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप शुक्रवार को दिल्ली में शुरू होगा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली 2024 विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप (डब्ल्यूएसपीएस) 8 मार्च को शुरू होने वाला है, जिसमें 44 देशों की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी और 267 निशानेबाजों सहित कुल 449 प्रतिभागी शामिल होंगे। वेरोनिका वाडोविकोवा, इरियाना फ्रैंचेस और डेला फॉरेस्ट जैसे दुनिया भर के प्रसिद्ध चैंपियन, अवनी लखेरा, रुद्रांश खंडेलवाल, मनीष नरवाल और सिंहराज अधाना सहित भारतीय चैंपियनों की एक मजबूत टुकड़ी के साथ पैरा शूटिंग की दुनिया में वर्चस्व की एक गहन लड़ाई के लिए तैयार हो रहे हैं। नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में 81 सदस्यों के साथ भारतीय टीम सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। यह आयोजन भारत के लिए पैरा शूटिंग के क्षेत्र में अपनी बढ़ती ताकत दिखाने और खेल जगत में एक पावरहाउस के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करने के लिए एक उल्लेखनीय मंच के रूप में कार्य करता है। संयुक्त अरब अमीरात, रूस और चीन भी मजबूत टीमें उतार रहा है, जिससे प्रतिस्पर्धा कड़ी होने वाली है। विशेष रूप से, रूस न्यूट्रल पार्टिसिपेटिंग एथलीट्स (एनपीए) के बैनर तले भाग लेगा। हालांकि, रोमांचक एक्शन और भयंकर प्रतिद्वंद्विता के बीच, नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह पेरिस 2024 पैरालंपिक के लिए 20 प्रतिष्ठित कोटा स्थान प्रदान करता है।

## धोनी द्वारा हस्ताक्षरित मेरी शर्ट आज भी गर्व से मेरे घर में रखी हुई है : गावस्कर

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (एजेंसियां)। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के प्रति अपनी प्रशंसा साझा की और पिछले साल के आईपीएल के दौरान प्रतिष्ठित क्रिकेटर द्वारा हस्ताक्षरित शर्ट के मालिक होने पर गर्व व्यक्त किया। धोनी के प्रति अपने पुराने प्रशंसक रूप को दर्शाते हुए, गावस्कर ने एमएसडी से मिलने और हस्ताक्षरित स्मृति चिन्ह को एक बेशकीमती संपत्ति के रूप में संजोने के यादगार अनुभव को याद किया। गावस्कर ने कहा कि वह हमेशा धोनी के प्रशंसक रहे हैं और मैदान पर और बाहर उनके खेलने की शैली, उनके रवैये और व्यवहार की प्रशंसा करते हैं। गावस्कर ने आईपीएल



2024 से पहले स्टार स्पोर्ट्स सआईपीएलऑनस्टार इवेंट में कहा कि जब मैंने एमएसडी को पहली बार खेलते देखा, तब से मैं उनका प्रशंसक हूं। और एक प्रशंसक क्या चाहता है? प्रशंसक अपने नायक से मिलना चाहता है और उसके साथ बातचीत करना चाहता है, उसका ऑटोग्राफ लेने की कोशिश करना चाहता है, एक तस्वीर भी लेना चाहता है। कुल मिलाकर टीम स्टेडियम (चेपॉक) के चारों ओर चक्कर लगा रही थी क्योंकि उन्हें नॉकआउट मैचों के लिए कहीं और जाना था, इसलिए मैंने सोचा कि यह उनका ऑटोग्राफ लेने का अच्छा समय है, क्योंकि मैं उनकी बहुत प्रशंसा करता हूं। मैं उनके क्रिकेट, उनके रवैये, उनके व्यवहार की प्रशंसा करता हूं।

मैदान के अंदर और बाहर धोनी के अनुकरणीय आचरण पर प्रकाश डालते हुए, गावस्कर ने खेल में रोल मॉडल के महत्व पर जोर दिया और धोनी की शालीनता और ईमानदारी की सराहना की और खुलासा किया कि वह अभी भी गर्व से एक शर्ट रखते हैं जिस पर आईपीएल 2023 के दौरान सीएसके कप्तान द्वारा हस्ताक्षर किया गया था।

## मैन सिटी ने एफसी कोपेनहेगन पर 6-2 की कुल जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया

**मैनचेस्टर,** 7 मार्च (एजेंसियां)। गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने एतिहाद स्टेडियम में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से आसानी से हराकर लगातार सातवें सीजन में यूईएफए चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बुधवार रात की जीत में पेप गार्डियोला के मौजूदा यूरोपीय चैंपियन ने पिछले महीने डेनिश राजधानी में 3-1 की जीत के बाद 6-2 के कुल स्कोर से सफलता हासिल की।

सिटी ने चैंपियंस लीग में अपने पिछले 10 मैच जीते हैं और यह आंकड़ा हासिल करने वाली वह पहली इंग्लिश टीम बन गई है।

सिटी को तीन हफ्ते पहले डेनमार्क में अर्जित की गई कुल बढ़त को बढ़ाने में ज्यादा समय नहीं



लगा, सेंटर-बैक मैनुअल अकांजी ने जूलियन अल्वारेज़ के कार्नर को केवल पांच मिनट के बाद शीर्ष कोने में सटीक वॉली के साथ पूरा किया। अल्वारेज़ तब स्वयं गोल करने वालों में से थे, उन्होंने बॉक्स के बाहर से एक कर्लिंग स्ट्राइक कोपेनहेगन के गोलकीपर कामिल ग्रेबारा की पकड़ से परे और नेट में डाल दी।

दर्शकों को आधे घंटे के करीब उत्साहित होने का मौका मिला, जब मोहम्मद एल्युनोसी ने ओर्री ओस्करसन के अद्भुत बैक-हील पर दौड़ लगाई और अपनी टीम को आशा की किरण देने वाला गोल किया।

कोपेनहेगन ने पहले हाफ में खतरनाक एर्लिंग हालैंड को रोकने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया , लेकिन ब्रेक से ठीक पहले नॉर्वेजियन फारवर्ड ने एक शक्तिशाली फिनिश के साथ इस सीज़न के टूर्नामेंट में अपना छठा गोल दर्ज किया।

अन्य मैचों में, रियल मैड्रिड ने विनी जूनियर के एक गोल के साथ लीपज़िग के खिलाफ ड्रा खेला और अपनी पहले चरण की जीत के सौजन्य से प्रगति की और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## भारत की पुरुष हॉकी टीम 2024 के पेरिस ओलंपिक में पूल बी में बेल्जियम के साथ

**नई दिल्ली,** 7 मार्च (देशबन्धु)। 2020 के टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारतीय पुरुष हॉकी को 27 जुलाई से 9 अगस्त तक पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेलों की हॉकी स्पर्द्धा में पूल बी में मौजूदा चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ रखा गया है। पुरुष वर्ग में पूल में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस की टीमें हैं। ओलंपिक के लिए दोनों हॉकी पूल की घोषणा टीमों की 21 जनवरी, 2024 की रैंकिंग के आधार पर की गई। पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष और महिला हॉकी टीमों के पूल और कार्यक्रम की घोषणा एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराब और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष टॉमस बाख ने लुसाने (स्विटजलैंड) में बुधवार को संयुक्त रूप से की। हॉकी में पुरुषों का फाइनल और तीसरे स्थान का मैच 8 अगस्त को महिला वर्ग का फाइनल और तीसरे स्थान का मैच 9 अगस्त को खेला जाएगा। पेरिस ओलंपिक में पुरुष और महिला हॉकी टीमों के पूल चरण के मैच 3 अगस्त तक चलेंगे और 4 अगस्त को नॉकआउट मैच शुरू हो जाएंगे। पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष और महिला वर्ग में 12-12 टीमें शिरकत करेंगी। 2020 के पेरिस ओलंपिक में बहुत करीब से कांसे से चूक चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला हॉकी टीम 2024 के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाई और इसी के चलते मजबूरन उसकी डच चीफ कोच यांकी शॉपमैन को अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। पेरिस ओलंपिक में महिला हॉकी पूल ए में मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड, बेल्जियम, जर्मनी, जापान, चीन और फ्रांस की टीमें हैं जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्रिटेन, स्पेन, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका की टीमों को जगल मिली है।

भारत की पुरुष हॉकी टीम अपना अभियान न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से करेगी



भारत की पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक 2024 में पूल बी में अपने अभियान का आगाज न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 जुलाई को भारतीय समयानुसार रात नौ बजे मैच खेल कर करेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम29 जुलाई को अर्जेंटीना से, 20 जुलाई को आयरलैंड से, 1 अगस्त को बेल्जियम से तथा 2 अगस्त को अपने आखिरी पूल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। पुरुष वर्ग में पूल ए और पूल बी से शीर्ष चार चार टीमें क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचेगी। पुरुष वर्ग के चारों क्वॉर्टर फाइनल 4 अगस्त को खेले जाएंगे। पहले क्वॉर्टर में पूल ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम पूल बी में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से, दूसरे क्वॉर्टर फाइनल में पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से, तीसरे क्वॉर्टर फाइनल में पूल में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल बी में तीसरे स्थान पर वाली टीम से तथा चौथे और आखिरी क्वॉर्टर फाइनल में पूल बी में शीर्ष पर रहने वाली टीम पूल ए में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। दोनों सेमीफाइनल 6 अगस्त को खेले जाएंगे जबकि फाइनल यानी स्वर्ण पदक का मैच और तीसरे व कांसे के लिए मैच 8 अगस्त को खेला जाएगा।